✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात



हिमाचल प्रदेश में बाढ़ व लैंडस्लाइड से प्रभावित लोगों से बात करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 105 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, बुधवार, 10 सितंबर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट की बैठक में 25 एजेंडों पर लगी मुहर

# 8053 ग्राम पंचायतों में बनेगा विवाह मंडप, सेविका-सहायिका के मानदेय में बढ़ोतरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित बिहार कैबिनेट की बैठक में 25 एजेंडों पर मुहर लगी। इस बैठक में आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका को लेकर बड़ा फैसला लिया गया। आंगनबाड़ी सेविका का मानदेय 7000 से 9000 और सहायिका का 4000 से 4500 रुपए बढ़ाने की कैबिनेट में स्वीकृति मिली है। इसके लिए 345 करोड़ 19 लाख 20 हजार की राशि भी स्वीकृत हुई है। सीएम ने सोमवार को ही इसकी घोषणा की थी। छह शहरों में बनेगा एलपीजी शवदाह गृह कोयंबटूर स्थित ईशा फाउंडेशन को छह शहरों पटना, गयाजी, छपरा, सहरसा, भागलपुर और बेगूसराय में गैस (एलपीजी) आधारित शवदाह गृह की स्थापना एवं संचालन के लिए इन शहरों में एक-एक एकड़ भूमि एक रुपये के टोकन पर इस फाउंडेशन को लीज पर दी गई है। नगर निगम स्तर पर योजना प्रभाग के गठन की मंजूरी दी गई है। इसके अंतर्गत सहायक नगरपालिका योजना पदाधिकारी का पद सृजित किया गया है। नगरपालिकाओं को सौंपे गए दायित्वों एवं कार्यों के निर्वहन में सुगमता के उद्देश्य से इन पदों पर नियमित नियुक्ति जरूरी है। नगर निकायों में लंबित मामलों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसके मद्देनजर नगरपालिका विधि सेवा नियमावली, 2025 की स्वीकृति प्रदान की गई है।

### पटना में बनेगा जीविका का मुख्यालय

इसके अलावा कैबिनेट में अन्य कई महत्वपूर्ण निर्णयों पर भी सहमति बनी है। इसके तहत बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति (जीविका) के राज्य स्तरीय कार्यालय यानी जीविका मुख्यालय का निर्माण पटना में करने के लिए 73 करोड़ 66 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। नगर विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत लोक उदेश्य के कार्यों तथा विभिन्न तरह की आधारभूत संरचना मसलन नाला, सड़क, प्रशासनिक भवन, सम्राट अशोक भवन, मोक्षधाम या शवदाह गृह, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत कंपोस्ट प्लांट, तरल अपशिष्ट प्रबंधन के लिए सीवरेज या सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट समेत अन्य के निर्माण के लिए आवश्यक भूमि उपलब्ध कराई जाएगी। इससे शहरों का सौंदर्यीकरण, आधारभूत संरचना का निर्माण एवं नागरिक सुविधा का विकास हो सकेगा।

### मुख्यमंत्री फेलोशिप योजना को मिली स्वीकृति

मंत्रिपरिषद की बैठक में मुख्यमंत्री फ़ेलोशिप योजना की स्वीकृति दी गई है। इसके लिए 121 फ़ेलो का चयन करने और दो वर्ष के लिए इस योजना के संचालन पर 31 करोड़ 85 लाख 88 हजार 900 रुपये की स्वीकृति दी गई है। इसके तहत चयनित विशेषज्ञों को



बोधगया स्थित आईआईएम से अनुबंध किया गया है। चयनित फ़ेलो को प्रति महीने एक निश्चित राशि 1.50 लाख, 1.25 लाख, 1 लाख और 80 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय के तौर पर दी जाएगी। इन्हें अलग-अलग विभागों में रखा जाएगा। मुख्यमंत्री सचिवालय में 4 पद, डिप्टी सीएम कार्यालय में 2, मुख्य सचिव कार्यालय एवं विकास आयुक्त कार्यालय में 2-2 पद के अलावा अन्य विभागों में एक-एक पद और प्रमंडलीय आयुक्त, जिलाधिकारी और नगरपालिका आयुक्त कार्यालय में भी एक पद रखा गया है।

### 8053 ग्राम पंचायतों में बनेगा विवाह मंडप

मुख्यमंत्री कन्या विवाह मंडप योजना के तहत राज्य के सभी 8053 ग्राम पंचायत में चरणबद्ध तरीके से विवाह मंडप का निर्माण कराने के लिए बिहार आकस्मिकता निधि से 50 करोड़ रुपए देने की स्वीकृति दी है। यह नई योजना है, इस वजह से आकस्मिक निधि से अग्रिम राशि मंजूर की गई है। मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के तहत निर्धारित लक्ष्य को समय पर पूर्ण करने के लिए 100 करोड़ की स्वीकृति दी गई है। यह राशि राज्य योजना मद में बिहार आकस्मिक निधि से जारी की गई है।

### गांव में लगेगी सोलर स्ट्रीट लाइट

पंचायती राज विभाग अंतर्गत क्षेत्रीय कार्यालय और मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल निश्चय योजना के बकाया विद्युत विपत्रों के भुगतान के लिए बिहार आकस्मिकता निधि से 5 अरब 94 करोड़ 56 लाख रुपए देने का निर्देश दिया। वित्तीय वर्ष 2025-26 में मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के तहत बिहार आकस्मिकता निधि से एक अरब रुपए की राशि की स्वीकृति दी है।

### राज्य के थानों में लगेगा सीसीटीवी

कैबिनेट में कारा एवं सुधार सेवाएं फार्मासिस्ट संवर्ग नियमावली 2025 के गठन की स्वीकृति दी गयी है। राज्य के 176 नए थानों में सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए 280 करोड़ 60 लाख 79716 रुपए की स्वीकृति मिली है।

### उदेरास्थान वीयर योजना का होगा विकास

जहानाबाद जिला अंतर्गत सिंचाई प्रमंडल उदेरास्थान के अधीन उदेरास्थान बराज के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। इससे संबंधित चल रहे मुकदमा का निपटारा होने के बाद इसके निर्माण के लिए 651 करोड़ 13 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। इसके लिए संवेदक के साथ समझौता हो गया है। बराज का निर्माण के साथ पहले से निर्मित उदेरास्थान वीयर योजना की नहर प्रणालियों का आधुनिकीकरण कार्य कराया जाएगा।

### 3303 राजस्व कर्मचारियों के पदों का होगा सृजन

राज्य के सरकारी कर्मचारियों को अनुमान्य यात्रा भत्ता के वर्तमान दरों एवं यात्रा अनुमान्यता में संशोधन की स्वीकृति मिली है। आपदाओं से पीड़ित को राहत दिए जाने के लिए राज्य सरकार द्वारा आकस्मिकता निधि को 26 मार्च 2026 तक के लिए अस्थाई रूप से बढ़कर 31689.50 करोड़ कर दी है। कैबिनेट में राजस्व **(शेष पृष्ठ 10 पर)**

## संक्षिप्त समाचार

### भाई ने बहन को मारी गोली, मौत

**पूर्णिया(नबिटा ब्यूरो)।** मधुबनी थाना क्षेत्र के मधुबनी बाजार में सोमवार देर रात एक लड़की की गोली मारकर हत्या कर दी गई। लड़की को 3 गोली मारी गई है। लड़की की पहचान 27 साल की छोटी कुमारी केसरी के रूप में हुई है। गोली लगने के बाद परिवार लड़की को लेकर पूर्णिया पहुंचा जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार प्रेम प्रसंग में ये हत्या की गई है। लड़की के भाई ने ही गोली मारकर हत्या की है। बहन का अफ़ेयर चल रहा था, जिसका भाई विरोध करता था।

### किशनगंज में भारत-नेपाल बॉर्डर सील

**किशनगंज (नबिटा ब्यूरो)।** नेपाल के भद्रपुर नगरपालिका में आंदोलनकारियों की आगजनी के बाद किशनगंज में भारत-नेपाल सीमा को सील कर दिया गया है। गलगलिया थाना क्षेत्र से तीन किलोमीटर दूर भद्रपुर में हिंसक प्रदर्शनों के कारण सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। एसपी सागर कुमार स्वयं स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने सीमावर्ती थानों के थानाध्यक्षों को विशेष निर्देश दिए हैं। भारत-नेपाल और भारत-बांग्लादेश सीमा मार्गों पर चौकसी बढ़ाई गई है। चेक पोस्टों पर सभी गाड़ियों की जांच की जा रही है।

### हथियार साफ करते समय चली गोली

**जहानाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** परस विगहा थाना क्षेत्र के लच्छु बीघा गांव निवासी बिजली मिस्त्री मनोज कुमार गोली लगने से घायल हो गए। मनोज एक घर में बिजली का काम कर रहे थे। घर के मालिक संतोष कुमार हथियार की सफाई कर रहे थे। इसी दौरान अचानक हथियार से गोली चल गई। गोली मनोज कुमार के सीने में लग गई। घटना के बाद घर में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने घायल मनोज को सदर अस्पताल में भर्ती कराया है।

### दारोगा निलंबित

**मसौढ़ी(नबिटा संवाददाता)।** रिश्वत मांगने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद धनरूआ थाना में पदस्थापित दारोगा प्रवेश कुमार को तत्काल निलंबित कर दिया गया है। सिटी पूर्वी एसपी परिचय कुमार ने यह कार्रवाई की है। वीडियो में दावा किया गया है कि धनरुआ थाना के सब इंस्पेक्टर प्रवेश कुमार ने एक केस में नाम हटाने के बदले महिला दुकानदार से 30 हजार रुपए की रिश्वत मांगी। वीडियो के मुताबिक सब इंस्पेक्टर सुपरविजन के बहाने बांसबिगहा गांव स्थित किराना दुकान पर पहुंचा और नाम हटाने के लिए 30 हजार रुपए की डिमांड की थी जबकि महिला हाथ जोड़कर कहती रही कि साहब गरीब लोग हैं, झूठे केस में इसे फंसाया गया है, दया करिए।

# रिश्वत लेते सीओ व एसआइ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय/मधेपुरा।** बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ निगरानी विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो जिलों में अधिकारियों को रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। बेगूसराय के डंडारी अंचल अधिकारी (सीओ) राजीव कुमार और मधेपुरा के मिठाही पुलिस शिविर प्रभारी मितेंद्र प्रसाद मंडल (एसआइ) को रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया है। बेगूसराय में डंडारी अंचल में पदस्थापित अंचल अधिकारी राजीव कुमार को निगरानी विभाग की टीम ने रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई विनय कुमार चौरसिया नामक व्यक्ति की शिकायत पर की गई। इसमें सीओ पर सरकारी काम के बदले दो लाख रुपये की रिश्वत मांगने का आरोप था। विनय कुमार चौरसिया ने




निगरानी विभाग को शिकायत संख्या 625/825 के तहत आवेदन दिया था। सत्यापन के बाद निगरानी विभाग की विशेष टीम ने जाल बिछाकर डंडारी अंचल कार्यालय में छापेमारी की और राजीव कुमार को रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया। साथ ही उनके दो सहयोगी डाटा ऑपरेटर कर्मियों को भी हिरासत में लिया है। निगरानी विभाग के अधिकारियों के अनुसार पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और पूरे मामले की गहन जांच जारी है। यह कार्रवाई जिला प्रशासन और निगरानी विभाग द्वारा भ्रष्टाचार पर शिकंजा कसने के प्रयासों का हिस्सा है। अधिकारियों ने संकेत दिया है कि आने वाले दिनों में भ्रष्टाचार से जुड़े अन्य मामलों पर भी कार्रवाई की जाएगी। उधर, मधेपुरा जिले के मिठाही पुलिस शिविर प्रभारी मितेंद्र प्रसाद मंडल को भी निगरानी विभाग की टीम ने रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई मंगलवार सुबह की गई, जिसमें मंडल को उनके कार्यालय से ही पकड़ा गया। उन्हें गिरफ्तार कर सहरसा ले जाया गया जहां पूछताछ की गई। मामले में शिकायतकर्ता वकील कुमार यादव ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर चल रहे केस में मितेंद्र मंडल बार-बार पैसे की मांग कर रहा था। एक साल से परेशान होकर अंततः उन्होंने पटना स्थित निगरानी विभाग में शिकायत दर्ज कराई। सत्यापन के बाद 20 हजार रुपये रिश्वत लेते मंडल को टीम ने धर दबोचा।

# सीपी राधाकृष्णन होंगे देश के अगले उपराष्ट्रपति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** भारत को नया उपराष्ट्रपति मिल गया है। मंगलवार को हुए चुनाव में सत्तारूढ़ गठबंधन एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन ने जीत हासिल की है। वह भारत के अगले उपराष्ट्रपति बनने जा रहे हैं। उन्होंने विपक्षी गठबंधन इंडिया के साझा उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी को हराया है। जगदीप धनखड़ के अचानक इस्तीफा देने के बाद उपराष्ट्रपति का चुनाव कराया गया था, जिसमें भाजपा की पहली पसंद चंद्रपुरम पोन्नुसामी राधाकृष्णन थे। राधाकृष्णन को 452 वोट मिले। वहीं, विपक्ष के प्रत्याशी बी सुदर्शन रेड्डी को 300 वोट हासिल हुए। राधाकृष्णन युवावस्था से ही आरएसएस और जनसंघ से जुड़ गए थे। वह 1990



के दशक के अंत में कोयंबटूर से दो बार लोकसभा चुनाव जीते और उनके समर्थक उन्हें 'तमिलनाडु का मोदी' के नाम से भी संबोधित करते हैं। राधाकृष्णन 1998 और 1999 में दो बार जीत के बाद तमिलनाडु के कोयंबटूर से लगातार तीन लोकसभा चुनाव हार गए थे।

# गृह मंत्री अमित शाह 18 और 27 सितंबर को पटना आएंगे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** देश के गृह मंत्री और भाजपा के रणनीतिकार अमित शाह अब बिहार के विधानसभा चुनाव को लेकर पूरी तरह सक्रिय हो गए हैं। श्री शाह सितंबर महीने में दो बार बिहार दौरे पर आएंगे जहां वे एनडीए की चुनावी तैयारियों की समीक्षा करने के साथ रणनीति तय करेंगे। उनके इस दौरे को लेकर राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। गृह मंत्री अमित शाह 18 और 27 सितंबर को पटना आएंगे। दोनों दौरों के दौरान वे एनडीए के प्रमुख नेताओं से मुलाकात कर विधानसभा चुनाव की रणनीति तय करेंगे। भाजपा ने चुनाव की दृष्टि से बिहार को पांच जोनों में बांटा है और श्री शाह इन पांचों जोनों की अलग-अलग बैठक करेंगे। एनडीए के भीतर सीट बंटवारे को लेकर चल रहे विवाद



को सुलझाने की कोशिश भी अमित शाह करेंगे। भाजपा नेताओं से उन्होंने पहले ही दिल्ली में फीडबैक लिया है और अब सहयोगी दलों के साथ सीट शेयरिंग को अंतिम रूप देने की दिशा में बातचीत करेंगे। हर दल की अपेक्षाओं पर मंथन किया जाएगा। अमित शाह का यह दौरा आचार संहिता लागू होने से पहले हो रहा है ताकि समय रहते सभी रणनीति को अंतिम रूप दिया जा सके।

# उपलब्ध वैकेंसी के आधार पर होगी बहाली : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग की चौथे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा (टीआरइ-4) को लेकर उठे विवाद और अभ्यर्थियों के प्रदर्शन के बीच शिक्षा मंत्री सुनील कुमार का बयान सामने आया है। उन्होंने साफ किया कि सरकार ने कभी पदों को छुपाने या भर्ती प्रक्रिया को रोकने की मंशा नहीं बनाई है। जो वैकेंसी उपलब्ध है, उसी के आधार पर बहाली की जाएगी और आगे का चरण (टीआरइ-5) इसके बाद ही आयोजित होगा। शिक्षा मंत्री ने बताया कि बीपीएससी के माध्यम से अब तक करीब ढाई लाख शिक्षकों की नियुक्ति की जा चुकी है। इनमें से 33 हजार नियुक्तियां प्रधान शिक्षकों की हैं, जो संख्या के लिहाज से पूरे देश में सबसे ज्यादा



है। मंत्री के मुताबिक टीआरई-4 के जरिए 26 हजार से अधिक नए पदों पर भर्ती की जा रही है और विशेष शिक्षकों की नियुक्ति का भी प्रस्ताव भेजा गया है। सुनील कुमार ने कहा कि कुछ अभ्यर्थियों में यह भ्रम है कि पद घटा दिए गए हैं लेकिन सच यह है कि भर्ती चरणबद्ध तरीके से हो रही है। उन्होंने कहा कि टीआरई-4 की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही टीआरई-5 का आयोजन होगा। फिलहाल जितने पद हैं उसी आधार पर परीक्षा हो रही है। सरकार सभी मांगों पर गंभीर है और उन्हें पूरा करने की दिशा में काम कर रही है। मंत्री ने एक बार फिर स्पष्ट किया कि बीपीएससी टीआरई-4 की परीक्षा 16 से 19 दिसंबर 2025 के बीच होगी। इसका परिणाम 20 से 24 जनवरी 2026 तक जारी कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार और आयोग, दोनों ही इस प्रक्रिया को पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। शिक्षा मंत्री ने प्रदर्शन और पुलिस-झड़प पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सरकार अभ्यर्थियों की नाराजगी को समझती है लेकिन अराजकता किसी समस्या का समाधान नहीं है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सभी वैकेंसी का समुचित उपयोग किया जाएगा और योग्य अभ्यर्थियों को अवसर मिलेगा।

### प्रधानमंत्री 17 सितंबर को 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' का करेंगे शुभारंभ

**नयी दिल्ली (नबिटा ब्यूरो)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 17 सितंबर को 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' का शुभारंभ करेंगे। केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बताया कि इसी दिन से आठवें राष्ट्रीय पोषण माह की भी शुरुआत की जा रही है जो 16 अक्टूबर 2025 तक चलेगा। उन्होंने समस्त देशवासियों से आग्रह किया कि वह अपने-अपने क्षेत्रों में इस जागरूकता अभियान का हिस्सा अवश्य बनें। मंत्री ने बताया कि अभियान के तहत मोटापा घटाने पर जोर देते हुए चीनी और तेल का सीमित सेवन, प्रारंभिक बचपन की देखभाल एवं शिक्षा के साथ पोषण भी, शिशु एवं छोटे बच्चों की आहार पद्धतियां, पोषण और बच्चों की देखभाल में पुरुषों की भागीदारी एवं स्थानीय पौष्टिक खाद्य संसाधनों को बढ़ावा आदि पर लोगों को जागरूक किया जायेगा। इसके साथ-साथ, देशभर में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में आवेदन हेतु विशेष पंजीकरण मुहिम तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर, सीएचसी आदि में 75 हजार हेल्थ कैंप आयोजित किए जाएंगे, जहां विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

# आज भी ताजा है राजधानी एक्सप्रेस हादसे का खौफनाक मंजर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पूर्व मध्य रेल के रफीगंज रेलवे स्टेशन पर आज से 23 साल पूर्व हुई राजधानी एक्सप्रेस हादसे की याद आज भी ताजा है। जिन्होंने यह मंजर देखा या भोगा था वह इसे जिंदगी भर भूल नहीं सकता। उस दिन आम दिनों की तरह रात में थोड़ा वीरान होने लगा था। 2301 अप हावड़ा-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस पश्चिमी केबिन से धड़धड़ाती हुई आगे बढ़ी। कुछ ही मिनटों के बाद खाना खाने के बाद सोने की तैयारी कर रहे यात्रियों को एक जोरदार झटका लगा और पलक झपकते 133 यात्रियों को लाशें बिछ गई। 9 सितंबर 2002 को रात 10:45 पर ट्रेन धावा नदी पुल पर पहुंची, जोर का झटका लगा और ट्रेन की एक दर्जन बोगियां गत्ते के डिब्बों की तरह एक दूसरे पर गिरती नदी में जा गिरी। नदी में ज्यादा पानी नहीं था इसलिए मृतकों की संख्या में इजाफा नहीं हुआ लेकिन इस हादसे में 133 जिंदगियों को एक झटके में समाप्त कर दिया। आज भी रफीगंज के लोग और रेलवे के अधिकारी 9 सितंबर की उस काली रात और इस हादसे में जान गंवाने वाले लोगों की स्मृति में हर साल मध्य रात्रि रेल पटरियों पर मोमबत्तियां जलाकर मृतकों को अपनी श्रद्धांजलि देते हैं। इस हादसे के बाद इस बात पर अच्छी खासी बहस छिड़ गई थी कि आखिर हादसे की वजह क्या है? तत्कालीन राज्य सरकार ने धावा नदी पर बने ब्रिटिश कालीन पुल के ध्वस्त होने को इस हादसे का कारण बताया था जबकि तत्कालीन रेलवे ने इस घटना के पीछे आतंकियों की तोड़-फोड़ की कार्यवाही को कारण बताया था। इस मामले में दोनों पक्षों की ओर से दो प्राथमिकी दर्ज की गई लेकिन राजनीतिक



पेंच की वजह से कभी यह साफ नहीं हो पाया कि हादसे की वजह क्या थी। बाद में बिहार पुलिस ने भी इसे आतंकियों की तोड़-फोड़ की कार्यवाही माना था लेकिन तब तक नेतृत्व परिवर्तन हो चुका था। इस हादसे में कम से कम 100 लोग घायल भी हुए थे। आज भी इस हादसे के बारे में कहा जाता है कि यह भारत के सबसे बड़े रेल हादसों में से एक रहा है। इसके पहले 6 जून 1981 को मानसी सहरसा के बीच बदला घाट के पास एक सवारी ट्रेन बागमती नदी में गिर गई थी जिसमें 200 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी।

### औरंगाबाद ने दिखाई थी मानवता की मिसाल

इस रेल हादसे को कवर कर रहे वरिष्ठ पत्रकार प्रेमेंद्र मित्र को आज भी यह मंजर पूरी तरह याद है। वे बताते हैं कि उन्हें रात 12:15 बजे मुगलसराय जंक्शन से इस हादसे की सूचना मिली थी। इसके बाद वे रफीगंज के तत्कालीन विधायक सुशील कुमार सिंह जो अब औरंगाबाद के पूर्व सांसद हैं, के साथ घटनास्थल पर पहुंचे थे। वहां का मंजर देख कर किसी का भी कलेजा मुंह को आ जाता। ट्रेन की 12 बोगियां एक के ऊपर एक उल्टी पड़ी थी। दो बोगियां हवा में लटक रही थी। बोगियां आपस में इस कदर गुंथ गई थी कि उन्हें गिनना भी मुश्किल हो रहा था। तत्कालीन पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार झा के नेतृत्व में प्रशिक्षु सिपाहियों की टुकडी राहत कार्य में लगी थी। सुशील कुमार सिंह के नेतृत्व में स्थानीय लोग भी वहां जुटने लगे और ट्रेन की खिड़कियां तोड़ कर घायलों और मृतकों को गाड़ी से बाहर निकाला। जिन लोगों को मेडिकल सपोर्ट की जरूरत थी उन्हें तत्काल उपलब्ध कराया गया और मृतकों तथा घायलों के सामान पूरी तरह सुरक्षित रखे गए। हजारों की भीड़ मदद के लिहाज़ से जमा हो गई थी और किसी भी यात्री का एक बटुआ तक गायब नहीं हुआ। यह मानवता के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों से लिखी जाने वाली घटना है। घटना के तुरंत बाद तत्कालीन रेल मंत्री नीतीश कुमार और वहां पहुंचे थे और राहत और बचाव कार्य की निगरानी स्वयं की थी। दूसरी ओर लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी भी घटनास्थल पर तत्काल पहुंचे थे और उनके स्तर से भी लोगों को मदद पहुंचाई गई थी।

# सहकारी बैंक प्रणाली को किया जा रहा और सशक्त : डॉ प्रेम कुमार

## बिहार स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक और एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के बीच हुआ समझौता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड और एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के बीच मंगलवार को एक औपचारिक एग्रीमेंट हुआ। इस साझेदारी के तहत अब बैंक के ग्राहक बैंकिंग सेवाओं के साथ-साथ स्वास्थ्य, दुर्घटना, कृषि और अन्य सामान्य बीमा योजनाओं का लाभ एक ही छत के नीचे उठा सकेंगे। पटना में आयोजित इस कार्यक्रम में सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि यह पहल सहकारी बैंकिंग प्रणाली की साख को और मजबूत करेगी। किसानों, छोटे व्यापारियों और आम नागरिकों को अब बैंक शाखा पर ही बीमा सेवाएं सहज और पारदर्शी तरीके से मिलेंगी। उन्होंने कहा कि यह कदम ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को वित्तीय सुरक्षा की नई राह दिखाएगा और समाज के अंतिम व्यक्ति तक बीमा सुविधाएं पहुंचाने में सहायक होगा। बिहार स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक की यह पहल ग्राहकों को 'सुरक्षा कवच' प्रदान करने के साथ-साथ बैंक और ग्राहक के बीच विश्वास व संबंधों को और मजबूत बनाएगी। बैंक लंबे समय से किसानों, कर्मचारियों, छोटे व्यवसायियों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए काम कर रहा है। एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के साथ यह साझेदारी इस दिशा में एक ऐतिहासिक कदम मानी जा रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता बैंक के अध्यक्ष रमेश चंद्र चौबे ने की। इस अवसर पर सहकारिता विभाग के सचिव धर्मेंद्र सिंह, निबंधक सहयोग समितियां अंशुल अग्रवाल, बैंक के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार सिंह, एसबीआई जनरल इंश्योरेंस की कार्यकारी उपाध्यक्ष एवं बिजनेस हेड प्रिया कुमार और हेड-रूरल, एग्रीकल्चर एंड माइक्रो इंश्योरेंस पियूष कुमार सिंह सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। इसके साथ ही गोपालगंज, पाटलिपुत्रा और वैशाली जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों के अध्यक्ष भी कार्यक्रम में शामिल हुए। यह समझौता आने वाले समय में लाखों ग्राहकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की उम्मीद जगाता है। बैंक और बीमा कंपनी का लक्ष्य है कि हर वर्ग को वित्तीय सुरक्षा और सामाजिक-आर्थिक मजबूती प्रदान की जा सके।

## संपति कर में छूट को मंजूरी देने के लिए मंत्री प्रेम कुमार ने दी सीएम को बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मंगलवार को हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में नगर विकास एवं आवास विभाग की कई योजनाओं को स्वीकृति दी गई जिनमें प्रमुख योजनाओं को स्वीकृति दी गई उनमें बिहार नगरपालिका सम्पत्ति कर (निर्धारण, संग्रहण और वसूली) नियमावली 2013 के नियम 4 में संशोधन प्रमुख है। इस संशोधन के बाद राज्य के नगर निकायों को व्यवसायियों एवं दुकानदारों को संपति कर में काफी राहत मिलेगी। बिहार नगरपालिका संपत्ति कर (निर्धारण, संग्रहण और वसूली) नियमावली 2013 के नियम 4 में संशोधन के तहत गैर-आवासीय संपत्ति कर के गुणक में छूट दी गई है। राज्य के सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि संपत्ति कर 2013 से प्रभावी था जिसे 2023 में तेजस्वी यादव के समय में 3 गुणा किया गया। उन्होंने प्रसन्नता जताई कि मुख्यमंत्री एवं नगर विकास मंत्री जीवेश मिश्रा के प्रयास से कई संपत्तियों पर इस दर को तर्कसंगत करते हुये आधा तक कर दिया। मंत्री ने संपत्ति कर के गुणक में कमी लाने के लिए पूरे मगधवासियों की ओर से उपमुख्यमंत्री को भी धन्यवाद दिया।

## बीस वर्षों में बिहार ने लगायी ऐतिहासिक छलांग : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि बीते 20 वर्षों में बिहार ने जो ऐतिहासिक छलांग लगाई है, वह केवल सरकार की नहीं, बल्कि हर बिहारवासी की मेहनत और विश्वास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि 2024-25 में बिहार की विकास दर 8.64% है, जो कई राज्यों से अधिक है। राज्य की अर्थव्यवस्था एक वर्ष में 4.89 लाख करोड़ से बढ़कर 5.31 लाख करोड़ रुपये हो गई है और जीडीपी जल्द ही 10 लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने जा रही है, लेकिन यह सिर्फ आंकड़ों तक सीमित नहीं है - आज यह बिहार की माताएं, बहनें, किसान, व्यापारी, उद्यमी, युवा महसूस कर रहे हैं जिन्होंने बिहार को नई उड़ान दी है। उन्होंने कहा कि बिहार अब केवल कृषि आधारित राज्य नहीं रहा। निर्माण और मैन्युफैक्चरिंग में 11%, सेवा क्षेत्र में 8.9% तथा परिवहन व संचार में 13% वृद्धि हुई है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि 'बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज 2025' के तहत यदि कोई उद्योग 100 करोड़ से अधिक निवेश करता है और 1,000 से अधिक सीधे रोजगार सृजित करता है तो उसे 10 एकड़ जमीन मुफ्त दी जाएगी।

## उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक का 1 लाख करोड़ का ग्रॉस लोन बुक पाने का रोडमैप तैयार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक (उज्जीवन एसएफबी) ने वित्त वर्ष 2030 तक 1 लाख करोड़ रूपए की ग्रॉस लोन बुक हासिल करने के लिए अपनी रणनीतिक योजना तैयार की है। बैंक की यह योजना 2017 में स्मॉल फाइनेंस बैंक के रूप में परिचालन शुरू करने के बाद से हुई प्रगति पर आधारित है। बैंक का यह विकास लायबिलिटी फ्रेंचाइजी के निरंतर विस्तार, एसेट प्रोडक्ट सूट की पहुंच को गहरा करने और लागत-अनुकूल परिचालन के निर्माण पर केंद्रित है जिससे उच्च और स्थायी लाभप्रदता मिल सके। उज्जीवन अपने लोन पोर्टफोलियो में धीरे-धीरे विविधता लाया है जहां वित्त वर्ष 2019 में सिक्योर्ड लेंडिंग 16% थी, वहीं वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही तक यह बढ़कर 46% हो गई है। बैंक का लक्ष्य किफायती आवास, माइक्रो मॉर्गेज, एमएसएमई लेंडिंग, वाहन वित्त, गोल्ड लोन और कृषि ऋणों में वृद्धि के साथ अपने सिक्योर्ड लोन बुक की हिस्सेदारी को लगभग 65%-70% तक बढ़ाना है। बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ संजीव नौटियाल ने कहा कि वित्त वर्ष 2030 तक 1 लाख करोड़ रुपए की ग्रॉस लोन बुक का हमारा रोडमैप स्मॉल फाइनेंस बैंक बनने के बाद से स्थापित नींव पर आधारित है। इस अवधि में हमने वित्त वर्ष 2017 में अपने ग्रॉस लोन बुक को 7,560 करोड़ रुपए से बढ़ाकर वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में 33,287 करोड़ रुपए कर दिया है।

## बंधन लाइफ के आई-रिटायर से रिटायरमेंट के सपने होंगे सच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बंधन ग्रुप की जीवन बीमा कंपनी, बंधन लाइफ इंश्योरेंस ने आज बंधन लाइफ आई-रिटायर के लॉन्च की घोषणा की। यह एक रिटायरमेंट प्लान है। आई-रिटायर के साथ, बंधन लाइफ जीवन भर के लिए गारंटीड आय का वादा लेकर आया है और यह सुनिश्चित करता है कि रिटायरमेंट का मतलब समझौता करना नहीं, बल्कि वर्षों की कड़ी मेहनत से बनाए गए जीवन का आनंद लेना है। यह प्लान स्थिर आय की सुविधा प्रदान करता है जिसका लाभ एन्युटीधारक को जीवन भर मिलता रहता है। आई-रिटायर के लॉन्च के अवसर पर, बंधन लाइफ के एमडी और सीईओ, सतीश्वर बी. ने कहा बंधन लाइफ में, हम मानते हैं कि रिटायरमेंट नई संभावनाओं का समय होता है न कि आर्थिक चिंताओं का। आई-रिटायर के साथ, हम अपने ग्राहकों को स्थिर आय की सुविधा और अपनी इच्छानुसार जीवन जीने का आत्मविश्वास प्रदान कर रहे हैं। इसका उद्देश्य आज का जश्न मनाते हुए अपने लिए और अपने प्रियजनों के लिए भविष्य को सुरक्षित करना है। ग्राहक दो आसान एन्युटी विकल्पों में से एक चुन सकते हैं। लाइफ एन्युटी विकल्प के तहत, ग्राहक को तब तक स्थिर आय प्राप्त होती है जब तक एन्युटीधारक (पॉलिसीधारक) जीवित हैं। रिटर्न ऑफ परचेज प्राइस के साथ लाइफ एन्युटी विकल्प के साथ, एन्युइटीधारक को जीवन भर आय प्राप्त होती है और एन्युइटीधारक की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु की स्थिति में, निवेश की गई मूल राशि उनके नॉमिनी को वापस कर दी जाती है।

# बी.डी. कॉलेज बना यूनिवर्सिटी चैम्पियन

## छात्राओं ने वेट लिफ्टिंग और पावर लिफ्टिंग में दिखाया दमखम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** श्री गुरु गोविंद सिंह कॉलेज, पटना में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज वेट लिफ्टिंग एवं पावर लिफ्टिंग टूर्नामेंट में बी.डी. कॉलेज, पटना की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यूनिवर्सिटी चैम्पियन का खिताब हासिल किया। टीम की छात्राओं ने बेहतरीन खेल कौशल और अद्भुत संकल्पशक्ति का परिचय दिया जिससे कॉलेज का नाम पूरे विश्वविद्यालय में रोशन हुआ। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली बी.डी. कॉलेज की छात्राओं ने विभिन्न वर्गों में शानदार प्रदर्शन कर कई पदक जीते। उनकी मेहनत, अनुशासन और टीम भावना ने उन्हें अन्य सभी कॉलेजों से आगे पहुंचाया। निर्णायक मंडल ने भी छात्राओं के प्रदर्शन की खुलकर सराहना की। कॉलेज प्रशासन और शिक्षकों ने इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि छात्राओं ने साबित किया है कि कठिन परिश्रम और लगन से किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी बेहतर प्रदर्शन करने की उम्मीद जताई। बी.डी. कॉलेज की प्राचार्य प्रो. रत्ना अमृत ने टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि कॉलेज ही नहीं, बल्कि पूरे पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल के साथ-साथ पढ़ाई में भी संतुलन बनाए रखने की सलाह दी। इस जीत के साथ बी.डी. कॉलेज ने विश्वविद्यालय स्तर पर अपनी खेल पहचान को और मजबूत किया है। कॉलेज परिसर में इस सफलता की खबर के बाद उत्साह और उल्लास का माहौल रहा।


## राज्य में होगा बिहार खाद्यान्न भंडारण प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान का गठन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य में जल्द ही बिहार खाद्यान्न भंडारण प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान, पटना नाम से एक नये प्रशिक्षण संस्थान का गठन किया जाएगा। इस संस्थान में बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम और खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग पटना के पदाधिकारियों-कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। उनकी दक्षता उन्मुखीकरण के लिए यहां विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस संस्थान के गठन को राज्य मंत्रिपरिषद ने मंजूरी दे दी है। मंगलवार को राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में इस संस्थान की स्थापना और प्रशासनिक संरचना के गठन के लिए 4,64,94,396 रूपये के वार्षिक व्यय पर पदों की स्वीकृति दी गई। साथ ही इस बैठक में एनएबीएल मानक वाली राज्य स्तरीय प्रयोगशाला की स्थापना को भी मंजूरी दी गई है। बिहार खाद्यान्न भंडारण प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान, पटना, बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम की एक इकाई के रूप में काम करेगा। इसका निर्माण पूरा होने के बाद खाद्य आपूर्ति से जुड़े पदाधिकारियों-कर्मियों को उच्च गुणवत्ता वाला प्रशिक्षण मिल सकेगा। इससे खाद्य आपूर्ति से जुड़ी विभिन्न सरकारी योजनाओं को लागू करने और उन्हें सफल बनाने में बड़ी मदद मिलेगी। इस प्रशिक्षण संस्थान में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, कल्याणकारी संस्थान एवं छात्रावास योजना, डब्ल्यूबीएनपी इत्यादि योजनाओं के खाद्यान्नों की गुणवत्ता की जांच के लिए एक अत्याधुनिक प्रयोगशाला रहेगी। इसमें उच्च स्तरीय खाद्यान्न जैसे- फोर्टिफायड राईस कर्नेल (एफआरके) इत्यादि पर शोध एवं अनुसंधान भी होगा। यहां बनने वाली प्रयोगशाला एनएबीएल मानक वाली इस तरह की पहली राज्य स्तरीय प्रयोगशाला होगी। इसके बनने से राज्य में शोध को भी बढ़ावा मिलेगा।

# बिहार में 50 हजार करोड़ रुपये की योजनाओं पर काम शुरू : डॉ. दिलीप जायसवाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार भाजपा के अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने आज कहा कि विकसित बिहार का सपना अब सिर्फ नारा नहीं, बल्कि धरातल पर उतरती हुई हकीकत बनता जा रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार द्वारा घोषित 50 हजार करोड़ रुपये की लागत वाली 430 योजनाओं पर तेजी से कार्य शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि राज्य के हर कोने में बदलाव की बयार चल रही है और लोग खुद महसूस कर रहे हैं कि बिहार अब जंगलराज के अंधेरे से निकलकर विकास के हाइवे पर रफ्तार भर रहा है। बिहार में शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन, पर्यटन, ऊर्जा, खेल और औद्योगिक विकास जैसे क्षेत्रों में बिहार एक नए युग की ओर बढ़ रहा है। डॉ. जायसवाल ने कहा राज्य में 16 नए मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। 14 खेल स्टेडियम, 8 ऑडिटोरियम और 43 धार्मिक व सांस्कृतिक स्थलों को विकसित किया जा रहा है। 129 सड़कों, 24 पुलों और 14 रेल ओवरब्रिजों पर काम जारी है जबकि 7 अंतर्राज्यीय बस अड्डों का निर्माण भी तेजी से हो रहा है। पूर्णिया एयरपोर्ट का उद्घाटन शीघ्र होने वाला है और अन्य छह हवाई अड्डों को विकसित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ऊर्जा क्षेत्र में 6 पावर सब-स्टेशन, 10 ग्रिड उपकेंद्र और 8 शक्ति उपकेंद्रों का निर्माण प्रगति पर है जबकि पटना में बिजली के तारों को अंडरग्राउंड किया जा रहा है। विभिन्न शहरों में 9 नए डिग्री कॉलेजों की स्थापना की प्रक्रिया शुरू कर दी है जिससे युवाओं को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर मिल सके। औद्योगिक क्रांति की दिशा में बिहार के बढ़ते कदम की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार 17 नए औद्योगिक पार्क विकसित कर रही है जिसमें गया में 1,700 एकड़ और वैशाली के राजापाकर में 1,100 एकड़ में औद्योगिक हब की योजना शामिल है। वहीं, 40 योजनाएं जलाशयों, तटबंधों, चेकडेमों और नहरों के सुदृढ़ीकरण पर केंद्रित हैं जिससे किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। नागरिक सुविधाओं के विस्तार में भी कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि जो कभी अराजकता, भ्रष्टाचार और पलायन के प्रतीक रहे वही बिहार आज विकास की नई मिसाल बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को सिर्फ कुर्सी से मतलब है, लेकिन एनडीए सरकार का मकसद बिहार का भविष्य संवारना है।

## बाजार में अस्थिरता के दौरान एसआईपी रोकना पड़ सकता है महंगा: एसबीआई म्यूचुअल फंड

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** एसबीआई म्यूचुअल फंड ने निवेशक शिक्षा और जागरूकता पहल के तहत यह संदेश दिया है कि बाजार की अस्थिरता के समय सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान को रोकना दीर्घकालिक वित्तीय नुकसान का कारण बन सकता है। फंड हाउस के अनुसार अस्थिरता के समय एसआईपी रोकना कंपाउंडिंग और रूपी कॉस्ट एवरेजिंग जैसे फायदों से निवेशकों को वंचित कर देता है। बाजार गिरने पर एसआईपी के जरिए कम दाम पर ज्यादा यूनिट्स खरीदने का मौका मिलता है जिससे दीर्घकाल में बेहतर रिटर्न संभव होता है। एसबीआई म्यूचुअल फंड के प्रवक्ता ने कहा बाजार की अस्थिरता अस्थायी होती है, लेकिन एसआईपी में रुकावट से निवेश की गति को स्थायी नुकसान हो सकता है। अनुशासित निवेशक ही लंबी दौड़ में जीतते हैं। फंड हाउस ने एसआईपी को एक वित्तीय फिटनेस रूटीन बताया है और निवेशकों को सलाह दी है कि वे गिरावट के समय घबराने की बजाय अनुशासन बनाए रखें, डाइवर्सिफिकेशन पर ध्यान दें ।

## मछली-चारा उत्पादक सरकार से ले सकते हैं विद्युत सहायता का लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मछली का चारा उत्पादन करने वाले फीड मिलों को सरकार विद्युत सहायता देने जा रही है। इसके लिए पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग ने फिश फीड मिल विद्युत सहायता योजना-2025-26 के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगा है। इस योजना का लाभ लेने के लिए मछली के चारा उत्पादक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सरकार की इस पहल से न सिर्फ मछली के चारा उत्पादकों को लाभ होगा बल्कि इससे मछली उत्पादन को भी बढ़ावा मिलेगा। इस योजना के तहत फिश फीड उत्पादन में मासिक विद्युत खपत के आधार पर फीड मिलों को 3 रूपये प्रति यूनिट की दर से विद्युत वित्तीय सहायता अनुदान राशि की अनुमान्यता होगी। 100 टन प्रतिदिन उत्पादन क्षमता के फिड मिलों को 3 रुपये प्रति यूनिट (अधिकतम 2 लाख रुपये प्रति माह तथा अधिकतम 24 लाख रूपये प्रति वर्ष) की दर से विद्युत वित्तीय सहायता अनुदान राशि की अनुमान्यता होगी। बिजली बिल में वित्तीय सहायता-मासिक विद्युत खपत यूनिट के आधार पर व्यवसायिक दर से आकलित बिजली बिल पर दी जाएगी जिसमें फिक्सड चार्ज एवं अन्य अतिरिक्त चार्ज शामिल नहीं होगा। इस योजना के सफल क्रियान्वयन से राज्य में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना अंतर्गत अधिष्ठापित कुल 53 फिश फीड में से कार्यरत फीड मिल संचालकों को लाभान्वित किया जायेगा। राज्य में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनान्तर्गत अधिष्ठापित 02 टन, 08 टन, 20 टन एवं 100 टन प्रतिदिन उत्पादन क्षमता के फीड मीलरों को मासिक खपत विद्युत यूनिट के आधार पर वित्तीय राहत मिलेगा। राज्य में पीएमएमएसवाइ योजनान्तर्गत निजी क्षेत्र में 31 मार्च, 2025 तक अधिष्ठापित 02, 08, 20 एवं 100 टन प्रतिदिन उत्पादन क्षमता के फिश फीड मील संचालक जो लाभान्वित हो चुके हो इसके लाभुक होंगे। आवेदक फिश फीड मील विद्युत सहायता योजना का लाभ लेने के लिए अपना फिश फिड मील का फोटोग्राफ (पोस्टकार्ड साइज में) आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा। आवेदन पत्र में आवेदक के द्वारा अपना मोबाइल नंबर तथा बैंक शाखा का नाम, बैंक खाता संख्या, आइएफसी कोड अंकित किया जायेगा। आवेदन उपरांत लाभुकों का चयन, उप मत्स्य निदेशक की अध्यक्षता में गठित चयन समिति के द्वारा की जायेगी।

## बिहार में तकनीकी शिक्षा को नई दिशा, एनबीए प्रत्यायन पर दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विज्ञान, प्राविधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा 8 और 9 सितम्बर को तारामंडल सभागार, पटना में दो दिवसीय संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनबीए) के मानकों और प्रक्रियाओं पर केंद्रित थी जिसका उद्देश्य राज्य के इंजीनियरिंग और तकनीकी संस्थानों में शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाना है। कार्यशाला में बिहार इंजीनियरिंग विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एस.के. वर्मा, विभाग के अपर सचिव सह निदेशक अहमद महमूद, विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार, बिहार परिषद विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के परियोजना निदेशक डॉ. अनंत कुमार तथा राज्य बोर्ड तकनीकी शिक्षा के सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और शिक्षाविद् उपस्थित रहे। विशेषज्ञ सत्रों का संचालन राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान दुर्गापुर के प्रोफेसर डॉ. परिमल आचार्य और एसजीपीसी पटियाला के डीन डॉ. भूपिंदर सिंह भुल्लर ने किया। उन्होंने एनबीए प्रत्यायन की बारीकियों, अंतरराष्ट्रीय मानकों और संस्थानों की तैयारी से जुड़े व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। राज्यभर के इंजीनियरिंग महाविद्यालयों के प्रतिनिधि, नोडल अधिकारी, विभागाध्यक्ष और अध्यापक इस कार्यशाला में बड़ी संख्या में शामिल हुए। राजकीय पॉलिटेक्निक पटना-13 के व्याख्याताओं ने भी सक्रिय भागीदारी की। इस संस्थान को हाल ही में यांत्रिक, सिविल और इलेक्ट्रॉनिकस शाखाओं में एनबीए प्रत्यायन प्राप्त हुआ है। इन व्याख्याताओं ने अपने अनुभव और संस्थागत प्रयास प्रतिभागियों के साथ साझा किए। इसी प्रकार एमआईटी मुजफ्फरपुर और एनसीई चंडी के प्राध्यापकों ने भी अपने अनुभव बताए।कार्यशाला के समापन सत्र में प्रतिभागियों को भागीदारी प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर विभाग की कई प्रमुख पहलें भी रेखांकित की गईं, जिनमें प्रत्येक प्रमंडल में उद्योग-शिक्षा संवाद, मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान, उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना, स्वाध्याय आधारित पाठ्यक्रम और ऑनलाइन कौशल विकास, शिक्षक प्रशिक्षण, प्रशिक्षकों व छात्रों की इंटर्नशिप तथा बोले गए ट्यूटोरियल कार्यक्रम के लिए हाल ही में मिला राष्ट्रीय पुरस्कार शामिल है।विभाग का संकल्प स्पष्ट है–बिहार की तकनीकी शिक्षा को न केवल राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दिलाना, बल्कि इसे वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए भी तैयार करना।

## किसानों को बेहतर सुविधा देने हेतु कृषि बाजार प्रांगणों का आधुनिकीकरण जारी : विजय कुमार सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उप मुख्यमंत्री-सह-कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को सशक्त बनाने और कृषि विपणन संरचना को आधुनिक स्वरूप देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में राज्य योजना अंतर्गत राज्य के 09 बाजार प्रांगणों के आधुनिकीकरण एवं समुचित विकास के लिए कुल 5 अरब 40 करोड़ 61 लाख 47 हजार 600 रुपये की लागत से एक महत्वाकांक्षी योजना स्वीकृत की गई है। इस योजना के अंतर्गत नाबार्ड से 95 प्रतिशत राशि ऋण के रूप में तथा राज्यांश से 05 प्रतिशत राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में बाजार प्रांगणवार योजनाओं पर पृथक-पृथक प्रशासनिक स्वीकृति के अधीन कुल 38 करोड़ 21 लाख 5 हजार 264 रुपये की निकासी एवं व्यय को मंजूरी दी गई है। इसमें नाबार्ड से 36 करोड़ 30 लाख रुपये और राज्यांश से 1 करोड़ 91 लाख 5 हजार 264 रुपये सम्मिलित हैं। उन्होंने कहा कि इस राशि का उपयोग बाजार प्रांगणों के कायाकल्प और सुविधाओं के विस्तार के लिए किया जा रहा है जिससे किसानों को अपनी उपज के विपणन में और अधिक सहूलियत मिलेगी।

उप मुख्यमंत्री ने निदेश दिया कि इस वित्तीय वर्ष में संचालित कार्य को पूर्ण कर लिया जाये। उक्त कार्य का क्रियान्वयन बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है।

श्री सिन्हा ने बताया कि इस योजना के कार्यान्वयन से वित्तीय वर्ष 2025-26 में अनुमानित 10 लाख 67 हजार 136 मानव दिवस का रोजगार सृजन होगा। इससे ग्रामीण युवाओं और स्थानीय श्रमिकों को प्रत्यक्ष रोजगार उपलब्ध होगा और राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। रोजगार के साथ-साथ किसानों को भी आधुनिक और पारदर्शी बाजार प्रणाली से लाभ मिलेगा, जिससे उन्हें अपनी उपज का बेहतर मूल्य प्राप्त हो सकेगा। उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत जिन 09 बाजार प्रांगणों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है, उनमें कृषि उत्पादन बाजार समिति सासाराम, बेगूसराय, कटिहार, फारबिसगंज, जहानाबाद, दरभंगा, किशनगंज, छपरा और बिहटा शामिल हैं। इससे बाजार प्रांगणों में अधोसंरचना को मजबूती मिलेगी तथा आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उप मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि बाजार प्रांगणों में चल रहे कार्यों का नियमित अनुश्रवण कृषि विपणन निदेशालय द्वारा किया जा रहा है, ताकि कार्य समय पर पूर्ण हो जाये।

## पर्यूषण महापर्व पर निर्मला जैन गंगवाल का सोलहकारण व्रत सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जैन समाज की साधिका निर्मला जैन गंगवाल ने पर्यूषण महापर्व के पावन अवसर पर सोलहकारण व्रत धारण किया था। पूरे 16 दिनों तक उन्होंने केवल संध्या समय एक गिलास हल्का गुनगुना पानी ग्रहण किया। आज प्रातः उनके पति पीयूष जैन गंगवाल ने ओकाली पिलाकर इस कठिन व्रत का मंगलपूर्वक समापन कराया। इस अवसर पर पटना जैन समाज के सभी सदस्यों ने निर्मला जैन गंगवाल के इस तप की भूरि-भूरि अनुमोदना की और उन्हें साधुवाद दिया। निर्मला जैन ने बताया कि इससे पूर्व भी वे पर्यूषण पर्व के पावन अवसर पर दो बार दस-दस दिनों का एवं एक बार आठ दिनों का व्रत कर चुकी हैं।

## पल्लवी साहू ने माता जी की पुण्यतिथि पर जरूरतमंदों को खिलाया खाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** प्रभु आहार सेवा समिति की समाजसेवी पल्लवी साहू ने अपनी माता जी की पुण्यतिथि के अवसर पर सेवा और परोपकार का अनोखा उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उन्होंने पटना स्थित एक वृद्धाश्रम में जरूरतमंद वृद्धजनों को भोजन कराया एवं आवश्यक सामग्रियों का वितरण किया। पल्लवी साहू ने बताया कि यह सेवा उनकी माता जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उनका मानना है कि माता-पिता का सच्चा सम्मान तभी है जब हम उनके जीवन मूल्यों को अपनाते हुए समाज के कमजोर वर्ग की सहायता करें। वृद्धाश्रम के बुजुर्गों ने उनके इस कार्य से भावविभोर होकर आशीर्वाद दिया। इस कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष राकेश कुमार, महामंत्री मुकेश जैन, प्रभा साहु, मनीषा साहु, परेश नारायण, आदित्य राज, प्रियंका नारायण तथा सदस्यों एवं साहू परिवार ने सहयोग किया और सभी को निःस्वार्थ सेवा की प्रेरणा दी। इस मौके पर प्रभु आहार सेवा समिति ने यह संकल्प भी लिया कि आगे भी समय-समय पर इस प्रकार की सेवा गतिविधियां जारी रहेंगी ताकि समाज में सहयोग और करुणा का भाव मजबूत हो।

# दुर्गा पूजा एवं विधानसभा चुनाव को लेकर डीएम ने अधिकारियों के साथ की बैठक

## अंचलाधिकारी एवं थानाध्यक्ष क्षेत्रों में असामाजिक प्रवृति के लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध धारा 107 के तहत प्रस्ताव तैयार कर भेजें

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा विधि व्यवस्था, भूमि विवाद, खनन उत्पाद एवं अभियोजन संबंधित समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभागार में की गयी जिसमें अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, अंचलाधिकारी, सहायक निदेशक खनन एवं भूतत्व विभाग, सहायक आयुक्त उत्पाद एवं सभी थानाध्यक्षों के द्वारा भाग लिया गया। उक्त बैठक में आगामी दुर्गा पूजा एवं बिहार विधान सभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए इस पर गहन चर्चा किया गया एवं जिला अंतर्गत वर्तमान समय में उत्पन्न होने वाले विधि व्यवस्था यथा-भूमि विवाद, जनप्रतिनिधियों के विरुद्ध न्यायालयों में चल रहे मामलों को त्वरित निष्पादन आदि के बिंदुओं पर गहन समीक्षा करते हुए निम्नांकित निर्देश देते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। आगामी बिहार विधान चुनाव एवं दुर्गा पूजा का त्योहार एक साथ मनाये जाने की संभावना है। ऐसी स्थिति में अंचलाधिकारियों एवं थानाध्यक्षों को निदेश दिया गया कि आप अपने-अपने क्षेत्र में दुर्गा पूजा पंडालों के निर्माण होने वाले स्थलों का संयुक्त रूप से निरीक्षण कर सूची उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे तथा विवादित स्थलों के संबंध में उत्पन्न ज्वलंत समस्याओं का निदान भी कराना सुनिश्चित करेंगे। आगामी बिहार विधान सभा चुनाव के अवसर पर आने वाले अर्द्ध सैनिक बलों के ठहराव हेतु आवासन के लिए 125 जगहों का चयन पूर्व में किया गया है। उक्त स्थलों की जांच हेतु सभी अनुमंडल पदाधिकारियों / सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को निदेशित किया गया कि अर्ध-सैनिक बलों आवासन स्थल पर पेयजल, बिजली, सड़क, भवन, स्थायी शौचालय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

# दस सितम्बर को पेंशन की बढ़ी राशि का डीबीटी से लाभार्थियों के खाते में किया जायेगा अंतरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा पेंशन की बढ़ी हुई दर पर माह अगस्त 2025 के पेंशन की राशि को डी.बी.टी के माध्यम से अंतरण 10 सितम्बर को प्रस्तावित है। इस अवसर पर रोहतास जिला मुख्यालय सासाराम स्थित समाहरणालय के डीआरडीए सभागार में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के पेंशनधारियों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए कार्यक्रम आयोजित किया जाना है जिसमें 150 लाभार्थी शामिल होंगे। पेंशनधारी मुख्यमंत्री के द्वारा राशि अंतरण कार्यक्रम में टीवी के माध्यम से जुड़ेंगे तथा कार्यक्रम को देख सुन सकेंगे। जिला पदाधिकारी द्वारा कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए संबंधित पदाधिकारी एवं विभाग को दिशा-निर्देश दिया गया है। जिला स्तर पर डीआरडीए सभागार में कार्यक्रम के आयोजन हेतु सहायक निदेशक जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग रोहतास उत्तरदायी होंगे। कार्यक्रम में भाग लेने वाले पेंशनधारियों की उपस्थिति तथा फीडबैक लेने की व्यवस्था की जायेगी। ज्ञात हो कि संचालित सभी छह प्रकार की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं में दी जा रही पेंशन की राशि माह- जून 2025 से 400 रूपये प्रति माह से बढ़ाकर 1100 रूपये प्रति माह किया गया था।

# ऑल इंडिया नाट्य प्रतियोगिता की तैयारी को लेकर बैठक

## अभिनव कला संगम की बैठक में पवन मिश्रा सचिव मनोनीत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** आगामी दिसंबर महीने में अभिनव कला संगम के बैनर तले होने वाले ऑल इंडिया नाट्य प्रतियोगिता सह सांस्कृतिक प्रतियोगिता को लेकर सोमवार की रात पाली रोड स्थित रघुकुल निवास में अभिनव कला संगम की बैठक हुई। बैठक में अध्यक्ष कमलेश कुमार ने कहा कि संस्था के मजबूत स्तंभ के रूप में रहने वाले स्वर्गीय विनय मिश्रा के निधन के बाद सभी सदस्य मर्माहत है। ऐसे में दिसंबर में होने वाले ऑल इंडिया नाट्य प्रतियोगिता स्वर्गीय विनय मिश्रा को समर्पित रहेगा जिसकी सहमति सभी सदस्यों के साथ-साथ अन्य प्रदेशों से आने वाली नाट्य टीमों ने दी है। इस वर्ष होने वाले नाट्य प्रतियोगिता में देश के अलावे विदेश की श्रीलंका और नेपाल की टीम भी आएंगी जो डिहरी शहर ही नहीं रोहतास जिला व बिहार के लिए गौरव की बात है। देश-विदेश से आने वाली टीमों को सभी प्रकार की सुविधा मिले तथा बिहार को बेहतर रूप में प्रदर्शित की जाए, इसके लिए सभी तरह के सकारात्मक प्रयास किए जाएंगे। होने वाले नाट्य प्रतियोगिता के लिए डिहरी व डालमियानगर में कुल तीन संभावित स्थल है जिनका चयन एक सप्ताह में करने का निर्णय लिया गया है। विदेश की टीमों को आमंत्रित करने के लिए कला संस्कृति विभाग पटना में उपसचिव से मिलकर उक्त दोनों देश के कला संस्कृति विभाग को पत्राचार किया जाएगा। दिसंबर में होने वाले नाट्य प्रतियोगिता के लिए 26 से 30 दिसंबर तक की तिथि निर्धारित की गई है। बैठक में नाट्य प्रतियोगिता को लेकर सर्वसम्मति से सदस्यों द्वारा दिवंगत सचिव विनय मिश्रा के पुत्र पवन कुमार मिश्रा को सचिव मनोनीत किया गया है।

# डॉ. एस.के. निषाद ने कमर दर्द से छुटकारा पाने के उपाय बताए



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के अवसर पर फिजियोथेरेपी विशेषज्ञ डॉ. एस.के. निषाद ने लोगों को कमर दर्द से बचाव और राहत पाने के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि बदलती जीवनशैली, लंबे समय तक एक ही जगह बैठना, गलत मुद्रा और भारी वजन उठाना कमर दर्द की मुख्य वजह बनती है। कमर दर्द से छुटकारा पाने के लिए उन्होंने कुछ सरल उपाय बताए। उन्होंने कहा कि रोजाना हल्का व्यायाम और स्ट्रेचिंग करें, बैठते समय रीढ़ की हड्डी सीधी रखें और सहारा लें, अचानक झुकने या भारी सामान उठाने से बचें, आवश्यकता पड़ने पर गर्म व ठंडी सिंकाई करें, लंबे समय से दर्द रहने पर फिजियोथेरेपी विशेषज्ञ से संपर्क करें, डॉ. निषाद ने कहा कि दवा या सर्जरी पर निर्भर रहने के बजाय फिजियोथेरेपी से सुरक्षित और स्थायी उपचार संभव है।

# 13 सितंबर को एनडीए महासम्मेलन में लोजपा कार्यकर्ता भारी संख्या में होंगे शामिल : सोनू सिंह

## चिराग पासवान युवाओं की पहली पसंद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय कैनाल रोड स्थित इं. ललन सिंह स्पोर्टिंग क्लब में 13 सितंबर को एनडीए महासम्मेलन में लोजपा रा के कार्यकर्ता भारी संख्या में शामिल होंगे। उक्त बातें लोजपा रा प्रदेश महासचिव राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने मंगलवार को 13 सितंबर को होने वाली एनडीए महासम्मेलन में लोजपा रा के कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक की। नगर अध्यक्ष गोविंद गुप्ता की अध्यक्षता में हुई बैठक में सोनू सिंह ने 'नवबिहार टाइम्स' को बताया कि पार्टी के सुप्रीमो चिराग पासवान के निर्देश पर बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट और बिहार को विकसित बनाने का संकल्प है। चिराग पासवान युवाओं की पहली पसंद हैं। उन्होंने बैठक में लोजपा कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही अपील करते हुए कहा कि एनडीए महासम्मेलन में संख्या में सम्मिलित होकर पार्टी को मजबूत करें। बैठक में लोजपा के वरिष्ठ नेता दशरथ पासवान, विकास पासवान, रोहतास प्रभारी अकेला जी, महिला नगर अध्यक्ष कुशुम देवी, प्रखंड अध्यक्ष किरण सिंह, रंजू देवी, ममता, गुंजा, शीला कुशवाहा, कंचन सोनी, रजनी कुमारी, सुदामा पासवान, हरे राम भोजपुरिया, उमाशंकर पासवान, पवन पासवान, गोपाल सोनी सहित काफी संख्या में लोजपा के कार्यकर्ता और नेता उपस्थित थे।

# नौ अदद मोबाइल के साथ चोर गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन सोन के निरीक्षक प्रभारी रामविलास राम के नेतृत्व में उप निरीक्षक कुमार गौरव साथ प्रधान आरक्षी देवलास राम तथा सीडीएस टीम गया के उप निरीक्षक मुकेश कुमार, साथ आरक्षी राजू कुमार, आरक्षी सुनील कुमार एवं आरक्षी अमित कुमार रेलवे स्टेशन अनुग्रह नारायण रोड पर पितृपक्ष मेला के मद्देनजर गश्त व आपराधिक गतिविधि निगरानी कर रहे थे उसी दौरान प्लेटफार्म संख्या 01/02 पर स्थित यात्री प्रतीक्षालय में एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था घूमते हुए देखा गया जिसे पूछताछ करने पर उसने अपना नाम राजेश पासवान, उम्र 32 वर्ष, पिता विशंभर पासवान, ग्राम गांगुआर, थाना-बाराचट्टी, जिला-गयाजी (बिहार) बताया तथा उक्त व्यक्ति की तलाशी लेने पर चोरी के 8 अदद एंड्राइड मोबाइल एवं 1 अदद कीपैड मोबाइल बरामद हुआ। इसके संबंध में पूछने पर उसने बताया कि सभी मोबाइल को अलग-अलग ट्रेन में यात्री का चोरी किया हूं। मौके पर कानूनी कार्रवाई करते हुए अग्रिम कानूनी कार्रवाई वास्ते सभी 9 अदद मोबाइल एवं उक्त गिरफ्तार अभियुक्त को रेल थाना सोननगर को सुपुर्द किया गया।

# बार एसोसिएशन के तीसरी बार मीडिया प्रभारी बने मुकेश पांडेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** बार एसोसिएशन डिहरी के कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय के आलोक में मंगलवार को संघ के अध्यक्ष मनोज कुमार अज्ञानी व अन्य पदाधिकारियों द्वारा मीडिया प्रभारी के रूप में अधिवक्ता व पत्रकार मुकेश पांडेय को पत्र सौंपा गया। विधि की संख्या कमरा नंबर दो में। इस मौके पर उपस्थित अधिवक्ताओं में यह उम्मीद जताया कि श्री पांडे संघ के मीडिया प्रभारी के रूप में अपने कर्तव्यों का नियम पूर्वक निर्वहन करेंगे। इस अवसर पर संघ के महासचिव रितेश कुमार, संयुक्त सचिव कमलेश कुमार व रवींद्र कुमार, अंकेक्षक अमरनाथ सिंह तथा कोषाध्यक्ष उपस्थित थे। संघ के लगातार तीसरी बार मीडिया प्रभारी के रूप में अधिवक्ता मुकेश पांडेय को जिम्मेदारी सौंपे जाने पर पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर पांडेय उर्फ मुटुर पांडेय व रमाकांत दुबे, सदस्य वरीय अधिवक्ता बैरिस्टर सिंह, गोपाल राम, प्रणिय चंदन, रवि शेखर, विनोद पाठक, सुधीर तिवारी, कमल सिन्हा, दीपक कुमार आदि ने बधाई दी।

# मुखिया व बीसीएम ने दस आशा दीदियों को दिया चयनित पत्र, आशा दीदियों में हर्ष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**अकोढ़ीगोला।** डिहरी प्रखंड के पंचायत भवन दरिहट में मंगलवार को चयनित 10 आशा दीदियों को चयनित पत्र दिया गया। मुखिया शारदा कुंवर व प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक सुधीर कुमार ने चयनित आशाओं को चयन पत्र सौंपा। वार्ड संख्या 01 दरिहट में सुनीता कुमारी, 02 में शारदा कुमारी, 04 में रिंकी देवी, 09 बलभद्रपुर में अंजू कुमारी, 11 दरिहट में रेणु कुमारी, 12 में शगुफता बानो, 13 में कंचन कुमारी, 15 अर्जुन बिगहा में प्रीति कुमारी, 16 में सुषमा कुमारी व 17 के कविता कुमारी को चयन पत्र मिला। बीसीएम सुधीर कुमार ने चयनित आशाओं से कहा कि अब आपकी जिम्मेवारी है अपने क्षेत्र के लोगों को सरकारी अस्पताल में इलाज करने के लिए प्रेरित करे। खासकर महिलाएं जो गर्भवती है, उनका अस्पताल में नियमित जांच हो। पूरे गर्भधारण में चार बार उन्हें जांच करानी है। अस्पताल से उन्हें दवा मिले आदि बातों का ध्यान रखना है। बंध्याकरण पखवारा में महिलाओं को बंध्याकरण कराने के प्रेरित करना है। वही मौके पर मौजूद गांव की महिलाओं ने कहा कि दरिहट अस्पताल में सभी संसाधनों से परिपूर्ण है। यहां डाक्टरों की व्यवस्था होती तो महिलाओं को प्रसव कराने डिहरी आदि नहीं जाना पड़ता। यहां करोड़ों की लागत से बिल्डिंग बना है। कई एसी युक्त कमरा है। यहां महिला डाक्टरों की नियुक्त किया जाना चाहिए। मुखिया शारदा कुंवर ने महिलाओं को आश्वस्त किया कि एपीएचसी दरिहट को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा दिलाने की मांग जल्द ही जिलाधिकारी से रखेंगे जिससे क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य का लाभ मिल सके। मौके पर संजीव कुमार उर्फ गुडु, रबी राज, भोला चौधरी आदि मौजूद थे।

# डालमियानगर में विहंगम योग ने किया स्वर्वेद यात्रा निकाल लोगों को जागरुक



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी में विहंगम योग संत समाज द्वारा स्वर्वेद यात्रा निकाली गई। यह यात्रा डालमियानगर एकता चौक, मथुरापुर से शुरु होकर विभिन्न बाजारों से होते हुए सिधौली जाकर सम्पन्न हुई। स्वर्वेद यात्रा धूमधाम से बाजे गाजे और घोड़े के साथ लोग नारे लगाते हुए स्वर्वेद यात्रा सफल किये। इसमें शामिल लोग हाथों में अ लिखी हुई तख्तियां व सिर पर स्वर्वेद लेकर नारे लगाते हुए स्वर्वेद यात्रा निकाली। इस दौरान बिहार प्रदेश के संरक्षक रामचन्द्र तिवारी व डीएन सिंह ने बताया कि विहंगम योग के संस्थापक सद्गुरू सदाफलदेव महाराज द्वारा रचित स्वर्वेद का प्रचार-प्रसार को लेकर पूरे देश में यह शोभायात्रा निकाली गई। विहंगम योग एक प्राचीन ध्यान पद्धति है जिसे सद्गुरु अनंत श्री सदाफल देव जी महाराज ने पुनः स्थापित किया। यह एक वैज्ञानिक और आध्यात्मिक प्रणाली है जो आत्मज्ञान, ब्रह्मज्ञान और परमशांति प्राप्त करने के लिए अभ्यास कराई जाती है। विहंगम योग को सीखने के लिए गुरु से दीक्षा लेना आवश्यक होता है जिससे साधक सही मार्गदर्शन प्राप्त कर सके। शोभायात्रा में सचिव प्रभारी भृगु सिंह, उपदेष्टा नीलम देवी, आश्रम वैदिक पुरोहित आचार्य मयंक शास्त्री, कटार आश्रम सेवक पियूष कुमार, आदित्य सिंह, कामेश्वर सिंह, बिजेंद्र कुमार, सुरेन्द्र प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, डा.प्रकाश कुमार, नीतू देवी के साथ सैकड़ों श्रद्धालु शामिल रहे।

# दिव्यांग खेल प्रतिभागियों के लिए 18 सितम्बर को खेल प्रतियोगिता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** राज्य के दिव्यांगजनों को विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करने तथा उनके खेल कौशल को चिन्हित करने हेतु मंच प्रदान करने के उद्देश्य से समाज कल्याण विभाग, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण एवं बिहार पैरा स्पोर्टस एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में राज्यभर में 15 से 24 सितंबर (कुल 10 दिन) की अवधि के दौरान स्टेट वाइड पारा स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2025 के अंतर्गत कुल 2 खेल विधाओं के अलग-अलग विभिन्न श्रेणियों में सभी आयु वर्ग के दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए खेल प्रतियोगिता आयोजन किया जाना है। रोहतास जिले में इस खेल प्रतियोगिता का आयोजन 18 सितम्बर को फजलगंज स्टेडियम में संभावित है जिसमें रोहतास और कैमूर जिले के प्रतिभागी भाग लेंगे। खेल विधा श्रेणियों में पारा बैडमिंटन शामिल है जिसमें अंडर-18 पुरुष एवं महिला भाग ले सकते हैं। साथ ही पारा एथलेटिक्स (ट्रैक्स एंड फील्ड) अंडर-18 में 100 एम, 800 एम शॉट पुट, डिस्कस थ्रू, जेवलिन थ्रू, लॉन्ग जंप, हाई जंप, क्लब थ्रू श्रेणी में भाग ले सकते हैं। सभी इच्छुक प्रतिभागी इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के वेबसाईट पर जाकर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, रोहतास में संपर्क कर सकते हैं।

# गर्भवती महिलाओं एवं मरीजों को पुर्जी कटाने में घंटों मशक्कत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रामपुर (कैमूर)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सीएचसी में क्षेत्र के सभी गांवों से आई सैकड़ों गर्भवती महिलाओं एवं मरीजों को मंगलवार को पीएचसी में पर्ची कटवाने में घंटों परेशानियों का सामना करना पड़ा। वही डॉ नीरज कुमार, सीएचओ अर्चना कुमारी एवं नितेश कुमार द्वारा मरीजों की जांच की गयी। मिली जानकारी के अनुसार पीएचसी में प्रधानमंत्री मातृत्व योजना के तहत हर माह के नौ तारीख को यह जांच शिविर का आयोजन किया जाता है। पीएचसी स्थित पर्चा काउंटर पर बिना कतार में खड़ी सैकड़ों गर्भवती महिलाओं एवं मरीजों को पर्ची कटवाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वही इसके बारे में जब हेल्थ मैनेजर से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि पिछली बार जब गर्भवती महिलाओं को जांच करने का तिथि था उस समय छुट्टी का दिन था इसी कारण से आज गर्भवती महिलाओं की भीड़ देखने को मिल रहा है। साथ ही नेटवर्क की समस्या देखने को मिल रहा है। वही चिकित्सकों द्वारा लगभग एक सौ से अधिक गर्भवती महिलाओं को जांच के लिये लिखा गया जहां बीपी वजन की जांच किया गया। वही डॉक्टर द्वारा रिपोर्ट देखने के बाद जो कमी पाई जाती थी उसका दवा के साथ आयरन कैल्शियम की गोली दिया गया। साथ ही परामर्श दिया गया कि पौष्टिक आहार साक्षर सब्जी सीनरी फल के साथ एक गिलास दूध लेने को कहा गया। गर्भवती महिलाओं को यह भी बताया गया कि आवश्यकता से अधिक वजन न उठाएं परेशानी हो सकती है।


## न्यायालय भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, रंका

### प्रेस विज्ञप्ति

भूमि सुधार उपसमाहर्ता, रंका न्यायालय में प्राप्त भूमि बिक्री अनुमति वाद सं0– 03/2024–25 विक्रेता– करलीन देवी पति–स्व0 चन्द्रिका सिंह जाति–खरवार (अनुसूचित जनजाति) ग्राम–बघवार, पो0–कंजिया, थाना–भण्डरिया, जिला–गढ़वा तथा क्रेता–प्रेम सागर सिंह पिता–लगन सिंह जाति–खरवार (अनुसूचित जनजाति) ग्राम–बघवार, पो0–कंजिया, थाना– भण्डरिया, जिला–गढ़वा द्वारा छोटा नागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46(1)(A)के अन्तर्गत मौजा–बघवार, के खाता सं0–57 प्लॉट सं0–117, 124, 126, 127, 192, 193, 700, 704, 194, 194, 34 कुल रकबा–1.18 ए0 के लिए अनुमति अपील वाद समर्पित किया गया है। उक्त वाद से संबंधित किसी भी व्यक्ति को कोई आपति हो तो 15 दिनों के अन्दर आवश्यक कागजात के साथ न्यायालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंग

भूमि सुधार उपसमाहर्ता,
रंका।

PR.NO.361372 Revenue(25-26):D



## कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।

Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 11/2025–26

1 विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।
2 परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक 16.09.2025 को अपराह्न 03:00 बजे तक
3 निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 18.09.2025 (अपराह्न 02:00 बजे तक)
4 निविदा खुलने की तिथि :– दिनांक 18.09.2025 (अपराह्न 03:00 बजे से)
5 परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, पलामू।
6 निविदा प्राप्ति/जमा करने का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, पलामू।
7 निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
8 कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Sadar Medininagar | Construction of Garden, Tiles, Outdoor Pathway in residence of CEO Zila Parishad, Palamu. | 998000.00 | 20000.00 | 2500.00 | 3 माह |

नोट–
1. जिला परिषद, पलामू में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
2. परिमाण विपत्र की राशि किसी भी सरकारी बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से (जो जिला अभियंता, जिला परिषद पलामू के पदनाम से होगा जो डालटनगंज मे भुगतेय होगा) जमा करना अनिवार्य होगा।
3. राशि की उपलब्धता के आलोक में ही योजनाओं पर भुगतान किया जा सकेगा।

**निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्ते www.palamu.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।**

ह0/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, पलामू।

PR 361444 (District) 25-26 (D)



## कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, रांची
## कार्यालय, जिला उद्यान पदाधिकारी, पलामू

Email Id-dhopalamau@gmail.com

### आम सूचना

विभागीय राज्यादेश सं0–42 दिनांक 13.08.2025 के आलोक में वित्तीय वर्ष–2025–26 में उद्यान विकास की योजना अन्तर्गत प्राप्त लक्ष्य के अनुसार पलामू जिला के कृषकों से आवेदन की माँग की जाती है। उद्यान विकास की योजना अन्तर्गत विभागीय अनुदान पर भौतिक लक्ष्य की प्राप्ति एवं योजना के कार्यान्वयन हेतु कृषक/महिला समूह/सखी मंडल/कृषक समूह/FPO (कृषक उत्पादक संगठन) आवेदन कार्यालय से या प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी/बी0टी0एम0/ए0टी0एम0/उद्यान मित्र से प्राप्त कर सत्यापित कराते हुए पंचायत प्रतिनिधि से अनुशंसा प्राप्त कर **दिनांक–07.10.2025** तक कार्यालय में जमा कर सकते हैं। कार्य विवरणी निम्न प्रकार है :–

| क्र0 सं0 | अवयव | प्राप्त भौतिक लक्ष्य (हे0/इकाई/संख्या/एकड़) |
|---|---|---|
| 1 | युवाओं की 25 दिवसीय माली प्रशिक्षण | 24 युवाओं को |
| 2 | मिर्चा की खेती | 70 हे0 |
| 3 | ओल की खेती | 58 हे0 |
| 4 | अदरख की खेती | 48 हे0 |
| 5 | कीट रहित सब्जी उत्पादन इकाई | 21 इकाई |
| 6 | खुले वातावरण में फूलों की खेती | 12 हे0 |
| 7 | टिशुकल्चर केला की खेती | 10 हे0 |
| 8 | गृह वाटिका की स्थापना (प्रति इकाई 25 डिसमिल) | 46 इकाई |
| 9 | सब्जी की खरीफ एवं रब्बी की खेती | 311 हे0 |
| 10 | मश्रूम कीट वितरण एवं प्रशिक्षण | 5820 इकाई (194 किसान को 30 इकाई प्रति लाभुक) |
| 11 | संरक्षित फूलों की खेती | 0.6 हे0 |
| 12 | पॉली हाउस का निर्माण | 0.1 हे0 |
| 13 | टिशूकल्चर स्ट्राबेरी की उन्नत खेती | 54 हे0 |
| 14 | गुणवत्तायुक्त सब्जी, फल, फूल पौध बिचड़ा उत्पादन (सैपलिंग/नर्सरी) | 29 इकाई |

नोटः–
1. वैसे कृषकों को योजना से लाभान्वित किया जायेगा, जो विगत तीन वर्षो से उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का कोई लाभ नही लिए हों।
2. वित्तीय वर्ष 2025–26 में सब्जी प्रत्यक्षण, मिर्चा की खेती, ओल की खेती, केला की खेती एवं फूलों की खेती 10 हे0 के कलस्टर में की जायेगी।
3-ST, SC एवं लघु एवं सीमांत कृषक, कृषक समूह, महिला स्वयं सहायता समूह, कृषक उत्पादक समूह को प्राथमिकता दी जायेगी।
4. पिछले तीन वर्षो में जिन ग्रामों का चयन नही किया गया है, चयन में उन ग्रामों को प्राथमिकता दी जायेगी।
5. माली प्रशिक्षण हेतु ऐसे लाभुकों का चयन किया जायेगा, जिनकी उम्र 20 से 45 वर्ष की बीच हो तथा मैट्रिक उतीर्ण या समकक्ष (प्रमाण पत्र) कृषि उद्यानिकी फसलों के क्षेत्र में अनुभव हो।
6. आवेदन स्थानीय माननीय जनप्रतिनिधि/पंचायत प्रतिनिधि के द्वारा सत्यापित होना आवश्यक है।
7. अपूर्ण आवेदन स्वतः रद्द समझा जायेगा।
8. योजना के संदर्भ में विशेष जानकारी हेतु प्रखण्ड उद्यान मित्र तथा जिला उद्यान कार्यालय, पलामू से सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला उद्यान पदाधिकारी
पलामू

PR 361458 District(25-26)#D

# शोध गतिविधियों को बढ़ावा दें शिक्षक : शशि प्रताप शाही




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग में राधाकृष्णन सभागार में मुख्यालय स्थित शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही ने स्वयं सभी शिक्षकों के स्थान पर जाकर उन्हें अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल पठन-पाठन तक सीमित न रहें बल्कि शोध गतिविधियों को भी प्राथमिकता दें। उन्होंने सभी स्नातकोत्तर विभागों से शोध प्रारूपों पर गंभीरतापूर्वक काम करने का आग्रह किया और शिक्षकों को ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की सलाह दी। समारोह का आयोजन आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) द्वारा किया गया। मंच पर कुलसचिव प्रो. विनोद कुमार मंगलम, आईक्यूएसी के समन्वयक प्रो. मुकेश कुमार, राजनीति विज्ञान के आचार्य प्रो. एहतेशाम खान और विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. एस.एन.पी. ''दीन'' मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई जिसके बाद नवगठित संस्कार सृजन समिति के विद्यार्थियों ने कुलगीत प्रस्तुत किया। कुलपति प्रो. शाही का स्वागत प्रो. मुकेश कुमार ने अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ देकर किया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में शिक्षक दिवस के महत्व और शिक्षक की भूमिका पर विचार व्यक्त किए। मनोविज्ञान विभाग की सहायक आचार्य डॉ. मीनाक्षी ने मंच संचालन किया। इस अवसर पर कुलानुशासक प्रो. उपेन्द्र कुमार, मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो. रहमत जहां, सामाजिक विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. रविशंकर जमुआर सहित सभी विभागाध्यक्ष और शिक्षक मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

## एक नजर

### जेडीयू की बैठक सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** मंगलवार को जेडीयू प्रखंड कार्यालय कोंच में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बिहार सरकार सुन्नी वक्फ बोर्ड टिकारी के उपाध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष मो. जमीलु रहमान ने की। बैठक में मुख्य रूप से टिकारी विधानसभा अल्पसंख्यक इद्रीसिया दर्जी अधिकार सम्मेलन तथा आगामी कार्यक्रमों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में बताया गया कि वीर अब्दुल हमीद का शहादत दिवस पटना स्थित रवींद्र भवन में 10 सितम्बर को मनाया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। जदयू जिला महासचिव मो आकिब आलम ने कहा कि वीर अब्दुल हमीद की शहादत से युवा पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है और ऐसे कार्यक्रमों से समाज में एकता और जागरूकता फैलती है। बैठक में मो. अयूब, मो. इल्ताफ, कलीम, फैयाज सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बंद घर से लाखों की चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** थाना क्षेत्र के बहेलिया बिगहा मुहल्ले में बन्द पड़े घर में लाखों की चोरी की घटना घटित हुई है। चोरी की घटना की जानकारी मंगलवार को मकान में रह रहे किरायेदार के पहुंचने पर लगी। जानकारी के अनुसार मउ थाना क्षेत्र के चितौखर गांव निवासी किशोरी साव द्वारा विगत कुछ माह पूर्व बहेलिया बिगहा पशु मेला के समीप निर्माण कराया गया था। नवनिर्मित मकान में ऊपर के तल्ला पर अलग अलग फ्लैट में दो किरायेदार रहते हैं। विगत चार सितंबर से दोनों किरायेदार घर में ताला लगा कर घर गये थे। वहीं मकान मालिक भी झारखंड के भुरकुंडा सपरिवार गये हुए थे। मंगलवार की सुबह किरायेदार जब टिकारी स्थित मकान पहुंचे तो मकान के मुख्य दरवाजा का ताला टूटा हुआ पाया। जांच पड़ताल की तो मकान के सभी कमरे का ताला टूटा हुआ था व सामान बिखरा पड़ा था। किरायेदार द्वारा मामले की जानकारी किशोरी साव को दी गई। घटना की सूचना पाकर पहुंचे किशोरी साव के स्वजन ने घर का जायजा लिया तो पाया कि मकान में रखे लाखों रुपये के कीमती जेवर जेवरात, धातु के बर्तन, गैस सिलिंडर, इन्वर्टर बैटरी सहित कई सामान गायब है। चोरों द्वारा लगभग दस लाख रुपये की सम्पति की चोरी कर ली गई। घटना की सूचना डायल 112 व टिकारी थाना की पुलिस को दी गई।

### मुख्यमंत्री महिला स्वरोजगार योजना से बिचौलियों को अलग रखने की अपील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** प्रखण्ड परियोजना प्रबंधक (जीविका) प्रवीण कुमार ने प्रखण्डवासियों से अपील करते हुए कहा है कि मुझे शिकायत मिली है कि ग्रामीण स्तर पर कुछ बिचौलियों द्वारा मुख्यमंत्री महिला स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत दी जाने वाली दस हजार रूपए की राशि के तहत कुछ लोग महिलाओं से फार्म भरने एवं पैसा दिलवाने के नाम पर अवैध राशि वसूल रहे हैं। महिलाओं से निवेदन है कि यह योजना पूर्णतः निः शुल्क है। किसी भी व्यक्ति को एक रुपए की राशि नहीं दें। किसी भी तरह की परेशानी होने पर प्रखण्ड जीविका कार्यालय से या पंचायत की जीविका दीदियों से संपर्क करें तथा इसकी सूचना मुझे दें।

### केदारनाथ उच्च विद्यालय में कार्यसमिति की बैठक आयोजित

**वजीरगंज(गयाजी)।** केदारनाथ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तरवां में मंगलवार को विद्यालय कार्यसमिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मौजूद लोगों ने पूर्व के बैठकों का अवलोकन किया एवं त्रुटियों को सुधार करते हुए पूर्ण रूप से भ्रष्टाचार मुक्त रखते हुए गलतियों का दुहराव नहीं करने का निर्णय लिया गया। समिति सदस्य सरपंच प्रतिनिधि क्रांतिविर शर्मा ने बताया कि बैठक के दरम्यान कई शिकायतों पर चर्चा हुई तथा व्यवस्थाओं को दोषमुक्त रखने का निर्णय लिया गया है। बैठक में प्रधानाध्यापक मनोज कुमार, सचिव सह प्रखंड कार्यकारी समिति सदस्य मदन साव, आरिफ हुसैन, बालकृष्ण प्रसाद, शैलेन्द्र दास, मो जयाउद्दीन, अनिष भारती, शिक्षक मुन्ना कुमार, आलम, अनिल कुमार, संतन कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# मगध विश्वविद्यालय में बजाज एलियांज की प्लेसमेंट ड्राइव



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग में मंगलवार को आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव छात्रों के लिए करियर की नई संभावनाएं लेकर आई। देश की प्रमुख बीमा कंपनी बजाज एलियांज ने इस कार्यक्रम में भाग लेते हुए विद्यार्थियों को रोजगार का सुनहरा अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. एस.पी. शाही की अध्यक्षता में हुआ। पहले चरण में 51 छात्रों ने हिस्सा लिया जिनमें से योग्य छात्रों का चयन कर उन्हें दूसरे राउंड के लिए बुलाया गया। कंपनी के प्रतिनिधियों ने छात्रों के साथ संवाद सत्र आयोजित किया और बीमा उद्योग की कार्यप्रणाली, बदलते कॉर्पोरेट परिदृश्य तथा करियर निर्माण के अवसरों पर विस्तार से चर्चा की। कुलपति प्रो. शाही ने अपने संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालय छात्रों को केवल शैक्षणिक सफलता तक सीमित नहीं रखता, बल्कि उन्हें व्यावसायिक जगत की प्रतिस्पर्धा के लिए भी तैयार करता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में और भी कंपनियों को आमंत्रित किया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर करियर विकल्प मिल सके। चयन प्रक्रिया के बाद छात्रों में उत्साह और आत्मविश्वास देखा गया। छात्रों ने इसे अपने करियर का महत्वपूर्ण पड़ाव बताते हुए कहा कि ऐसी पहलें उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं। इस अवसर पर प्रबंधन विभाग के निदेशक डॉ. गोपाल सिंह, श्रम एवं समाज कल्याण विभाग की प्रभारी डॉ. वंदना, बजाज एलियांज के महाप्रबंधक संजय सिंह, मधुकर, अशोक सिंह और अजय मिश्रा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# तीर्थयात्रियों की सेवा करना पुण्य का कार्य : मंत्री प्रेम कुमार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** पितृपक्ष मेला को लेकर गयाजी में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने लगी है। इसी क्रम में सोमवार को सहकारिता मंत्री डॉ0 प्रेम कुमार ने गुरुद्वारा रोड, गोसाई बाग स्थित माहुरी वैश्य मंडल भवन में समाज की ओर से शुरू किए गए निःशुल्क शुद्ध भोजन व्यवस्था स्टाल का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान मंत्री प्रेम कुमार ने कहा कि गयाजी आने वाले लाखों तीर्थयात्रियों की सेवा करना अत्यंत पुण्य का कार्य है। 'अतिथि देवो भवः' की परंपरा को जीवंत करते हुए माहुरी वैश्य समाज ने जिस प्रकार निःशुल्क भोजन की व्यवस्था की है, वह समाज सेवा की मिसाल है। उद्घाटन के उपरांत मंत्री ने स्वयं श्रद्धालुओं को भोजन परोसा और उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि सभी सामाजिक संस्थाएं तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार पितृपक्ष मेला के सफल आयोजन और यात्रियों को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। माहुरी वैश्य समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि यह सेवा प्रतिदिन बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए जारी रहेगी। गौरतलब है कि पितृपक्ष मेला को लेकर इस बार प्रशासनिक स्तर पर व्यापक तैयारी की गई है वहीं विभिन्न सामाजिक संगठनों की सक्रियता से श्रद्धालुओं की सेवा भावना और अधिक प्रबल हुई है। वहीं मौके पर माहुरी वैश्य मंडल के सचिव अमित कुमार पिंटू जी, उत्तम लोहानी, रूपेश कुमार, नीरज कुमार, प्रदीप वैश्कियार, पिंटू चरणपहाड़ी, विकाश कुमार, ऋषि लोहानी, मनीष कुमार सोनू , दीपू कुमार, धर्मेंद्र जी, संतोष बरहपुरिया, विवेक कौशल, सुषमा वैश्कियार, निकिता कपसीमे, बबीता जी, नेहा चरणपहाड़ी, संध्या चरण पहाड़ी, विवेक कुमार छोटू, नीतीश कुमार, सौरव कुमार, सूरज सेठ, आनंद कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

## गया अभियंत्रण महाविद्यालय के 11 छात्र-छात्राओं का चयन, कॉलेज में खुशी का माहौल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** गया कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग (जीसीई) के सिविल इंजीनियरिंग विभाग (बैच 2022-26) के 11 छात्र-छात्राओं का चयन इकोस्पेस इन्फ्रास्ट्रक्चर कंपनी में हुआ है। चयनित छात्रों में राशी, दिव्या कुमारी, कैवल्य कुमार, प्रशांत राज, छोटी सिंह, रश्मि पटेल, शालू कुमारी, आदित्य मनोज, शिशु रंजन कुमार, अनन्या भारती और रौशन कुमार शामिल हैं। इस उपलब्धि पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजन सरकार ने प्रशिक्षण एवं परामर्श प्रकोष्ठ (टी एंड पी सेल) की पूरी टीम के साथ सभी सफल छात्रों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता छात्रों की मेहनत, लगन और शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन का परिणाम है। कॉलेज परिवार ने भी चयनित छात्रों को बधाई दी और कहा कि उनकी यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का कार्य करेगी। संस्थान का मानना है कि इस तरह की सफलताएं न केवल छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ाती हैं बल्कि कॉलेज की शैक्षणिक गुणवत्ता और प्रशिक्षण व्यवस्था की मजबूती को भी दर्शाती हैं। कैंपस में इस सफलता की खबर से उत्साह का माहौल है और अन्य छात्र भी इससे प्रेरित होकर बेहतर प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित नजर आ रहे हैं।

## नगर मंडल किसान मोर्चा की संगठनात्मक बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** भारतीय जनता पार्टी टिकारी नगर मंडल किसान मोर्चा की संगठनात्मक बैठक किला अंदर स्थित एक निजी आवास पर आहूत की गयी। बैठक का शुभारंभ पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीन दयाल उपाध्याय के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण के साथ राष्ट्रीय गीत से किया गया। मौके पर जुटे कार्यकर्ता ने पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीन दयाल उपाध्याय अमर रहे, भारत माता की जय, भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, जेपी नड्डा, नरेंद्र मोदी, अमित शाह जिंदाबाद की नारा बुलंद करते नजर आए। बैठक में किसान मोर्चा की कमिटी का घोषणा किया गया जिसमें 1 अध्यक्ष के अलावे 6 उपाध्यक्ष, 6 मंत्री, 2 महामंत्री, एक-एक कोषाध्यक्ष, मीडिया प्रभारी, प्रवक्ता का पद दिया गया।

## किशोरी का अपहरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र से एक किशोरी के अपहरण का मामला सामने आया है। घटना 1 सितंबर की रात 12:30 से 1:00 बजे के बीच की बताई जा रही है। पीड़िता की मां ने कोंच थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी रात में अचानक घर से गायब हो गई। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चला। जानकारी के अनुसार औरंगाबाद जिले के उपहारा थाना क्षेत्र का एक युवक किशोरी को शादी का झांसा देकर भगा ले गया।

# बोधगया में बनेगा खादी इंडिया ग्लोबल शोरूम खादी को मिली एक और बड़ी सफलता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार की सांस्कृतिक विरासत और आत्मनिर्भर भारत के स्वप्न को साकार करने की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम उठाया गया। बिहार राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, पटना द्वारा बोधगया में खादी इंडिया ग्लोबल शोरूम की स्थापना की जा रही है। इस प्रस्ताव को बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम से औपचारिक स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। बोधगया के टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स परिसर स्थित टूरिस्ट इन्फॉर्मेशन सेंटर के समीप इस शोरूम का निर्माण किया जाएगा जिससे देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को बिहार की खादी, हस्तशिल्प और ग्रामोद्योग उत्पादों से सीधे जोड़ा जा सकेगा। यह शोरूम न केवल खादी उत्पादों के प्रचार-प्रसार का माध्यम बनेगा, बल्कि इससे स्थानीय कारीगरों को रोजगार, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती और बिहार की सांस्कृतिक पहचान को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने में मदद मिलेगी।

**खादी की नई उपलब्धि:** यह पहल बिहार की खादी को 'लोकल टू ग्लोबल' की दिशा में अग्रसर करने का एक और सफल प्रयास है। बोधगया जैसे अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल पर यह शोरूम न केवल पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा, बल्कि खादी को वैश्विक मंच भी प्रदान करेगा। गया परियोजना के साथ ही दरभंगा जिले के सरमोहनपुर में खादी मॉल सह अर्बन हाट के निर्माण की शुरुआत कर दी है। वर्तमान में बिहार में पटना और मुजफ्फरपुर में खादी मॉल संचालित हो रहे हैं जबकि पूर्णिया में निर्माण कार्य जारी है। इस संबंध में बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी यशपाल मीना ने कहा कि बोधगया जैसे अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल पर खादी इंडिया ग्लोबल शोरूम की स्थापना और दरभंगा में खादी मॉल की शुरुआत, दोनों ही पहलें बिहार की खादी को 'लोकल से ग्लोबल' मंच प्रदान करने के मजबूत प्रयास हैं। उद्योग विभाग बिहार सरकार की निरंतर पहल से न केवल राज्य के कारीगरों एवं उद्यमियों के लिए नए अवसर सृजित होंगे, बल्कि आत्मनिर्भर बिहार अभियान को भी सशक्त करेगा।

# गांजा तस्कर दो किलो दो सौ ग्राम के साथ दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** थाना क्षेत्र के गोपालपुर के पास पुलिस ने गांजा की तस्करी करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि धनगाई थाना क्षेत्र के पड़रिया गांव के रहने वाले तस्कर विनोद सिंह एवं मो. सलाउद्दीन गांजा की खेप लेकर गोपालपुर के पास डिलीवरी करने आने वाले हैं। सूचना के आधार पर शेरघाटी पुलिस ने छापेमारी कर दोनों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों के पास से लगभग 2 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी लंबे समय से इस धंधे में सक्रिय थे और विभिन्न जगहों पर छोटे स्तर पर गांजा की सप्लाई किया करते थे। शेरघाटी एएसपी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस लगातार नशे के कारोबार पर कड़ी नजर बनाए हुए है। इसी कड़ी में टीम ने सफलता हासिल करते हुए गांजा तस्करों को पकड़ने में कामयाबी पाई। उन्होंने कहा कि मामले की गहन जांच की जा रही है और यह भी पता लगाया जा रहा है कि इनके संपर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। एएसपी ने कहा कि समाज में नशे के कारोबार को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस की कार्रवाई से स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है और उम्मीद जताई है कि इस तरह की सख्ती से शहर और गांवों में नशे का जाल धीरे-धीरे खत्म होगा।

## अंबेडकर की प्रतिमा चोरी, आक्रोशित लोग सड़क पर उतरे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** शहर डेल्हा थाना क्षेत्र के बालाजी नगर कॉटन मिल इलाके में सोमवार की सुबह अज्ञात लोगों ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा चोरी कर ली। घटना की खबर मिलते ही पूरे मोहल्ले में आक्रोश फैल गया। लोग गुस्से में सड़क पर उतर आए और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।स्थानीय लोगों ने कहा कि बाबा साहब की प्रतिमा हमारे समाज की आस्था, सम्मान और समानता का प्रतीक है। उसकी चोरी ने भावनाओं को गहराई से आहत किया है। लोगों ने मांग की कि दोषियों को जल्द पकड़ा जाए और नई प्रतिमा स्थापित कर सम्मान बहाल किया जाए। स्थानीय निवासियों ने बताया कि इस कॉलोनी का निर्माण एनएल बीड़ी कंपनी ने कराया था। उसी दौरान पार्क के लिए जमीन छोड़ी गई थी। वहीं बाबा साहब की प्रतिमा स्थापित की गई थी।

### शपथ पत्र

मैं मनोरमा देवी (MANORMA DEVI) उम्र-48 वर्ष पति अशोक प्रसाद निवासी ग्राम सैफगंज पो. जाखिम थाना रफीगंज जिला औरंगाबाद (बिहार) निम्नलिखित बातों का सत्य एवं निष्ठापूर्वक घोषणा करती हूं कि उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं। हिमांशु कुमार मेरा पुत्र है जो केंद्रीय विद्यालय, औरंगाबाद (बिहार) के दशम वर्ग का छात्र है। मेरे पुत्र का केंद्रीय विद्यालय, औरंगाबाद (बिहार) के नामांकन पंजी में माता का नाम मनोरमा देवी का Spelling MANORAMA DEVI अंकित है जो गलत है जबकि माता का नाम मनोरमा देवी का सही Spelling MANORMA DEVI है। मेरे आधार कार्ड (आधार नं.-4434 6611 3703) पर भी मेरे नाम मनोरमा देवी का Spelling MANORMA DEVI ही अंकित है जो सही है। मनोरमा देवी का सही Spelling MANORMA DEVI है।
मैं पुनः घोषणा करती हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरे व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है। शपथ पत्र सं. 1850 दिनांक 9.9.25

शपथकर्ता
मनोरमा देवी

### शपथ पत्र

मैं लालजी गिरी उम्र 39 वर्ष पिता भुनेश्वर गिरी निवासी ग्राम पिपरा पो. मिर्जापुर थाना माली जिला औरंगाबाद (बिहार) निम्नलिखित बातों का सत्य एवं निष्ठापूर्वक घोषणा करता हूं कि उपरोक्त पत्ते का स्थायी निवासी हूं।
आदित्या गिरी मेरा पुत्र है जो केंद्रीय विद्यालय, औरंगाबाद (बिहार) के दशम वर्ग का छात्र है। मेरे पुत्र का केंद्रीय विद्यालय, औरंगाबाद (बिहार) के नामांकन पंजी में पिता का नाम लालजी गिरी का Spelling LALJE GIRI अंकित हो गया है जो गलत है जबकि पिता का नाम लालजी गिरी का सही Spelling LALJI GIRI है। मेरे आधार कार्ड (आधार नं.-7552 8864 6327) पर भी मेरे नाम लालजी गिरी का Spelling LALJI GIRI ही अंकित है जो सही है। मेरे नाम लालजी गिरी का सही Spelling LALJI GIRI है।
मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरे व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है। शपथ पत्र सं. 18448 दिनांक 9.9.25

शपथकर्ता
लालजी गिरी

### शपथ पत्र

मैं रिंकी कुमारी, पति-ओम प्रकाश सिंह ग्राम+पोस्ट-तरारी, थाना-दाउदनगर, जिला-औरंगाबाद (बिहार) पिन नं.- 824113 सत्य एवं निष्ठा पूर्वक निम्नलिखित बयान करती हूं कि मैं उपरोक्त पत्ते का स्थायी निवासी हूं।
मेरा आधार कार्ड संख्या 7302 0891 7849 है जिसमें मेरा नाम रिंकी कुमारी दर्ज है।
यह कि DAV SCHOOL में रिंकी देवी दर्ज है। रिंकी कुमारी एवं रिंकी देवी दोनों नामों से जानी एवं पहचानी जाती हूं एवं दोनों नाम मेरा ही है। मैं अपने उपरोक्त दोनों नामों के समर्थन में यह शपथ-पत्र निष्पादित कर रही हूं।
मैं पुनः घोषणा करती हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरे व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है। शपथ पत्र सं. 11476 दिनांक 08.09.25

शपथकर्ता
रिंकी कुमारी

### शपथ पत्र

मैं संतोष महतो उर्फ संन्देश कुमार पिता-भईया राम महतो उम्र करीब-37 वर्ष निवासी-ग्राम-अदमापुर, पो. अमरा तालाब, थाना-अमरा तालाब जिला-रोहतास (बिहार) शपथपूर्वक बयान करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं। मेरे निर्गत आधार कार्ड, पैन कार्ड में मेरा नाम संतोष महतो दर्ज है जिसका आधार नं.-5301 1722 5581 है। मेरा पहले का आधार कार्ड संन्देश कुमार से दर्ज था जिसके अनुसार मेरा एल. आई. सी. के पॉलिसी नं.-826741052 में मेरा नाम संन्देश कुमार से एल. आई.सी. खुल गया था। संतोष महतो एवं संन्देश कुमार दोनों नाम एक ही व्यक्ति यानी मेरा ही नाम है। मैं दोनों नामों से जाना पहचाना जाता है।
मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरे व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है। शपथ पत्र सं. 15975 दिनांक 12.08.25

शपथकर्ता
संतोष महतो उर्फ
संदेश कुमार

## कार्यालयः— जिला मत्स्य पदाधिकारी सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, पलामू।

### राजस्व जलकरों की खुली डाक से अल्पकालीन बन्दोबस्ती की द्वितीय सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पलामू जिला के विभिन्न अंचल अन्तर्गत निम्नांकित जलकरों की अल्पकालीन बन्दोबस्ती वर्ष 2025—26 से 2027—28 तक तीन वर्षो (01/04/2025 से 31/03/2028 तक) के लिए खुले डाक के माध्यम से किया जाना है। **जलकरों की अल्पकालीन बन्दोबस्ती 19/09/2025 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में किया जायेगा।** बन्दोबस्ती के दौरान बन्दोबस्त जलकरो का तीन साल का राजस्व राशि एक मुश्त कार्यालय मे जमा करना होगा।

**यदि समिति नीचे दिये गये जलकरों की बन्दोबस्ती लेना चहती है, तो दिनांक 16/09/2025 तक अपनी अहर्त्ता पूर्ण करते हुए बन्दोबस्ती प्राप्त कर सकती है।**

अगर प्रथम तिथि 19/09/2025 को अपरिहार्य कारणवश खुला डाक नहीं होने पर **द्वितीय तिथि 25/09/2025**, तृतीय तिथि **06/10/2025** को पूर्वाह्न 11:00बजे से खुले डाक से बन्दोबस्ती किया जायेगा। **अगर किसी जलकर की बन्दोबस्ती खुला डाक द्वारा उपरोक्त तिथि को नही हो पाती है तो उस स्थिति में सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को बन्दोबस्ती की जायेगी।**

| क्र0 | जलकर का नाम | खाता सं0 | प्लाट सं0 | रकबा (ए0 में) | जलक्षेत्र (ए0 में) | वार्षिक सुरक्षित जमा राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | अंचल —चैनपुर | | | | | | |
| 1 | खपिया मछली घाट | - | - | - | - | 6900.00 | |
| | अंचल —नावाबाजार | | | | | | |
| 2 | कण्डा तालाब | - | - | 1.00 | 0.81 | 4255.00 | |
| 3 | रबदा तालाब | 20 | 227 | 0.81 | 0.50 | 5450.00 | |
| | अंचल —लेस्लीगंज | | | | | | |
| 4 | कठौंधा तालाब | 60 | 196, 197 | 0.32 | 0.25 | 1900.00 | |
| 5 | अम्बा मछली घाट | 1 | 75 | 2.4 | 1.60 | 3000.00 | |
| 6 | लेस्लीगंज पीट तालाब | 2 | 203 | 1.00 | 0.61 | 4500.00 | |
| | अंचल — पाँकी | | | | | | |
| 7 | डंडारकला तालाब | 414 | 663, 667, 668 | 0.81 | 0.50 | 3500.00 | |
| 8 | पाँकी बाजार तालाब | 1 | 2373 | 0.41 | 0.36 | 1600.00 | |
| 9 | चोरेया आहर | 64 | 229 | 1.14 | 0.75 | 3000.00 | |
| 10 | ताल तालाब | 3, 33, 35, 36 | 168, 170, 171, 172, 173 | 1.94 | 1.00 | 1500.00 | |
| 11 | सीरम तालाब | 79 | 520 | 1.69 | 1.00 | 10000.00 | |
| 12 | उचहरा तालाब | 21 | 42 | 1.56 | 1.25 | 5000.00 | |
| 13 | पाँकी पईन तालाब | 308 | 2845, 2475 | 0.4 | 0.14 | 2600.00 | |
| 14 | कोटेया तालाब | 27 | 148 | 2.51 | 1.75 | 51500.00 | |
| 15 | लेहरसी तालाब | 122 | 1344 | 0.86 | 0.60 | 62100.00 | |
| 16 | मंगलपुर आहर | 118 | 872 | 1.32 | 0.75 | 3000.00 | |
| | अंचल —हरिहरगंज | | | | | | |
| 17 | कुशहानाला बाँध | 137, 138, 149 | 1314, 1307, 1275, 1276, 1303, 1315 | 8.78 | 8.00 | 13000.00 | |
| | अंचल — पण्डवा | | | | | | |
| 18 | बहेरा आहर | 36 | 931 | 101.70 | 2.30 | 16100.00 | |
| 19 | भूतहा आहर | 93 | 368 | 2.25 | 1.00 | 8970.00 | |
| 20 | सरैया डैम | 14 | 53 | 0.60 | 0.50 | 5175.00 | |
| | अंचल — पाटन | | | | | | |
| 21 | सोले मछली घाट | - | - | 10.00 | 7.00 | 9200.00 | |
| 22 | उताकी चेक डैम | 36 | 574 | 2.59 | 1.50 | 6325.00 | |
| 23 | निमिया आहर | 60 | 257 | 1.40 | 1.20 | 5750.00 | |
| 24 | काजीतर दोहर तालाब | 159 | 556, 557 | 2.05 | 1.80 | 5500.00 | |
| | अंचल — हुसैनाबाद | | | | | | |
| 25 | छठ पोखर | 171 | 79, 80 | 1.37 | 0.50 | 2500.00 | |
| 26 | जुड़ी बाँध | 32 | 84 | 6.00 | 5.00 | 21000.00 | |
| 27 | डुमरहथ्था तालाब | 75 | 382 | 1.14 | 0.80 | 6900.00 | |
| | अंचल —छत्तरपुर | | | | | | |
| 28 | खाटिन तालाब | 88 | 517 | 1.50 | 0.40 | 4600.00 | |
| 29 | करमाकला तालाब (आहर) | 32 | 184 | 0.70 | 0.50 | 13800.00 | |
| 30 | हेसला डैम | 83, 1 | 565, 619 | 21.28 | 20.00 | 28750.00 | |
| | अंचल — ऊँटारीरोड | | | | | | |
| 31 | जोगा मछली घाट | 200 | 227 | 8.10 | 5.00 | 3450.00 | |
| 32 | मलवरिया मछली घाट | - | - | - | - | 3450.00 | |
| | अंचल — विश्रामपुर | | | | | | |
| 33 | सिगसिगी मछली घाट | - | - | - | - | 2200.00 | |
| 34 | रक्साहा मछली घाट | - | - | - | - | 2200.00 | |
| | अंचल —तरहसी | | | | | | |
| 35 | उदयपुरा डैम | - | - | 26.00 | 20.00 | 13500.00 | |
| 36 | छेछानी जलाशय | - | - | 23.60 | 20.00 | 13000.00 | |

**डाक के आवश्यक शर्तें निम्नांकित है :—**

1. डाक में भाग लेने वाले व्यक्तियों को सुरक्षित जमा राशि का 10प्रतिशत अग्रधन के रूप में डाक बोलने के पूर्व जमा करना होगा। डाक की समाप्ति के बाद उच्चतम डाक वक्ता के अग्रधन राशि को बन्दोबस्ती राशि में समायोजित कर ली जाएगी। शेष अन्य डाक वक्ताओं के अग्रधन राशि को लौटा दी जाएगी।
2. उच्चतम डाक वक्ता को डाक समाप्ति के तुरन्त बाद डाक की पूर्ण राशि जमा करनी होगी अन्यथा अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी तथा डाक में व्यवधान पैदा करने के आरोप में उनके विरूद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
3. डाक में भाग लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति को अपना पहचान पत्र (आधार कार्ड/वोटर कार्ड) लाना अनिवार्य होगा।
4. डाक की स्वीकृति के पश्चात् उच्चतम डाकवक्ता को संबंधित एकरारनामा कराना अनिवार्य होगा एवं अद्योहस्ताक्षरी से परवाना प्राप्त किये बिना उक्त जलकर में उच्चतम डाकवक्ता कोई कार्य नहीं करेंगें।
5. बन्दोबस्त तालाब का निबंधन, निबंधन कार्यालय द्वारा निर्धारित राशि का स्टाम्प शुल्क देकर निबंधन कराना अनिवार्य होगा एवं इसके पश्चात् ही परवाना निर्गत किया जायेगा।
6. अद्योहस्ताक्षरी को किसी भी डाक को रद्द अथवा सम्पूर्ण डाक को स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
7. खुले डाक के दौरान कार्यालय कक्ष में मोबाईल फोन ऑफ रहेगा।

PR 361452 (Fish) 25-26 (D)

मो0 कमरूज्जमाँ
जिला मत्स्य पदाधिकारी—सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, पलामू।

संपादकीय

# एम.वाय.- अक्षम्य लापरवाही

मध्यप्रदेश के बड़े सरकारी अस्पतालों में जिस असंवेदनशील और लापरवाह तरीके से काम हो रहा है, वह न केवल शर्मनाक बल्कि अक्षम्य अपराध की श्रेणी में आता है। प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल कहे जाने वाले इंदौर के महाराजा यशवंतराव (एम.वाय.) अस्पताल में चूहों के कतरने से एक नवजात आदिवासी बच्चे की मौत और अस्पताल प्रबंधन द्वारा इस मामले में लगातार झूठ बोले जाने से लोगों में स्वाभाविक आक्रोश है। अस्पताल के कुप्रबंधन के कारण चूहे नवजात की चार उंगलियां खा गए। यह सुनकर भी कोई सिहर उठेगा। इस पूरे मामले में बच्चे की सुरक्षा के बजाए अस्पताल प्रशासन इस कोशिश में लगा रहा कि बच्चे को लावारिस घोषित कर ि?दया जाए, जबकि उसकी मां लगातार अपने नवजात का हाल पूछती रही। गौरतलब है कि धार जिले के रूपापाड़ा गांव की रहने वाली 25 साल की मंजू कटारा अपनी नवजात बच्ची के इलाज के लिए धार के जिला अस्पताल पहुंची थी, लेकिन अस्पताल ने 31 अगस्त उसे एम.वाय. रेफर कर दिया। उसे अपूर्ण गुदा की समस्या के कारण सर्जिकल उपचार के लिए भेजा गया था। बच्ची की मां का कहना है कि बच्ची को एम.वाय. में चूहे ने काट लिया था। चूहे उसकी चार उंगलियां खा गए। इसकी जानकारी देना तो छोड़िए किसी ने यह भी नहीं बताया कि बच्ची की मौत हो चुकी है। इस बारे में अस्पताल के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ.अशोक यादव का कहना है कि मृतक नवजात बच्ची को उसके परिजन अस्पताल के बाहर छोड़कर चले गए थे. प्रबंधन ने उसे इलाज के लिए एनआईसीयू में रखा था। जबकि बच्ची के परिजनों का आरोप है कि अस्पताल ने उन्हें जानकारी दिए बगैर बच्ची को लावारिस घोषित कर दिया। हालांकि इस संदर्भ में मिले दस्तावेजों से खुलासा हुआ है कि एम.वाय. अस्पताल प्रबंधन झूठ बोल रहा है। धार जिला अस्पताल से बच्ची को एम.वाय.रेफर किया गया था। इसके दस्तावेज मौजूद हैं। फिर बच्ची लावारिस कैसे हुई? बच्ची के परिजनों का यह भी आरोप है कि वे दो दिन तक अस्पताल के बाहर भूखे-प्यासे बैठे रहे। डॉक्टरों ने उन्हें घर भेज दिया और बाद में बच्ची की मौत के बाद उसे लावारिस घोषित कर दिया गया। इस बीच 'जय आदिवासी युवा शक्ति संगठन' के राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकेश मुजाल्दा ने कहा कि हमें जब कुछ गड़बड़ी का इनपुट मिला तो संगठन ने अपने नेटवर्क से उस बच्ची के मां-बाप को ढूंढ़ निकाला। उनसे मिलने के बाद पता चला कि अस्पताल इस मुद्दे को दबाना चाहता था। इस बीच धार से पहुंचे परिजन और जयस कार्यकर्ताओं ने एमवाय अस्पताल गेट पर प्रदर्शन कर एक-एक करोड़ मुआवजे की मांग की। बच्ची के पिता देवाराम कटारा ने कहा कि बच्ची को भर्ती कराने के बाद हम दो दिन तक अस्पताल के बाहर रुके, भूखे-प्यासे. अंदर जाने नहीं दिया गया। फिर डॉक्टरों ने कहा कि घर जाओ, हम फोन पर जानकारी देंगे। हमारे साथ बहुत बड़ा धोखा हुआ है। लेकिन पांच दिन तक किसी ने संपर्क नहीं किया। उन्होंने कहा कि मौत की सूचना उन्हें तब मिली जब एक नेता उनके घर पहुंचे। परिजन ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए न्याय की मांग की। वैसे एम.वाय. में एक और नवजात की चूहों के काटने से मौत का मामला सामने आया है। इसका सीधा अर्थ यह है कि अस्पताल में चूहों का साम्राज्य है और प्रबंधन उन पर नियंत्रण का कोई उपाय नहीं कर रहा है। एम.वाय. का यह मामला बेहद गंभीर और शर्मनाक है। इस मामले में सरकार को दोषियों के खिलाफ सख्त और तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए।

# दुर्घटनाओं की जिम्मेदारी तय हो...

**हमारे देश में दुर्घटनायें होती हैं परंतु शायद ही कभी किसी की कोई जवाबदारी तय होती हो। यह चलन केवल आज से नहीं है बल्कि आजादी के बाद से ही लगभग चला आ रहा है। कभी-कभी कुछ राजनैतिक, नैतिकता के आधार पर कदम उठाये जाते हैं। ऐसे कदम वैयक्तिक नैतिकता के नाते मानदंड बनते हैं। परंतु व्यवस्था में कोई परिवर्तन नहीं लाते। कुंभ मेले में एक बड़ी दुर्घटना इलाहाबाद रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में हुई थी, उस समय प्रधानमंत्री स्वरू जवाहर लाल नेहरू थे और वह इलाहाबाद के फूलपुर से सांसद थे। इसमें कई सौ लोग भगदड़ में मर गये थे। कुछ दिन मीडिया पर्व चला, कमेटी बनी, कुछ सुझाव आये और मामला समाप्त हो गया। एक रेल दुर्घटना को लेकर तत्कालीन, रेलमंत्री स्वरू लाल बहादुर शास्त्री ने नैतिक आधार पर इस्तीफा दिया था। उससे उनकी निजी छवि व ऊंचाई बढ़ी परंतु व्यवस्था जहां की तहाँ रही। स्वरू विश्वनाथ प्रताप सिंह उप्र के मुख्यमंत्री थे तो उनके भाई जो जज थे, कि हत्या डाकूओं ने की थी, उन्होंने भी नैतिक आधार पर अपनी असफलता मानकर इस्तीफा दिया था और देश ने जैसे उनके गुरु स्वरू लाल बहादुर शास्त्री को नैतिकता का पर्याय बताया था उसी प्रकार उन्हें भी सम्मानित किया।**

**रघु ठाकुर**

इस्तीफे के बाद स्वरू व्ही. पी. सिंह भी प्रधानमंत्री बने। हालाँकि दस्यु समस्या यथावत रही। वैसे तो सबसे बेहतर यह होता कि ये इस्तीफा देने की जगह व्यवस्था को सुधारते, गड़बड़ियां करने वालों को दंडित करते परंतु किसी ने भी वह नहीं किया। अगर इस्तीफा, देने के बाद इन्होंने उस व्यवस्था को सुधारने के लिये चाहे वह रेल की हो या कानून व्यवस्था की, कुछ संघर्ष भी किया होता तब भी कुछ हलचल होती परंतु कालान्तर में उसी व्यवस्था के बड़े हिस्सेदार बने रहे।



अब तो प्रतिवर्ष न मालूम कितने हादसे होते हैं। दो-चार दिन अखबार में छप जाते हैं परंतु दंडित कोई नहीं होता। यूनियन कार्बाइड में, मिक गैस के रिसन के लिये कौन जवाबदार था, कौन गुनाहगार है इस पर आज तक कोई निर्णय नहीं हुआ। और पीड़ित पक्ष भी केवल पैसा व रियायतें लेकर अपने मृतक पुरखों की मौत को बेच देता है। मप्र में धार में विस्फोट की घटना हुई, फिर हरदा में हुई और ऐसी अनेकों घटनायें उद्वित की जा सकती हैं परंतु सभी गुनाहगार सलाखों के बाहर हैं। पिछले कुछ वर्षों में जो धार्मिक जुनून पैदा हुआ है, उसके कारण भी कई भगदड़ें हुई हैं। ग्वालियर जिले के रतनगढ़ की माता के मंदिर में अचानक पानी छोड़ देने से कृत्रिम बाढ़ आई जिससे बड़ी संख्या में लोग मरे और देवी कृपा से सब शांत हो गया। गुना जिले में भी एक मंदिर में वार्षिक मेले में भारी भीड़ हुई, दुर्घटना में काफी लोग मरे, सरकारों ने मुआवजा दिया और मामला शांत हो गया। ऐसी कितनी ही घटनायें धार्मिक स्थलों पर लगातार होती रही हैं। हालांकि हमारे देश के मीडियाके एक हिस्से का नजरिया धार्मिक मामलों में नितांत अंधविश्वासी जैसा है। एक बार जब बद्रीनाथ, केदारनाथ में अचानक बर्फपिघलने से बाढ़ आई, भारी तबाही हुई तो पर्यावरणविदों ने इस घटना को वनों के कटाई वालों के खाते में डाल दिया और मीडिया के एक हिस्से ने छापा कि बस केवल मठ बचा रह गया। याने भगवान केवल खुद को ही बचा पाये। अभी धराली उत्तराखंड में जो घटना हुई और बाढ़ आई उसके बारे में मीडिया ने छापा केवल गीता बच गई। याने छपी हुई गीता की किताब बड़ी संख्या में इंसानों की मौत से अधिक महत्वपूर्ण है। यदि गीता बह भी जाती तो गीता प्रेस से दूसरी प्रति मिल जाती। परंतु जिन इंसानों की जान चली गई क्या उन्हें वापिस लाया जा सकता है?

अभी कुछ दिनों पूर्व देश में तीन और घटनायें घटी,

1. बंगलोर में क्रिकेट के मैच के बाद जश्न मनाने को जो लोग लाखों की संख्या में जमा हुये, वहां भगदड़ मची तथा कई लोग मारे गये। क्रिकेट बोर्ड के लोगों ने पहले से जीत के बाद जश्न मनाने को जो तैयारियां व व्यापक प्रचार किया था उसके मानसिक प्रभाव में लाख से अधिक लोग मैदान में पहुँच गये। इसकी सूचना अधिकृत रूप से पुलिस को थी, न प्रशासन को थी। दो चार दिन अखबार में परस्पर दोषारोपण हुआ, क्रिकेट खिलाड़ी विराट कोहली ने खेद व्यक्त किया और मामला शांत हो गया।

2. तेलंगाना में एक फिल्म के शो के प्रीमियर पर दक्षिण के एक लोकप्रिय अभिनेता को टॉकीज के पास बुलाया गया और उन्हें देखने के लिये जो भगदड़ गची उसमें कई लोग मारे गये। चूंकि उक्त अभिनेता वहाँ की सरकार के खिलाफ वाले हैं अतरू यह शायद देश की पहली घटना होगी जहां की अभिनेता पर इस आधार पर आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया कि वह बगैर पुलिस सूचना के ऐसे कार्यक्रम में न पहुंचे जिसके कारण भगदड़ गची और मौतें हुई। परंतु इस प्रकार की कार्यवाही कर्नाटक में नहीं हुई।

3. अभी कुछ दिनों पहले मप्र के सीहोर के एक कथावाचक श्री प्रदीप मिश्रा के आयोजन में शामिल होने के लिये देशभर से हजारों या लाख के आसपास लोग पहुँच गये, वहाँ भगदड़ मची और उस भगदड़ में कई श्रद्धालु मर गये। ऐसा बताया जाता है कि श्री प्रदीप मिश्रा रूद्राक्ष बांटते हैं और देश के आम लोगों में यह प्रचारित है कि इस रूद्राक्ष से मोक्ष मिल जायेगा। यह भी बताया जाता है कि श्री प्रदीप मिश्रा कोई पर्ची निकालते हैं, इस पर्ची में क्या होता है इसकी कोई निजी जानकारी मुझको नहीं है परंतु कुछ लोग कहते हैं कि समस्याओं का हल निकलता है। इतनी गंभीर घटना के बाद भी श्री प्रदीप मिश्रा ने न तो कोई जवाबदारी ली और न प्रशासन ने कोई कार्यवाही की।

कई बार तो ऐसा लगता है कि देश में दो प्रकार के कानून चल रहे हैं, हम जो राजनैतिक पार्टी के लोग हैं, जो समाज परिवर्तन के लिये काम करते हैं, लोगों को सविनय अवज्ञा सिखाने का प्रयास करते हैं, उनके लिये सुप्रीम कोर्ट से लेकर सरकारों तक सबसे बड़े कठोर नियम हैं। एक राजनैतिक दल को यदि धरना देना हो तो कलेक्टर के यहां आवेदन करना होता है, वह आवेदन पुलिस को भेजा जाता है और पुलिस की सहमति के बाद अनुमति दी जाती है। कितना विचित्र है कि एक सविनय अवज्ञा वाले को पुलिस से अनुमति लेनी होती है व दफ्तार के चक्कर काटना पड़ते हैं, इतना ही नहीं 20-30 कालम का एक प्रारूप है जो दिल्ली के संसद मार्ग थाने में भरना होता है, इसे सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर बनाया गया। परंतु यह व्यवस्था व नियम प्रदीप मिश्रा, बाबाओं, क्रिकेट खिलाड़ियों आदि को नहीं है। वे जब चाहे बगैर किसी व्यवस्था के लाख लोग जमा करें, परंतु वे कानून से परे हैं। घटना के पहले या बाद में पुलिस प्रशासन इनकी सेवा में तल्लीन रहता है, ये बाबा लोग कह सकते हैं कि हमने नहीं बुलाया, परंतु यह सत्य नहीं है, सूचना देने के या पहुँचने के कई तरीके होते हैं और जब एक बार बड़ी संख्या में लोग जुड़ जाते हैं तो वह भी स्वतरू विचार करते हैं। सोशल मीडिया भी एक बड़ा माध्यम है। हाल के कुंभ में बकायदा उप्र सरकार के मंत्रियों ने राज्यों में जा जाकर निमंत्रण दिया था इसके बावजूद भी शासन और प्रशासन कोई जवाबदारी लेने को तैयार नहीं। दुर्घटना होने के बाद राज्य सरकारें या केंद्र सरकार, सरकारी कोष से आर्थिक मदद मृतक के परिवार को देती है याने जनता ही जाये, जनता ही मरे और जनता के पैसे से ही मरने वालों के परिवारों को मदद दी जाये। होना तो यह चाहिये कि इन बाबओं या कथावाचकों के पास जो धन जमा है उससे मृतकों को हर्जाना देना चाहिये और जिस प्रकार एक आदमी के विरुद्ध बगैर अनुमति के आयोजन करने के लिये आपराधिक मुकदमा चलाया जाता है, उसी प्रकार इन बाबाओं के विरुद्ध मुकदमा चलाया जाना चाहिये। प्रदेश और देश में कानून का राज नहीं है। कानून के राज का मतलब होता है सबके लिये समान कानून व्यवस्था। परंतु हमारे देश में राजनैतिक सत्ताधीशों, धार्मिक सत्ताधीशों और पूँजी के सत्ताधीशों के लिये कोई कानून नहीं है, ये कानून से परे हैं। जनता को भी अंध विश्वासों से मुक्ति पानी चाहिये और भाग्य व पर्ची के बजाये कर्म और पुरुषार्थ पर भरोसा करना चाहिए।

## अध्यात्म

### बच्चों की प्रतिभा को पहचानकर उन्हें उसी क्षेत्र में आगे बढ़ाना चाहिए



स्वामी दयानंद सरस्वती के गुरु का नाम था स्वामी विरजानंदजी। वे भी बड़े तेजस्वी थे। एक दिन दयानंद अपने गुरु के पास पहुंचे और बोले, अब मेरी शिक्षा पूरी हो चुकी है, इसलिए मैं आपके लिए गुरु दक्षिणा लेकर आया हूं, वो आपको देना चाहता हूं।

गुरु ने कहा, दो मुझे, क्या लेकर आए हो मेरे लिए?

दयानंद ने कुछ लौंग अपनी मुट्ठी में रखी हुई थी। हाथ में लौंग दिखाते हुए दयानंद ने कहा, मैं ये लौंग आपके लिए लेकर आया हूं। लौंग देखकर गुरु थोड़े क्रोधित हो गए। उन्होंने कहा, मैंने तुम्हें जो शिक्षा दी है, उसका ये मोल है? थोड़ी सी लौंग लेकर आए हो।

दयानंद ने विनम्रता से कहा, मैं एक संन्यासी हूं। मेरे पास कुछ है नहीं। मुझे भिक्षा में जो मिला है, वही दे सकता हूं।

तब गुरु विरजानंद ने कहा, दयानंद गुरु दक्षिणा तो मैं जरूर लूंगा और वही लूंगा जो तुम्हारे पास है। मैंने तुम्हारी आंखों में मनुष्यता के लिए दया देखी है। और ये भी देखा है कि जो पाखंड और कुप्रथाएं इस समय समाज में चल रही हैं, उन्हें मिटाने के लिए तुम जन जागृति कर सकते हो। ये प्रतिभा मैंने तुम में देखी है। तुम दोहरा जीवन नहीं जीते हो। तुम जो सोचते हो, वही बोलते हो। मुझे तुमसे यही चाहिए कि तुम लोक हित में इन कुप्रथाओं का समापन करो।

इसके बाद दयानंद सरस्वती ने स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेते हुए लोक हित में कई कुप्रथाओं को समाप्त किया।

जो गुरु समर्थ हैं, वे अपने शिष्यों की योग्यता और स्वभाव को अच्छी तरह जानते हैं। माता-पिता भी अपने बच्चों के पहले गुरु होते हैं। माता-पिता को चाहिए कि वे अपने बच्चों की प्रतिभा को परखें और उन्हें उसी क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें। शिष्य को उसकी प्रतिभा के अनुसार लोक हित में काम करने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

# भारत के पीएम को पूरा विश्व दे रहा सम्मान और विपक्ष कर रहा अपमान

**बिहार विधानसभा चुनाव - 2025 को लेकर राजनैतिक दलों की गतिविधियां तीव्र हो चली हैं। यद्यपि अभी वहां चुनाव होने में दो माह से अधिक का समय शेष है तथापि चुनावी घमासान चरम पर पहुंच गया है। चुनाव आयोग ने मतदाता सूची को ठीक करने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण अर्थात एसआईआर कराया तो राहुल बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के साथ वोटर अधिकार यात्रा निकालने में लग गए जिसमें उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव सहित तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन भी शामिल हुए।**

**मृत्युंजय दीक्षित**

राहुल गांधी की यह यात्रा तो थी वोटर अधिकार रैली किंतु आगे बढ़ते हुए बन गई बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठिया बचाओ और उनको मतदाता बनाओ रैली। राहुल गांधी की बिहार में आयोजित वोटर अधिकार रैली में भारत के प्रति अपनेपन का गहरा अभाव रहा। तमिल नेता स्टालिन को बुलाकर हिंदी भाषा का अपमान किया गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व राहुल गांधी सहित अन्य नेताओं ने पटना रैली में भारत व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित चुनाव आयोग के खिलाफ जी भरकर नफरत भरी बयानबाजी की और अपशब्द कहे। यात्रा अंतिम चरण तक पहुँचते पहुँचते इतनी जहरीली हो गई कि राहुल के करीबी नेताओं ने भरे मंच प्रधानमंत्री की माँ के लिए लिंगवाचक गालियों का प्रयोग कर दिया। इस प्रकार राहुल गांधी अपना परमाणु बम प्रभावहीन होने बाद हाइड्रोजन बम की तलाश में हैं।

वोटर अधिकार यात्रा अराजकता और राहुल गांधी व उनके समर्थकों की अनुशासनहीनता और अभद्रता के प्रदर्शन के कारण ही चर्चा में रही। जिस समय पूरा वैश्विक समुदाय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को सुनना और उनका मार्गदर्शन प्राप्त करना चाह रहा है, उनके नेतृत्व में एक नया वर्ल्ड आर्डर आकार ले रहा है उस समय राहुल गांधी - तेजस्वी यादव व अन्य नेताओं ने मोदी व उनकी मां तक का अपमान करने का कोई अवसर नही छोड़ा। राहुल गांधी के नेतृत्व वाला संपूर्ण विपक्ष बहुत ही ओछी प्रवृत्ति का उदाहरण प्रस्तुत करता रहा।

बिहार के दरभंगा जिले में कांग्रेस के मंच से एक स्थानीय मुस्लिम नेता मोहम्मद रिजवी ने प्रधानमंत्री मोदी की मां को अपशब्द कहे, उससे भी आश्चर्यजनक बात यह रही कि राहुल गांधी ने अपने कार्यकर्ता की उस शर्मनाक हरकत के लिए सार्वजनिक माफी तक नहीं मांगी बल्कि अलग अलग तरह से उसका बचाव किया। वोटर अधिकार रैली का सारा प्रकरण अब प्रधानमंत्री मोदी व उनकी मां के अपमान की ओर झुक गया। प्रधानमंत्री मोदी की मां के अपमान की चारों ओर निंदा हो रही है । जो लोग वोट चोर के नारे से नायक बनने निकले थे अब उनके चेहरे पर हवाईयां उड़ती दिख रही हैं।

पीएम मोदी को 111वीं गाली व मां का अपमान अब विपक्ष पर भारी- हर बार की तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विरोधी दलों के नेताओं की गालियों को अपना हथियार बना लिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार की महिलाओं को एक कार्यक्रम में भोजपुरी में संबोधित करते हुए इसे केवल अपनी मां का नहीं अपितु देश की हर मां बहन और बेटी का अपमान बताया। प्रधानमंत्री मोदी का यह भावुक संबोधन सुनकर बिहार प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व वहां पर उपस्थित तमाम मातृशक्ति के आंखां में अश्रु आ गए। बिहार में भाजपा व राजग गठबंधन ने इसे लेकर सफलतापूर्वक पूर्ण बंद किया है। राजग गठबंधन की ओर से आयेजित बंद को बिहार में पूर्ण समर्थन मिल रहा है अनेक स्थानों पर महिला कार्यकर्ता ही



बंद का आयोजन कर रही हैं।

इतिहास साक्षी है कि जब -जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपशब्द कहे गए हैं या उनका सार्वजनिक अपमान किया गया है तब -तब उन्हें राजनैतिक लाभ हुआ है। मोदी जी जब से प्रधानमंत्री बने हैं तभी से कांग्रेस व विरोधी दलों के नेताओं में उन्हें अपशब्द कहने की होड़ लगी है। आज कांग्रेस का कोई नेता ऐसा नहीं बचा है जिसने उन्हें गाली न दी हो या फिर अपमानित न किया हो।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मौत का सौदागर से लेकर जहरीला सांप, नीच आदमी, रावण, भस्मासुर और वायरस तक कहा जा चुका है। दिसंबर 2017 में कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने कहा कि, यह बहुत नीच किस्म का आदमी है इसमें कोई सभ्यता नहीं है। कांग्रेस नेता इमरान मसूद ने मोदी बोटी बोटी काटने की बात कही थी। बेनी प्रसाद वर्मा ने पागल कुत्ता बताया था। एक समय था जब कांग्रेस नेता शशि थरूर ने प्रधानमंत्री मोदी को गालियां देने की झड़ी लगा दी थी। सोनिया और राहुल सहित कांग्रेस के 12 ऐसे नेता हैं जिन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को जमकर गालियां दी और हर गाली के बाद देश में जहां भी चुनाव हुए वहां का राजनैतिक वातावरण बदल गया। प्रधानमंत्री मोदी के विरुद्ध निजी अपमानजनक टिप्पणी कांग्रेस को हमेशा नुकसान पहुंचाती है लेकिन यह बात राहुल गांधी व उनके सलाहकार समझ नहीं पा रहे हैं।

राजनैतिक विश्लेषकों का अनुमान है कि प्रधानमंत्री मोदी की स्वर्गीय मां के अपमान से अब बिहार की राजनीति पूरी तरह से बदल गई है। प्रधानमंत्री मोदी व एनडीए समर्थक कार्यकर्ताओं में अभूतपूर्व आक्रोष व्याप्त हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी की मां का अपमान एक मुस्लिम नेता ने किया है और राहुल गांधी ने केवल मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में ही वोटर अधिकार यात्रा निकाली है जिसका असर यह होगा कि अब वहां पर मतों का धार्मिक आधार पर ध्रुवीकरण होगा। बिहार की राजनीति में मातृशक्ति निर्णायक मतदाता है और नीतिश कुमार की सरकार में नारी शक्ति के हित में कई कार्य हुए हैं । उस पर मोदी जी की मां के अपमान से अब महिला मतदाताओं का एक बहुत बड़ा वर्ग राजग गठबंधन की ओर झुक जाएगा।

मां के प्रति अपमानजनक शब्द सुनकर प्रधानमंत्री मोदी का भावुक होना स्वाभाविक है। उनकी मां तीन वर्ष पूर्व नश्वर देह त्याग चुकी हैं, वे कभी राजनीति में भी नहीं रहीं ऐसी परिस्थिति में मां का अपमान कोई भी बेटा स्वीकार नहीं करेगा। यदि जिस दिन यह दुखद घटना घटी उसी दिन राहुल और तेजस्वी उसकी कड़ी निंदा कर माफ़ी मांग लेते तो बात इतनी आगे नहीं बढ़ती। राहुल गांधी ने मुस्लिम तुष्टीकरण के लिए अपने छुटभैये मुस्लिम नेता से प्रधानमंत्री और उनकी माँ को अपमानित कराकर ऐसा सेल्फ गोल किया है जिसकी भरपाई असंभव है।

## आज का कार्टून

केरल के मंदिर में ऑपरेशन सिंदूर की रंगोली बनाने पर आरएसएस के 27 कार्यकर्ताओं पर केस दर्ज




## राशिफल

**मेष**
आपकी आर्थिक स्थिति काफी अच्छी रहेगी। परिवार में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा। दोस्तों के साथ काफी अच्छा समय बितायेंगे।

**वृषभ**
नयी उपलब्धियाँ मिलने से आप उत्साहित रहेंगे। जीवनसाथी को कार्यक्षेत्र में उत्तम परिणाम मिलेंगे। आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी।

**मिथुन**
मन में नकारात्मक विचार उत्पन्न होंगे। बच्चे पढ़ाई को लेकर लापरवाही कर सकते हैं। नया काम शुरू करने में जल्दबाजी न करें।

**कर्क**
विदेश में रहने वाले लोगों को अच्छी जॉब मिल सकती है। सरकारी कार्यों में आपको सफलता मिलने की सम्भावना है। बच्चे पढ़ाई पर ध्यान देंगे।

**सिंह**
आज रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा। घर की मरम्मत की योजना बना सकते हैं। आपकी प्रतिभा की कार्यक्षेत्र में प्रशंसा होगी।

**कन्या**
आपकी आर्थिक स्थिति बहुत ही अच्छी रहेगी। सन्तान की उन्नति से आपका मन प्रसन्न होगा। पैतृक धन-सम्पदा में वृद्धि होगी। धर्म-कर्म में आपका विश्वास बढ़ेगा।

**तुला**
अपनी कार्यक्षमता पर ध्यान रखें। बुद्धि-विवेक से काम करना चाहिये। अपने क्रोध पर नियन्त्रण रखना चाहिये। हृदय रोगियों की परेशानी बढ़ सकती है।

**वृश्चिक**
आपकी कोई महत्वाकांक्षा पूर्ण हो सकती है। आज आप अत्यधिक परिश्रम करेंगे। धार्मिक कार्यों और गूढ़ विषयों में आप रुचि लेंगे।

**धनु**
रिश्तेदारों के ऊपर आपको धन खर्च करना पड़ सकता है। खर्चीली वृत्ति के कारण आपकी बचत पर बुरा असर पड़ेगा। मित्रों के साथ छोटी सी बात पर झगड़ा हो सकता है।

**मकर**
नौकरीपेशा लोगों को यात्रा करनी पड़ेगी। मनोरञ्जन में आप काफी समय बितायेंगे। समाज में आपका सम्मान बढ़ेगा। पैतृक सम्पत्ति को लेकर विवाद कम होंगे। रुकी हुयी पेमेन्ट वापस मिल सकती है।

**कुंभ**
बेरोजगारों के ऊपर परिवार का दबाव बढ़ेगा। अति-आत्मविश्वास के कारण आप परिस्थितियों का आकलन करने में चूक कर सकते हैं।

**मीन**
कार्यक्षेत्र में आप महत्वपूर्ण मीटिंग में सम्मिलित हो सकते हैं। रचनात्मक कार्यों में आप रुचि लेंगे। आज आप ऑनलाइन शॉपिंग कर सकते हैं।

# स्किल्ड इकॉनोमी को अपनाकर भारत बन सकता है विकसित राष्ट्र : कुलपति

## लनामिवि में भारतीय अर्थव्यवस्था पर राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित

मणिकांत झा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**दरभंगा।** सन 1947 की आज़ादी से लेकर अद्यतन देश में विभिन्न सरकारें बनीं। जिस देश की अर्थव्यवस्था में एक सुई के निर्माण की भी क्षमता नहीं थी, आज वही देश विश्व पटल पर अपनी अप्रतिम छाप छोड़ रहा है। देश के पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू, शास्त्री इंदिरा गांधी, मनमोहन सिंह से लेकर नरेंद्र मोदी तक के कालखंड में भारत ने किसी न किसी चुनौती का सामना किया है। कृषि, उद्योग विकास से लेकर, बैंकों के राष्ट्रीयकरण, कंप्यूटर व आईटी युग का प्रारंभ, उदारीकरण, निजीकरण, वैश्वीकरण से मिश्रित अर्थव्यवस्था को बाज़ार अर्थव्यवस्था तक पहुंचाने में मदद मिली। उक्त बातें ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी ने कहीं। कुलपति विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अपने अध्यक्षीय संबोधन में आगे कहा कि वर्तमान परिदृश्य में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मेक इन इंडिया' से लेकर 'स्किल्ड इंडिया' तक के आह्वान की मशाल को उन्नत शोध और अध्ययन से मूर्त रूप प्रदान करने के लिए शैक्षणिक संस्थानों को प्रतिबद्ध होना चाहिए। हमें स्किल्ड इकॉनमी को अपनाना होगा, जो कि 140 करोड़ भारतीयों के सर्वश्रेष्ठ योगदान से ही संभव है। मंगलवार को नरगौना परिसर स्थित जुबली हॉल में 'भारत की विकास गाथा: चुनौतियां और अवसर' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के पूर्व कुलपति सह- ठाकुर प्रसाद सिंह महाविद्यालय, पटना के प्रधानाचार्य प्रो. तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था का विकास पंचवर्षीय योजनाओं के साथ हुआ। इस मंच पर ए. एन. सिन्हा रिसर्च इंस्टीट्यूट के निदेशक और सेमिनार के बीज वक्ता डॉ. डी. एम. दिवाकर ने अपने वक्तव्य में कहा कि वर्ष 1929 की महामंदी से पूर्व राज्य की भूमिका विकास में नगण्य थी। बाद में राज्य ने कल्याणकारी स्वरूप को ग्रहण किया। इसके बाद क्रमशः विकास सशक्तिकरण, सहभागिता तथा तीव्र सहभागिता में नए प्रतिमान गढ़े गए। विकास के दो मॉडल- महात्मा गांधी मॉडल, जो गाँव के सशक्तिकरण से राष्ट्र की सशक्तिकरण पर बल देता और नेहरू मॉडल, जो उद्योग के माध्यम से विकास पर बल देता, दोनों का विकल्प हमारे सामने था। तत्कालीन सरकार ने 'नेहरू मॉडल' को अपनाया जिससे देश का विकास तो हुआ लेकिन घोर आर्थिक असमानता बढ़ी। संगोष्ठी के सम्मानित अतिथि मिल्लत कॉलेज, लहेरियासराय के प्रधानाचार्य प्रो. सिद्धार्थ शंकर सिंह ने कहा कि आज हमें ऐसे विकास की आवश्यकता है जो बौद्धिक, सांस्कृतिक परंपरा को पोषित करें और सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक असमानता को कम कर आध्यात्मिक संपन्न सशक्त राष्ट्र का निर्माण किया जा सके। इस अवसर पर सामाजिक विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. शाहिद हसन ने विभिन्न पंचवर्षीय योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए भारत की गतिशील अर्थव्यवस्था पर विचार रखें। विषय प्रवेश के दायित्व का निर्वहन करते हुए प्रो. विजय कु. यादव ने कहा कि भारत को ऐसे विकास की आवश्यकता है जो युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी की समस्या को खत्म करें। आर्थिक विकास से आमजन का जीवन समरस और सुरक्षित हो सके। अपने स्वागत संबोधन में विभागाध्यक्ष डॉ. अम्बरीष कुमार झा ने प्रथम पंचवर्षीय योजना से लेकर अद्यतन समय की दशा और दिशा के साथ ही देश के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों और अवसर पर प्रकाश डाला। प्रथम उद्घाटन सत्र में मंच संचालन डॉ. शीला यादव ने किया। वहीं प्रो. विजय कु. यादव ने सभी के प्रति स्नेहिल धन्यवाद ज्ञापित किया। दूसरे तकनीकी सत्र में विषय से संबंधित शोध पत्रों का वाचन किया गया। विभिन्न विश्वविद्यालय के शिक्षकों, शोधार्थियों और छात्र - छात्राओं ने थीम और सब - थीम से संबद्ध अपने शोध पत्रों की प्रस्तुति दी। संगोष्ठी के अंतिम समापन- सत्र में भागलपुर विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के पूर्व प्रो. बसंत कुमार झा व प्रो. हिमांशु शेखर ने अपने विचार रखें। इस सत्र का समीक्षात्मक विश्लेषण डॉ. कामेश्वर पासवान और डॉ. अर्चना कुमारी ने किया। सत्र के अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मशरुर आलम ने किया। राष्ट्रगान के साथ सत्र की औपचारिक समापित की घोषणा की गई। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में विश्वविद्यालय के पदाधिकारी, शिक्षक, शोधार्थी और छात्र - छात्रा उपस्थित रहे।

# अर्द्धवार्षिक परीक्षा का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड के सभी प्राइमरी स्कूल, मिडिल स्कूल में बुधवार से अर्द्ध वार्षिक परीक्षा का आयोजन होगा। इसकी सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। बीईओ अनिल कुमार चौधरी ने बताया कि सभी एचएम को प्रश्नपत्र तथा उत्तर पुस्तिका उपलब्ध करा दी गई है। इस मूल्यांकन में कुल 15,789 बच्चें शामिल होगें। प्रथम एवं द्वितीय कक्षा के बच्चों का मौखिक मूल्यांकन किया जाएगा। प्रथम कक्षा के 1329 बच्चें, द्वितीय कक्षा के 1634 बच्चें, तृतीय कक्षा के 1825 बच्चें, चतुर्थ कक्षा के 2043 बच्चें, पंचम कक्षा के 2024 बच्चें, षष्टम कक्षा के 2236 बच्चें, सप्तम कक्षा के 2523 बच्चें, अष्टम कक्षा के 2175 बच्चें इसमें भाग लेगें। प्रथम पाली पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 12 बजे तथा द्वितीय पाली अपराह्न 01 बजे से 3.00 बजे तक होगी। 10 सितम्बर के प्रथम पाली में कक्षा तीन से अष्टम कक्षा के बच्चों के लिए सामाजिक विज्ञान, द्वितीय पाली में विज्ञान, 11 सितम्बर को प्रथम पाली में हिन्दी, अहिन्दी भाषी के लिए एवं द्वितीय पाली में गणित, 12 सितम्बर को सह शैक्षिक गतिविधियों का समेकन, 14 सितम्बर को प्रथम पाली में हिन्दी, उर्दू, द्वितीय पाली में संस्.त 15 सितम्बर को प्रथम पाली में अंग्रेजी की परीक्षा आयोजित होगी। प्रथम एवं द्वितीय कक्षा के बच्चों के लिए 17 सितम्बर के प्रथम पाली में हिन्दी, उर्दू द्वितीय पाली में गणित तथा 18 सितम्बर को प्रथम पाली में अंग्रेजी की मौखिक मूल्यांकन किया जाएगा।

# 11 को ओबरा में एनडीए का होगा महासम्मेलन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**ओबरा।** ओबरा उच्च विद्यालय के खेल मैदान में 11 सितम्बर को होने वाले एनडीए के विशाल महासम्मेलन की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। गुरुवार को प्रखंड अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह, एनडीए जदयू प्रभारी आनंद कुमार रजक, जदयू नेता विजय पासवान, दाउदनगर प्रखंड अध्यक्ष दीपक पटेल, राजनाथ तिवारी, सत्येंद्र पासवान समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने तैयारियों की समीक्षा की और कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया। नेताओं ने बताया कि इस महासम्मेलन में कई मंत्री शामिल होंगे और एनडीए का मजबूत गठजोड़ प्रदेश की जनता के सामने प्रदर्शित होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के विकास की मजबूत नींव रखी है। सड़क, बिजली, स्वास्थ्य समेत विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय काम हुए हैं। जदयू नेताओं ने दावा किया कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में सामाजिक सद्भाव कायम हुआ है और आने वाले विधानसभा चुनाव में एनडीए की शानदार जीत होगी। गठबंधन के सभी पांचों दल ऽ जदयू, भाजपा, लोजपा, रालोसपा और हम पार्टी ऽ के कार्यकर्ता महासम्मेलन में शामिल होंगे। सम्मेलन स्थल पर भव्य पंडाल और सुदृढ़ मंच का निर्माण किया जा रहा है। नेताओं ने कहा कि यह महासम्मेलन ''एनडीए के पांच पांडवों के गठबंधन'' की एकजुटता का प्रतीक होगा और सभी से इसमें भाग लेकर इसे सफल बनाने की अपील की गई है।

# आनंद मिश्रा बने भाजपा वाणिज्य के प्रदेश प्रवक्ता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**तेघड़ा।** प्रखंड अंतर्गत गौरा गाँव निवासी आनंद मिश्रा पराशर को भाजपा वाणिज्य प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ड जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता ने प्रदेश प्रवक्ता के रूप में मनोनय बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व नगर निकाय मंत्री जीवेश मिश्रा तथा प्रदेश संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया कि गरिमामई उपस्थिति में किया है।जिससे सम्पूर्ण जिले में खुशी की लहर छाई है ।पराशर लगातार तीसरी बार भाजपा प्रदेश टीम में अपनी जगह बनाए हैं। श्री पराशर ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत राष्ट्रवादी युवा वाहिनी के उत्तर बिहार प्रदेश के मीडिया प्रभारी के रूप में किया था। कुछ ही समय पश्चात इन्हें सम्पूर्ण बिहार प्रदेश के प्रदेश संयोजक के रूप में जिम्मेदारी दी गई। पिछले लोकसभा चुनाव में मोदी वन्स मोर अभियान के राष्ट्रीय प्रवक्ता के रूप में भी इनका मनोनय हुआ था। इनके कार्य कुशलता को देखकर इन्हें बिहार सिने आर्टिस्ट एशोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी दी गई है। जिसे इन्होंने सहजता से निभाया है ।इनके प्रभार लेने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, पूर्व प्रदेश महामंत्री सुशील चौधरी, बिहार सरकार के खेल मंत्री सुरेन्द्र मेहता, बेगूसराय विधायक कुंदन कुमार, मटिहानी विधायक राजकुमार सिंह, एम एल सी सर्वेश कुमार,बेगूसराय जिलाध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा,भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश आईटी सेल संयोजक सनातन मिश्रा, सौरव भगत, प्रिंस कुमार, निवर्तमान अध्यक्ष संजय सिंह,भाजयुमो नेता नीरज नवीन,कुंदन भारती,अभिनेता अमिय कश्यप, ऋषिकेश पाठक,मृत्युंजय कुमार वीरेश आदि ने बधाई व शुभकामनाएं दिया है।

# शिविर में गर्भवतियों की हुई जांच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत पीएचसी में मंगलवार को गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच एवं परिवार कल्याण परामर्श दिया गया। चिकित्सा पदाधिकारी डा भारती भूषण ने 88 गर्भवती महिलाओं के प्रसव पूर्व स्वास्थ्य की जांच की। इसके तहत गर्भवती महिलाओं की ऊंचाई, वजन, हेमोग्लोबीन, मूत्र ब्लडप्रेशर, डायबिटीज, एचआईवी आदि की जांच की गयी। जांचोपरांत पांच एनीमिक गर्भवती महिला पाई गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ड राजीव रंजन चौधरी ने गर्भवतियों को अपने भोजन में प्रोटीन युक्त तथा आयरन युक्त भोजन को शामिल करने की सलाह दी। इसके लिए नोनी का साग, रागी, पीले पके फल, दूध, मछली, कलेजी आदि को भोजन में लेना उपयुक्त बताया। प्रत्येक माह नियमित जांच कराने की सलाह दी गयी।सुरक्षित जच्चा बच्चा व सुरक्षित भविष्य के लिए यह जांच आवश्यक है। मौके पर डा भारती भूषण, सीएचओ रविशंकर, एल टी पंकज जोशी, एएनएम रीणा, सुधीरा, मंचन, शालिनी, सीमा आदि सहित दर्जनाधिक आशा कार्यकर्ता, लाभुक आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### शैक्षणिक सुधार को लेकर बैठक

**डुमरांव (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** डीके कॉलेज डुमरांव की प्राचार्य डॉक्टर वीणा कुमारी की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सभी विभाग के विभाग अध्यक्ष सम्मिलित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉक्टर वीणा कुमारी ने कहा कि महाविद्यालय का शैक्षणिक सुधार करना नेक एक्रीडिटेशन करना मेरी प्रथम प्राथमिकता है। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि छात्रों की सर्वांगीण विकास हेतु कक्षाओं में अधिगम के साथ-साथ सह शिक्षण कार्यों का होना अति आवश्यक है सभी विभाग के अध्यक्षों को उन्होंने निर्देश दिया कि की कक्षाओं में छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने हेतु हर संभव प्रयास किया जाए तथा विभाग स्तर पर जो भी समस्याएं हैं उसका समाधान में यथाशीघ्र करने का प्रयास करूंगी। उक्त बैठक में पूर्व प्राचार्य डॉक्टर राजू कुमार मोची भूगोल विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ अरबाज खान हिंदी विभाग की विभाग अध्यक्ष डॉ उषा कुमारी वनस्पति विभाग के अध्यक्ष डॉक्टर अवनीश कुमार अंग्रेजी विभाग के अध्यक्ष डॉ अभिषेक कुमार भौतिक विभाग की अध्यक्ष रुचि वाला गणित विभाग के अध्यक्ष फैसल खान आदि ने बैठक में अपने-अपने विचार रखें।

### हथियार के साथ तीन युवक गिरफ्तार

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड अंतर्गत कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के उदयभानपुर गांव से पुलिस ने तीन युवकों को अवैध हरवे हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवकों में जगदीशपुर थाना क्षेत्र के बड़की हरदिया निवासी लंगर साह के पुत्र राजू साह, बिमवा हरदिया निवासी रमेश यादव के पुत्र विकास कुमार व नितिश कुमार है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा, 8 जिंदा कारतूस व एक चाकू बरामद किया है। तीनों आरोपित उदयभानपुर निवासी एक रिस्तेदार के घर मारपीट करने आये थे। तभी पुलिस को भनक लग गई। त्वरित कारवाई करते हुए पकड़ लिया। कानूनी प्रक्रिया पुरी कर जेल भेज दिया।

### राम लखन सिंह की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम

**शिवाजीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शिवाजीनगर के कर्म योगी सह शिल्पकार राम लखन सिंह की 39 वा़ पुण्यतिथि मंगलवार को मनाई गई। इस अवसर पर गन मान्य लोगों, जन प्रतिनिधियों, शिक्षकों एवं समाजसेवियों ने उनके प्लस टू उच्च माध्यमिक विद्यालय शिवाजीनगर प्रांगण स्थित समाधी स्थल पर आदम कद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पूर्व मंत्री गजेंद्र प्रसाद सिंह की पत्नी सह नेत्री उर्मिला सिंहा ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा राम लखन बाबू की व्यक्तित्व एवं कृतित्व शिवाजीनगर प्रखंड के लोगों को हमेशा याद रहेगा। वे शिवाजीनगर प्रखंड में समाजवादी नेता के रूप में उभरे और इस क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा वह कृत संकल्पित रहे। उन्होंने कहा राम लखन बाबू दलित शोषित, पिछड़ा वर्ग एवं अन्य वर्गो के उत्थान के लिए हमेशा अपनी आवाज बुलंद करते रहे। वे अपनी घर बार से अलग रहकर लोगों की भलाई के लिए हमेशा सोचते रहे इस सोच की उपज उनके पुत्र पूर्व मंत्री गजेंद्र प्रसाद सिंह के रूप में निकले और समाज की उत्थान के लिए हमेशा तत्पर रहे। मौके पर नेत्री उर्मिला सिंहा, समाजसेवी संतोष कुमार सिंह ,पूर्व मुखिया दिलीप कुमार सिंहा, बच्चे लाल यादव, घूरन यादव, खोखाय मंडल सहित अन्य लोगों ने भाग लिया।

### टीकाकरण शिविर का आयोजन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अपग्रेडेड मिडिल स्कूल हसनपुर बागर एवं कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय नावकोठी में एचपीवी टीकाकरण शिविर का आयोजन मंगलवार को किया गया। इसमें 114 किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीका लगाया गया। बीएचएम आनंद ईश्वर ने बताया कि 9 वर्ष से 14 वर्ष आयु वर्ग की किशोरी को एचपीवी का दो टीका छह माह के अंतराल पर लेने से भविष्य में सर्वाइकल कैंसर होने का खतरा टल जाता है ।वह पूर्णरूप से सुरक्षित हो जाती है। इसमें 96 किशोरी को एचपीवी का फर्स्ट डोज तथा 18 किशोरी को सेकेंड डोज का टीका लगाकर प्रतिरक्षित किया गया। मौके पर बीएमसी गोपाल शर्मा, बीसीएम उषा कुमारी, वार्डन रेणुका कुमारी, एच एम कंचन कुमारी, एएनएम रेणु कुमारी, जानकी कुमारी, विभा, विश्व भारती, अर्चना, पंकज प्रसाद सिंह, बीएमईए संदीप चंद्र आदि मौजूद थे।

# सीएमआर जमा न करने वाले समितियों पर दें विशेष ध्यान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिले में संचालित अधिप्राप्ति कार्य एवं सीएमआर की समीक्षा संयुक्त निबंधक सहयोग समितियों (अंकेक्षण) के कामेश्वर ठाकुर एवं संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियों, मगध प्रमंडल, गयाजी द्वारा संयुक्त रूप से की गई। उनके द्वारा निर्देशित किया गया कि जिन समितियों में 05 लॉट या उससे ज्यादा सीएमआर बकाया है उन समितियों पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाए। संबंधित समितियों के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी समितियों का लगातार भ्रमण करते हुए सीएमआर जमा कराने में तेजी लाएं। अगर आवश्यक हो तो संबंधित थाना से संपर्क कर समितियों में माईकिंग कराना भी सुनिश्चित करें। उनके द्वारा बताया गया कि जो समितियां सीएमआर जमा करने में विफल रहती हैं उनके पदधारकों के विरूद्ध कठोर कानूनी एवं विभागीय कार्रवाई की जायेगी। बैठक जिला सहकारिता पदाधिकारी मनोज कुमार चौधरी, केन्द्रीय सहकारी अधिकोष लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सुब्रत किशोर, जिला अंकेक्षण पदाधिकारी, स0स0 विनोद कुमार, सहायक निबंधक राघवेन्द्र दयाल उपस्थित रहे। इसके अलावा सभी सहकारिता प्रसार पदाधिकारी एवं संबंधित अध्यक्ष वीसी के माध्यम से जुड़े।

# समस्याओं को ले प्रधान शिक्षकों ने डीइओ से की मुलाकात

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**औरंगाबाद।** प्रधान शिक्षकों का एक प्रतिनिधि मंडल आज जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेंद्र प्रसाद से मुलाकात की और अपने विभिन्न समस्याओं से अवगत करवाया। प्रतिनिधि मंडल के नेतृत्वकर्ता प्राथमिक विद्यालय सिमरहुआ के शिक्षक प्रदीप कुमार यादव ने बताया कि 21.07.2025 और उसके पश्चात औरंगाबाद के विभिन्न विद्यालयों में प्रधान शिक्षक अपना योगदान दिए हैं, परन्तु उन्हें कई कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। हम प्रधान शिक्षकों को विद्यालय में योगदान किए हुए दो महीने होने जा रहे हैं, परंतु वेतन निर्धारण के संबंध में हमें कोई सूचना प्राप्त नहीं हो रही है। कार्यालय के लिपिकों से बात करने पर पता चलता है कि उन्हें विभाग से कोई दिशा-निर्देश प्राप्त नहीं है। अतः आपसे अनुरोध है कि आप इस मामले में अपना हस्तक्षेप करते हुए हमलोग की समस्या को सुलझाने का कृपा करें। जिले के कई विद्यालयों से ऐसी सूचना प्राप्त हो रही है कि प्रधान शिक्षकों को पूर्ण प्रभार विशेषकर वित्तीय प्रभार नहीं दिया जा रहा है जिसमें हस्तक्षेप करने की कृपा की जाएं। जिले के कई विद्यालयों से ऐसी सूचना प्राप्त हो रही है कि पूर्व के प्रभारी प्रभार देने से पूर्व विकास राशि की निकासी कर चुके हैं, जिसमें हस्तक्षेप करने की कृपा की जाए। ई-शिक्षा कोष पर गलत डीओबी इंट्री होने के संबंध में कई प्रधान शिक्षकों का ई-शिक्षा कोष पर डीओबी गलत अंकित कर दिया गया है, इस मामले में लिपिकों को निर्देशित करने की को कहा गया। जिले के विभिन्न टैग विद्यालयों को भूमि एवं भवन उपलब्ध कराकर उनका सामाधान करने की कृपा की जाए। प्राथमिक विद्यालयों के पोषक क्षेत्र का अतिक्रमण करते हुए अन्य विद्यालय अपने यहां बच्चों का नामांकन कर रहे हैं, इस मामले को संज्ञान लेते हुए आपसे एक पत्र जारी करने का अनुरोध है। बीपीएससी के द्वारा शिक्षा विभाग में एईडीओ के पद पर बहाली की अधिसूचना जारी की गई है जिसमें सक्षम प्राधिकार के द्वारा आयु में छूट बनाकर देने का निर्देश प्राप्त है। प्रतिनिधि मंडल ने जिला शिक्षा पदाधिकारी से समस्या समाधान करने की मांग की है। इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय सिमरहुआ के शिक्षक प्रदीप कुमार यादव, प्राथमिक विद्यालय जम्होर के विजय कुमार सिंह, मनोज कुमार शर्मा, अशोक कुमार, संतोष कुमार, संजीव कुमार, विभा कुमारी, उचित सिंह रामधार कुमार सिंह, विनोद कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

# विधायक से मिला शिक्षक संघ

**भगवानपुर।** जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने विधायक राजवंशी महतो के आवास पर पहुंच कर अपनी मांग पत्र उन्हें सौंपा। संघ के मांग पत्र में कहा गया है कि बेगूसराय शिक्षा विभाग में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी व कार्यक्रम पदाधिकारी का कई पद रिक्त है। पद रिक्त रहने के कारण शिक्षकों की लंबित समस्याओं के समाधान में कठिनाई होती है। प्रतिनिधि मंडल ने विधायक से पदाधिकारी के रिक्त पद पर पदस्थापना हेतु पहल करने का अनुरोध किया। विधायक ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वासन देते हुए कहा कि इस कार्य के लिए पहल किया जाएगा। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष मो. रईस उद्दीन, अंचल सचिव गोपाल कुमार, अवधेश कुमार, विश्वनाथ साह आदि मौजूद थे।


पूर्व मध्य रेल

ई — खुली निविदा सूचना

**ई खुली निविदा संख्याः— एसजी—डब्ल्यु— दानापुर—ओटी—2025—26—01**

आईआरईपीएस पर निविदाएं भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य निष्पादन हेतु आमंत्रित किया जाता है। **(i) कार्य का नाम एवं स्थान और कार्य पूर्ण करने की अवधि :** पूर्व मध्य रेल के दानापुर मंडल के अंतर्गत रघुनाथपुर (आरपीआर) (रघुनाथपुर सहित)— ईस्ट आउटर केबीन/डीडीयू (ईओसीएम) (ईओसीएम रहित) (लगभग 121 किलोमीटर) के मध्य स्वचालित ब्लॉक सिग्नलिंग की रचना, निर्माण, आपूर्ति, प्रतिष्ठापन, परीक्षण एवं कमीशनिंग संबधित कार्य। खण्ड (दानापुर मंडल)। **चौबीस (24) महीना । (ii) अनुमानित लागत :** रूपये 1,44,31,90,011.57 (एक सौ चौआलीस करोड़ एकतीस लाख नब्बे हजार ग्यारह रूपये संतावन पैसे मात्र)। **(iii) बीड सीक्यूरिटी :** रू. 73,66,000.00 **(iv) निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय खोलने की तिथि एवं समय :** 06/10/2025 अपराह्न 14.00 तक एवं 06/10/2025 अपराह्न 14.30 बजे। **(v)** वेब साईट एवं सूचना पट्ट का विवरण जहाँ से निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सके। : www.ireps.gov.in, प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता/पूर्व मध्य रेल/ हाजीपुर का कार्यालय सूचना पट्ट एवं उप—मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता (कार्य)/पूर्व मध्य रेल, दानापुर के कार्यालय सूचना पट पर देखा जा सकता हैं।

**उप—मुख्य मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता (कार्य)/ पूर्व मध्य रेल/दानापुर**

पीआर/0911/दानापुर/एस एण्ड टी/टी/25—26/44


# बाल श्रम सामाजिक कुरीति व समाज के विकास में बड़ा बाधक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** जिला अतिथिगृह में अरविन्द कुमार सिंह, उपाध्यक्ष, बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग, श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में बाल श्रम उन्मूलन विमुक्ति एवं पुनर्वास विषय पर जिला स्तरीय बैठक हुई। बैठक में उप श्रमायुक्त, दरभंगा प्रमण्डल दरभंगा, सहायक निदेशक बाल संरक्षण इकाई, पुलिस उपाध्यक्ष मुख्यालय सह नोडल पदाधिकारी, जिला मानव तस्करी विरोधी यूनिट, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला आपूति पदाधिकारी, दरभंगा, श्रम अधीक्षक योजना सह बोर्ड दरभंगा, श्रम अधीक्षक अधिनियम, दरभंगा, पुलिस उपाधीक्षक, सदर दरभंगा, पुलिस उपाधीक्षक यातायात दरभंगा, खनिज विकास पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, आई0सी0डी0एस0, बाल संरक्षण पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी (अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा-अत्यंत पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति) दरभंगा तथा सभी श्रम प्रवर्त्तन पदाधिकारी उपस्थित हुए। उक्त बैठक में उपाध्यक्ष द्वारा सभी विभागों को निदेशित किया गया कि बाल श्रमिकों की विमुक्ति एवं पुनर्वास हेतु लगातार अभियान चलाते रहे। उन्होंने दरभंगा जिले में बाल श्रम उन्मूलन के लिए किये जा रहे कार्यो की प्रशंसा की एवं निदेश दिया गया कि यह प्रयास आगे भी निरंतर जारी रहना चाहिए। उन्होंने बाल श्रम उन्मूलन के क्षेत्र में शतप्रतिशत सफलता के लिए अधिकारियों को परामर्श दिया कि वे आपसी समन्वय बनाकर बाल श्रम के विरूद्ध जागरूकता अभियान लगातार जारी रखे । जिससे गरीबों के बीच भी यह संदेश पहुंचे कि बाल श्रम एक सामाजिक कुरीति है तथा समाज के सर्वांगीण विकास में बड़ा बाधक है। उपाध्यक्ष ने संवाददाता को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार के किसी भी जिले में बाल श्रमिक नहीं रहे, बाल श्रमिक के शिक्षा के लिए एवं पुनर्वास के लिए और क्या-क्या आवश्यकता है, बाल श्रमिक को भी विमुक्ति के समय क्या-क्या कठिनाई का सामना करना पड़ता है आदि बिंदुओं पर समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि बाल श्रमिक को आम जीवन से जोड़े, सरकार कई प्रकार के योजनाएं चला रहे हैं। उप श्रमायुक्त, दरभंगा प्रमण्डल दरभंगा ने कहा कि खेल दिवस के अवसर पर बाल श्रम को रोकने हेतु पटना मुख्यालय से भी जागरूकता वाहन को दरभंगा जिला भेजा गया।

# भारत रत्न जननायक कर्पूरी भवन का होगा निर्माण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर।** मदनपुर प्रखंड मुख्यालय के शिवनाथ बिगहा मोड़ के समीप धर्मदास बाबा परिसर में अखिल भारतीय नाई विकास संघ के तत्वावधान में मंगलवार को संजय ठाकुर की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व नगर परिषद सदस्य विनोद कुमार ठाकुर शामिल थे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि भारत रत्न व पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर भवन का कर्पूरी जयंती समारोह स्थल शिवनाथ बिगहा मोड़ के समीप निर्माण किया जाए। इसके लिए जन प्रतिनिधियों का सहयोग लिया जाएगा। विनोद ने कहा कि भारत रत्न व पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर सामाज के सभी वर्गों के लोगों के लिए विकास करने का काम किए थे। खास कर गरीब पिछड़ा, दलित, मजदूर लोगों के बच्चों को पढ़ाई लिखाई पर जोर दिया था। नाई सामाज को राजनीतिक रुप से उपेक्षित किया जाता है जिसका दंश आज भी झेल रह है। समाज की एकता पर बल दिया गया। बैठक में संजय कुमार ठाकुर, शिवदीप ठाकुर, सूरजपत ठाकुर, करण राज, कमलेश ठाकुर, धर्मेन्द्र ठाकुर, शत्रुध्न ठाकुर, अजीत ठाकुर, प्रवीण, शंभू ठाकुर, कपील ठाकुर अजीत कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।


पूर्व मध्य रेल

ई. निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई.निविदा आमंत्रित की जाती है।

**क्रम 1. कार्य का नाम एवं स्थान —** डिजाइन, ड्राइंग, संशोधन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशन 25kv OHE कांति, मोतीपुर, महवाल, मेहसी, चकिया, पिपरा और जीवधारा में यार्ड का पुनर्निर्माण और मुजफ्फरपुर —सुगौली सेगमेंट में बैलेंस OHE काम और डाई.सीईई /कान/एन/एसपीजे के तहत किसी अन्य स्थानों पर। **e-Tender No.** EL-C-N-MHX-ETEN-08-25-26. **2. अनुमानित कार्य की लागत :** रू. 22,03,11,719.00, **3. जमा किए जाने वाले वयाना राशि एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य — NIT** के अनुसार एवं रू शून्य, **4. कार्य पूर्ण करने का समय :** 18 माह, **5. निविदा बंद होने का तिथि एवं समय :** 15/09/2025 दोपहर 12.00 बजे तक। **6. वेबसाइट विवरण नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा की पूर्ण जानकारी देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है :** आई.आर.इ.पी.एस बेवसाईट www.ireps.gov.in पर, पर निविदा डाउन लोड किया जा सकता है एवं सीईई/कॉन महेन्द्रूघाट, कार्यालय सीएओ/कॉन ईसीआर ऑफिस परिषर, पटना 800004 में निविदा पट पर देखा जा सकता है।

हिन्दी एवं अंग्रेजी की सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर अंग्रेजी में प्रकाशित सूचना को सही माना जायेगा।

**उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/उत्तर पू.म.रे./महेंद्रूघाट/पटना**

पीआर/908/सीएन/एन/एमएचएक्स/ईएलईसीटी/टी/25—26/36

# दुर्गापूजा पंडाल को लेकर शांति समिति की बैठक
# ठाकुरबाड़ी-गौरक्षणी पुल निर्माण की मांग तेज



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद अनुमंडल कार्यालय परिसर में मंगलवार को दुर्गा पूजा शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी राजीव रंजन सिन्हा ने की। इस दौरान आगामी नवरात्रि और दशहरा मेला को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने की तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में सबसे अहम मुद्दा ठाकुरबाड़ी से गौरक्षणी को जोड़ने वाले क्षतिग्रस्त पुल का रहा। समिति के सदस्यों ने बताया कि यह पुल शहर को गौरक्षणी और गांधी मैदान से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता था। इसके टूटने से छात्रों, श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बैठक में यह भी चर्चा हुई कि पूर्व में दशहरा मेले के दौरान भीड़भाड़ में ब्लेड मारने जैसी घटनाएं घट चुकी हैं। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था और सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए वैकल्पिक संपर्क मार्ग की तत्काल आवश्यकता है। दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों ने प्रशासन से आग्रह किया कि आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए पुल निर्माण की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाए और तब तक श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों की सुविधा के लिए अस्थायी वैकल्पिक व्यवस्था लागू की जाए। जैसा कि ज्ञात हो धार्मिक दृष्टिकोण से यह क्षेत्र बेहद महत्वपूर्ण है। दरधा-यमुना संगम पर तीन प्रमुख स्थल हैं—गौरक्षणी स्थित माता माण्डेश्वरी मंदिर, गांधी मैदान का महाभारत कालीन शिव मंदिर और पौराणिक ठाकुरबाड़ी। छठ महापर्व, नवरात्र और दशहरा जैसे अवसरों पर यहां लाखों श्रद्धालु एकत्र होते हैं। विशेषकर ठाकुरबाड़ी में दुर्गा प्रतिमा की स्थापना और भव्य मेला जिले का मुख्य आकर्षण होता है। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी राजीव रंजन सिन्हा के अलावा डीएसपी सदर मनोज कुमार चौधरी, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी दीनानाथ प्रसाद सिंह, नगर थानाध्यक्ष दिवाकर विश्वकर्मा, दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष अनिल ठाकुर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## न्यायालय के आदेश के बाद अतिक्रमण में ध्वस्त किए गए मलवे को हटाया गया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** मंगलवार के दिन उच्च न्यायालय के आदेश के बाद जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखंड अंतर्गत इंद्रपुर गांव में पूर्व में हटाए गए अतिक्रमण का मलवा हटाने के लिए दलबल के साथ अंचलाधिकारी मखदुमपुर रणजीत कुमार उपाध्याय और मखदुमपुर थाना अध्यक्ष ओमप्रकाश, इंदरपुर गांव पहुंचे। जहां उच्च न्यायालय के आदेश के बाद पूर्व में चार बार तोड़े गए मकान का मलवा हटवाया। इस संबंध में जानकारी देते हुए अंचल अधिकारी ने बताया कि पूर्व में उच्च न्यायालय के आदेश के बाद इंद्रपुर गांव में बने मकान को अतिक्रमण मुक्त कराया गया था, लेकिन उसका मलवा नहीं हटाया गया था। उसी मलवे को हटाने के लिए उच्च न्यायालय से आदेश आया था जिसे लेकर मंगलवार के दिन दलबल के साथ इंद्रपुर पहुंचे और मलवा को हटाने का काम किया गया।

# गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की हुई जांच



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक महीने आयोजित किए जाने वाले प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के अंतर्गत मंगलवार को हुलासगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच भी की गई। शिविर में महिला चिकित्सक सुचेता अग्रवाल द्वारा आवश्यक दवाएं एवं दिशा निर्देश भी दिया जा रहा था हालांकि स्वास्थ्य जांच हेतु आए गर्भवती महिलाओं एवं परिजनों ने बताया कि स्वास्थ्य शिविरों में बढ़ती संख्या को देखते हुए हुलासगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों के बैठने के लिए भी व्यवस्था नहीं की जाती है। जिसका प्रतिकूल असर गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। उन्होंने बताया कि बड़ी संख्या में आए मरीज के कारण धक्का मुक्की की नौबत भी उत्पन्न हो जाती है। लेकिन इस पर कोई ध्यान अस्पताल प्रबंधन को नहीं जाता है। उन्होंने बताया कि इस परिस्थिति में कई ऐसी महिलाएं भी देखी गई है जो इस धक्का मुक्की की स्थिति को देखकर वापस लौटना ही बेहतर समझी। शिविर में जांच के लिए उपस्थित ममता देवी, कृष्णा देवी आदि ने बताया कि इस शिविर में केवल गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य जांच की औपचारिकता पूरी की जा रही है। वहीं महिला चिकित्सक डॉक्टर सुचेता अग्रवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना का मुख्य उद्देश्य संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देना है, इसके लिए सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के गर्भवती महिलाओं को भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि जच्चा-बच्चा मृत्यु दर में कमी लाई जा सके। इसके लिए महिलाओं का वजन, ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन एवं अन्य जांच जो आवश्यक होता है की जाती है तथा जांचोंपरांत आवश्यक दवाएं एवं दिशा निर्देश भी गर्भवती महिलाओं और उनके परिजनों को दिया जाता है।

# डीएम ने टीबी उन्मूलन के लिए जन भागीदारी का किया आह्वान




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय की अध्यक्षता में तथा सिविल सर्जन जहानाबाद की उपस्थिति में, राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत जी.एन.एम. प्रशिक्षण संस्थान, जहानाबाद में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जिले के टीबी मरीजों के बीच फूड बास्केट वितरित किए गए। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी के सौजन्य से दो टीबी मरीजों, बालाजी अल्ट्रासाउंड जहानाबाद के सौजन्य से 10 टीबी मरीजों, अल्ट्रासाउंड एसोसिएशन एवं ऑल इंडिया मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजिस्ट एसोसिएशन जहानाबाद के सौजन्य से 61 टीबी मरीजों, अर्थात् कुल 71 टीबी मरीजों को निक्षय मित्रों द्वारा फूड बास्केट उपलब्ध कराए गए। कार्यक्रम में जिला संचारी रोग पदाधिकारी, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, अस्पताल प्रबंधक, जी.एन.एम. प्रिंसिपल, अल्ट्रासाउंड एवं जांच एसोसिएशन के सदस्य, एनटीईपी कर्मी एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे। यह उल्लेखनीय है कि क्षय रोग (टीबी) के खिलाफ देश की लड़ाई को गति प्रदान करने तथा वर्ष 2025 तक टीबी को समाप्त करने के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु माननीय राष्ट्रपति द्वारा 9 सितम्बर 2022 को प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ किया गया था। इस अभियान का उद्देश्य टीबी रोगियों को अतिरिक्त सहायता प्रदान कर उपचार परिणामों में सुधार लाना, सामुदायिक भागीदारी बढ़ाना तथा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) गतिविधियों का लाभ उठाना है। इस दौरान जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे ने जिले के नागरिकों से अपील करते हुए टीबी उन्मूलन के लिए जन भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने लोगों से अपील किया कि निक्षय मित्र बने और टीबी रोगियों की सहायता करने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि कोई भी सामान्य नागरिक, जन प्रतिनिधि, गैर सरकारी संस्थान एवं कॉरपोरेट संस्थान निक्षय मित्र बनकर टीबी मुक्त भारत के संकल्प को सशक्त कर सकते हैं।

# सुशासन का सार आपके द्वार : पूर्व विधायक ने बताई सरकार की योजनाएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के घर-घर सुशासन का सार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह ने रविवार को रफीगंज शहरी क्षेत्र सहित चरकांवा निचलीडीह और पचार गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने आमजन को सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं की जानकारी दी। पूर्व विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री ने बिहार के विकास और जनकल्याण के लिए कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। इनमें 125 यूनिट मुफ्त बिजली, महिलाओं को नौकरी में 35 प्रतिशत आरक्षण, युवाओं के लिए 10 लाख रोजगार अवसर, पुल-पुलिया और नाली-गली निर्माण जैसे कार्य प्रमुख हैं। उन्होंने बताया कि गली-रोड निर्माण का काम बड़े पैमाने पर किया गया है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शुरू की गई मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना को भी उन्होंने महत्वपूर्ण बताया। साथ ही कहा कि सरकार प्रत्येक वर्ग को योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। चरकांवा निचलीडीह में नवयुवक संघ और पचार गांव के ग्रामीणों ने पूर्व विधायक का फूल-माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर युवा जदयू जिला अध्यक्ष कौशल चंद्रवंशी, प्रखंड अध्यक्ष सुनील बर्मा, नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि दिलीप उर्फ कारू प्रसाद, पैक्स अध्यक्ष ओमप्रकाश उर्फ गुड्डू कुमार, जदयू आईटी सेल जिला उपाध्यक्ष किशू गुप्ता, सरपंच दयानंद दांगी, गुलशन कुमार, उपमुखिया नरेश कुमार वर्मा, सुभाष यादव, सेराज पहलवान, बीके यादव, दिलू सिंह, मिथलेश साव, प्रमोद यादव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# फुटपाथ दुकानदार संघ ने बांटे डस्टबिन और फिनायल



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत नेशनल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के बैनर तले जहानाबाद फुटपाथ दुकानदार संघ द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व संघ के जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार चोपड़ा ने किया। शहर के कृषि फॉर्म के पास मीट, मुर्गा-मछली मंडी और कृषि सब्जी मंडी में आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में दुकानदार मौजूद रहे। मौके पर दुकानदारों के बीच डस्टबिन और फिनाइल वितरित किए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी को आमंत्रित किया गया था, लेकिन किसी कारणवश वे उपस्थित नहीं हो सके। इससे दुकानदारों में हल्की मायूसी देखी गई। फुटपाथ दुकानदार संघ के जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार चोपड़ा ने कहा कि स्वच्छ एवं सुंदर शहर बनाने का सपना सभी का है। अरविंद सिंह ने जिस तरह देश-विदेश में स्ट्रीट वेंडर्स को स्वच्छता अभियान से जोड़ा है, उसी दिशा में यह पहल जहानाबाद में की गई है। उन्होंने दुकानदारों से अपील किया कि मीट-मछली मंडी में फैली गंदगी को डस्टबिन में ही डालें और नगर परिषद की कचरा गाड़ी आने पर उसी में निस्तारित करें। सब्जी मंडी के दुकानदारों से उन्होंने अनुरोध किया कि खराब या सड़ी-गली सब्जियों को इधर-उधर न फेंकें, बल्कि उन्हें गौशाला तक पहुंचाने का प्रयास करें ताकि मंडी परिसर में दुर्गंध और गंदगी न फैले। कार्यक्रम में मीट मुर्गा मंडी अध्यक्ष भागीरथ कुमार ने इस पहल को सराहनीय बताया। वहीं मोहम्मद अशरफ और कारू चौधरी ने नगर परिषद से भी इस अभियान में सहयोग करने की अपील की। इस आयोजन में गुड्डू कुमार साहू, रंजय कुमार, रंजन कुमार, राजेंद्र राम, किरण देवी, विनोद चौधरी, राजू कुमार और कुंदन कुमार सहित कई दुकानदार मौजूद रहे।

# औरंगाबाद के छह पहलवानों ने नेशनल कॉम्बैट कुश्ती चैंपियनशिप में जीता मेडल



**67 केजी भार वर्ग में अनिकेत व 65 केजी भार वर्ग में ऋषि ने जीता गोल्ड मेडल**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** यूपी के गोरखपुर जिले में आयोजित नेशनल कॉम्बैट कुश्ती चैंपियनशिप में औरंगाबाद के पहलवानों ने बेहतर प्रदर्शन दिखाया है। पहलवानों ने छह पदक जीतकर नाम जिले का नाम रौशन किया है। बेहतर प्रदर्शन के बदौलत ही प्रतियोगिता में बिहार की टीम चैंपियन रही। प्रतियोगिता में अनिकेत रमन ने 67 केजी भार वर्ग में अपनी प्रतियोगी को मात लेकर दो स्टाइल में सिल्वर और गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इसके अलावा ऋषि राज ने 65 केजी भार वर्ग में गोल्ड मेडल, आदित्य राज ने 56 केजी भार वर्ग में सिल्वर मेडल और महिला पहलवान दीपशिखा कुमारी ने 48 केजी भार वर्ग में गोल्ड मेडल अपने नाम किया है। इस उपब्धि के साथ बिहार की टीम ओवरऑल चैंपियन रही। जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष अमरनाथ सिंह, उदय तिवारी, गुडडु सिंह, अमरजीत ठाकुर और अन्य पदाधिकारियों ने पहलवानों को बधाई दिया। अध्यक्ष ने कहा कि औरंगाबाद के पहलवान लगातार बेहतर कर रहे हैं। यहां के पहलवान लगातार देश व राज्य स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में अव्वल हो रहे हैं। बिहार कॉम्बैट कुश्ती संघ के अध्यक्ष डा. रमेश सिंह, महासचिव अरुण कुमार सिंह औश्र कोषाध्यक्ष मुंजी पासवान का महत्वपूर्ण योगदान इस सफलता में माना जा रहा है। सभी ने पहलवानों को बधाई दिया है।

# अपराधियों ने बिजली मिस्त्री को मारी गोली

**गंभीर स्थिति में पीएमसीएच रेफर**



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। स्थानीय जिले के परसबिगहा थाना क्षेत्र के लच्छू बिगहा गांव में उस समय हड़कंप मच गई जब घर में काम कर रहे एक बिजली मिस्त्री को अपराधियों ने गोली मार दी। घटना के बाद पूरे इलाके में भय और अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, लच्छू बिगहा निवासी मनोज कुमार अशोक कुमार के घर में बिजली वायरिंग का काम कर रहे थे। इस दौरान अज्ञात अपराधियों ने उन पर फायरिंग कर दी, जिससे गोली उनके सीने में लग गई। मौके पर अफरातफरी मच गई। ग्रामीणों ने घायल को तुरंत जहानाबाद सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना और परसबिगहा थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुट गई। इस संबंध में गृह स्वामी की पत्नी निरमा देवी ने बताया कि "घर में बिजली का काम हो रहा था। तभी अचानक गोली की आवाज आई। बाहर आकर देखा तो बिजली मिस्त्री खून से लथपथ पड़ा था। अपराधी मेरे पति को निशाना बनाने आए थे, लेकिन घर पर नहीं मिलने के कारण मिस्त्री को है गोली मारकर फरार हो गए।"वहीं, घायल मिस्त्री की पत्नी गुड़िया कुमारी ने घटना पर आक्रोश जताते हुए कहा कि पुलिस जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करे। फिलहाल पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि गोलीबारी की असली वजह क्या थी और इसमें कौन लोग शामिल थे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### 245 गर्भवती महिलाओं की हुई जांच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के तहत विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान करीब 245 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि जांच के दौरान महिलाओं का ब्लड टेस्ट, बीपी, वजन सहित अन्य जरूरी स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। साथ ही गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक नाश्ता उपलब्ध कराया गया और आवश्यक दवाएं भी वितरित की गईं। उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित मातृत्व सेवाएं उपलब्ध कराना और प्रसव पूर्व देखभाल सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में फैमिली प्लानिंग काउंसलर प्रमिला कुमारी, एएनएम राधा कुमारी, सुमित्रा देवी, सुमन कुमारी, सरस्वती कुमारी, पिंकी माला, दमन तिग्गा, लैब टेक्नीशियन रंजीत कुमार, रिंकी कुमारी, रविंद्र कुमार, नदीम अख्तर सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी सक्रिय रूप से शामिल रहे।

### बूथ जीतने की रणनीति पर चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** भारतीय जनता पार्टी हसपुरा मंडल दक्षिणी की ओर से सोमवार को सोनहथु गांव में एक दिवसीय कार्यशाला बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा ने की, जबकि संचालन मंडल उपाध्यक्ष चितरंजन सिंह ने किया। कार्यशाला में राष्ट्रीय महामंत्री सह बिहार प्रदेश संगठन प्रभारी के पर्सनल सेक्रेटरी ने उपस्थित सभी बूथ अध्यक्षों, पंचायत अध्यक्षों और बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को "बूथ जीतो, चुनाव जीतो" अभियान के तहत प्रशिक्षण दिया। इस दौरान आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए बूथ प्रबंधन, मतदाता संपर्क और संगठन को मजबूत बनाने की रणनीतियों पर विशेष चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि बूथ स्तर पर कार्यकर्ता यदि संगठित होकर काम करें तो किसी भी चुनाव में जीत सुनिश्चित की जा सकती है। इसलिए हर कार्यकर्ता का दायित्व है कि वह बूथ को मजबूत बनाने की दिशा में पूरी सक्रियता के साथ काम करे। बैठक में जिला महामंत्री अमन कुशवाहा, जिला मंत्री सुनील शर्मा, पंचायत अध्यक्ष बृजेश सिंह, आलोक सिंह, लव कुमार, संतोष सिंह, रणधीर सिंह, संतोष शर्मा, सतेन्द्र शर्मा, विकास शर्मा, नीरज शर्मा, सूर्यकांत पाठक, कन्हाई सिंह, बबलू शर्मा समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बीयर व शराब के साथ दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जहानाबाद।** बिहार में पूर्ण शराबबंदी कानून के सख्त अनुपालन को सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा सतत निगरानी एवं कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में उत्पाद विभाग, जहानाबाद की टीम ने जहानाबाद टोल प्लाजा के समीप छापामारी कर एक कार को जब्त किया, जिसमें 60.0 लीटर बीयर एवं 54.0 लीटर विदेशी शराब लदी हुई थी। कार से अवैध शराब की बरामदगी के साथ ही दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है तथा इनके विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के अंतर्गत आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शराबबंदी कानून का उल्लंघन किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस तरह की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

### शराब के नशे में उपद्रव, युवक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के तिवारी बिगहा में शराब के नशे में उपद्रव और मारपीट करने के आरोप में एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी की पहचान तिवारी बिगहा निवासी सुजीत कुमार उर्फ सचिन उर्फ पप्पू के रूप में की गई है। पीड़िता रूबी कुमारी ने थाने में आवेदन देकर आरोप लगाया कि उनका देवर शराब के नशे में घर में गाली-गलौज और तोड़फोड़ करने लगा। रोकने पर उसने उनके हाथ में दांत काट लिया और पुत्र के सिर पर वार कर घायल कर दिया। महिला ने बताया कि आरोपी बदमाश प्रवृत्ति का है और पूर्व में भी कई बार जेल जा चुका है। सूचना मिलते ही 112 की टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को थाने ले आई। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच में युवक के शराब पीने की पुष्टि हुई।

# पेड़ से लटका मिला युवक का शव



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जिले के किनारे थाना क्षेत्र अंतर्गत रतनबिगहा निवासी चंदन मांझी का शव देर रात जंगल में एक पेड़ से लटका हुआ मिला। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया।मृतक चंदन मांझी अपने ससुराल किनारी में रहते थे। देर रात अचानक उनकी खोजबीन शुरू हुई तो ग्रामीणों ने उन्हें जंगल के पास एक बरगद के पेड़ से फांसी पर लटका पाया। इसके बाद तत्काल घटना की सूचना कल्पा थाने की पुलिस को दी गई। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया और सदर अस्पताल भेजकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह आत्महत्या है या फिर किसी अन्य कारण से मौत हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि घटना के बाद गांव में डर और आक्रोश का माहौल बना हुआ है। वहीं, मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है। परिजन रो-रोकर बेहाल हैं।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही घटना के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। पुलिस हर एक एंगिल से इस मामले की जांच कर रही है जिसमें आत्महत्या या हत्या के बिंदु भी शामिल हैं।

# मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा : सोनम



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** क्रांतिकारी किसान यूनियन (केकेयू) के बैनर तले किसानों ने सोमवार को हसपुरा प्रखंड मुख्यालय परिसर में एक दिवसीय धरना दिया। धरने का नेतृत्व पूर्व मुखिया एवं मगध संयोजक सोनम देवी ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान और ग्रामीण मजदूर शामिल हुए और सरकार से किसानों के हित में ठोस कदम उठाने की मांग की। धरना के दौरान वक्ताओं ने खाद की कालाबाजारी पर रोक लगाने, मांग के अनुसार पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने, सभी फसलों पर कानूनी गारंटी के साथ न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) सुनिश्चित करने, नहर-तालाब-कुओं को पुनर्जीवित कर सस्ती व स्थायी सिंचाई व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग उठाई। साथ ही समय पर गुणवत्तापूर्ण बीज, खाद व कीटनाशक उपलब्ध कराने, किसानों का कर्ज माफ करने और सस्ती ब्याज दर पर कृषि ऋण देने की मांग भी प्रमुख रही। बाढ़ और सुखाड़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित किसानों को पारदर्शी ढंग से मुआवजा देने और खेती को घाटे का सौदा नहीं बल्कि सम्मानजनक रोजगार बनाने की भी मांग रखी गई। इसके अलावा मनरेगा के तहत ग्रामीण मजदूरों को सालभर काम की गारंटी सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। अध्यक्षता करते हुए सोनम देवी ने कहा कि आजादी के 78 साल बाद भी किसान आर्थिक असमानता और बदहाली से जूझ रहे हैं। हर प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त को लाल किले से किसानों को खुशहाल बनाने का वादा किया, लेकिन वे वादे सिर्फ घोषणाओं तक सीमित रह गए। बिहार जैसे कृषि प्रधान राज्य के अन्नदाता प्राकृतिक आपदाओं, सिंचाई की कमी, बाजार की अव्यवस्था, निजी कंपनियों की लूट और सरकारी उपेक्षा से परेशान हैं। उन्होंने कहा कि "मांगें पूरी होने तक हम चुप नहीं बैठेंगे, आंदोलन जारी रहेगा।" धरना में केकेयू सचिव संजय श्याम, सौरभ अंबेडकर, चंद्रगुप्त मौर्य, प्रो. ललन ठाकुर, युगेश पासवान, शोसद महामंत्री अखिलेश कुमार, पूर्व प्रमुख विजय यादव, रविंद्र यादव, माले प्रखंड सचिव दिनेश राम, सरपंच रामप्रवेश सिंह, ललन प्रसाद, खुर्शीद आलम, शिवदत्त प्रसाद, अजय पासवान, मदन प्रसाद, लालमोहन प्रसाद, भोला दास, रेखा देवी, सुनीता देवी, किरण देवी, मालती कुमारी, रामसुंदरी देवी और सोनाली कुमारी सहित कई नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए। धरना समाप्ति पर मुख्यमंत्री, कृषि मंत्री, औरंगाबाद जिला पदाधिकारी, दाउदनगर अनुमंडल पदाधिकारी और हसपुरा प्रखंड विकास पदाधिकारी के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया।

# राजकीय मध्य विद्यालय पतेया की स्थिति बदहाल




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** राज्य सरकार सरकारी विद्यालयों के स्थिति सुधारने के लिए कई प्रयास कर रही है परंतु स्थिति सुधरने का नाम नहीं ले रहा है। सरकारी विद्यालयों में संसाधन का काफी अभाव है। अधिकांश विद्यालयों में पेयजल की व्यवस्था नहीं है तो कहीं शौचालय जर्जर अवस्था में है। जिले के मदनपुर प्रखंड राजकीय मध्य विद्यालय में पेयजल व शौचालय की व्यवस्था न होने से छात्र-छात्राएं पानी पीने व शौच के लिए घर चले जाते हैं। विद्यालय में बने शौचालय में न तो दरवाजा है और न ही पीने के पानी की कोई व्यवस्था है। ऐसे में मुख्य रूप से छात्राओं को शौच के लिए समस्या उत्पन्न होती है। यहां तक की विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं है। विद्यालय में मूलभूत सुविधाओं के अभाव में शिक्षा ग्रहण करने को मजबूर हैं। बच्चे पेयजल व शौच के लिए घर चले जाते हैं। ग्रामीण उदय सिंह, धर्मेंद्र कुमार, रिंटू सिंह, पंचम सिंह, बैकुंठ चंद्रवंशी, अजीत चंद्रवंशी बतातें हैं कि विद्यालय परिसर में पेयजल का घोर अभाव है। विद्यालय मंदिर में हमेशा गंदगी लगा रहता है। विद्यालय में पहले से जो शौचालय बना था वह काफी दिनों से जर्जर हालात में है। शौचालय बनाने के प्रति अधिकारियों का ध्यान नहीं है। बता दें कि विद्यालय में विषयवार शिक्षक भी नहीं है। विषयवार शिक्षक नहीं होने के कारण बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने में काफी परेशानी होती है। वहीं 110 बच्चे नामांकित हैं। प्रतिदिन 60 से 70 की संख्या में बच्चे प्रतिदिन विद्यालय पहुंचते हैं। यहां तक की विद्यालय में चारदीवारी की व्यवस्था नहीं है। चाहरदीवारी नहीं होने के कारण बच्चे पूरी तरह से असुरक्षित हैं। विद्यालय के बगल में एक तालाब हैं जो पूरी तरह से भरा है। बच्चे खेलते हुए तालाब के पास चले जाते हैं। ऐसे में बच्चों को तालाब में गिरने की संभावना बनी रहती है। अगर इस क्रम में किसी तरह की घटना घट जाती है तो इसकी जिम्मेवारी कौन लेगा। इधर बच्चों को बैठने के लिए दरी तक की भी व्यवस्था नहीं की गई है। बच्चे अपने घर से बोरा लेकर आते हैं इतना होने के बावजूद भी शिक्षा विभाग के अधिकारी चैन की नींद सो रहे हैं। इधर प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार पाल ने बताया कि विद्यालय परिसर में शौचालय बनाया गया था परंतु रखरखाव के अभाव में शौचालय जर्जर हो गया है। बताया कि विद्यालय परिसर में शौचालय, पेयजल की व्यवस्था करने व चारदीवारी निर्माण को ले वरीय अधिकारियों को अवगत कराया गया है परंतु अबतक सुविधाएं बहाल नहीं की गई है।

HOMI BHABHA CENTRE FOR SCIENCE EDUCATION
TATA INSTITUTE OF FUNDAMENTAL RESEARCH

**National Olympiad Programme 2025-2026**
**in Astronomy, Biology, Chemistry, Physics, Junior Science**

All students wishing to participate in the programme must appear in corresponding **National Standard Examinations (NSEs)** (for science subjects) on **November 22 and 23, 2025**, conducted by **the Indian Association of Physics Teachers (IAPT).**

Qualification in NSE is the first step towards participation in the corresponding **International Olympiads of 2026.**

To enroll:
**NSEs:** https://www.iapt.org.in (Aug 21 - Sep 14, 2025)

For more details: https://olympiads.hbcse.tifr.res.in
https://www.iapt.org.in

cbc 48143/12/0007/2523

# प्रधानमंत्री मातृत्व योजना के तहत प्रसव पूर्व की गई गर्भवतियों की जांच

## 265 गर्भवती महिलाओं की हुई शिविर में जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** मातृ-मृत्यु दर को कम किये जाने हेतु प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का विशेष आयोजन मसौढ़ी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को किया गया, जिसका विधिवत उद्घाटन चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रामानुजन ने किया, वहीं बताया की प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं में उच्च जोखिम वाले महिलाओं की पहचान कर विशेषज्ञ एवं प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा गुणवत्तापूर्ण सम्पूर्ण जांच एवं प्रबंधन सुनिश्चित करना है। उच्च जोखिम श्रेणी में आने वाली गर्भवती महिलाओं का समुचित प्रबंधन एवं सुनियोजित संदर्भन सुनिश्चित कर मातृ मृत्यु अनुपात को कम किया जाना है। जिसके तहत प्रत्येक माह के 09 एवं 24 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस का आयोजन होता है लेकिन एक अभियान के तहत 08-20 सितबंर तक यह चलेगा। बहरहाल प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में उत्सव के रूप में मनाया गया। जिसमें स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ पुनम कुमारी के द्वारा गर्भवती महिलाओं का संपूर्ण जांच कर सुरक्षित मातृत्व हेतु परामर्श प्रदान किया गया। इस दौरान प्रत्येक गर्भवती महिलाओं की आवश्यक जांच, हिमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, शुगर, सिकलिन, मलेरिया, एचआईव्ही, वजन, ऊंचाई, टैबलेट आयरन, कैल्शियम और अपने शरीर की स्वच्छता के बारे में महिला चिकित्सा द्वारा विशेष रूप से उपचार काउंसलिंग की गई। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा हितग्राहियों के खान-पान की संपूर्ण व्यवस्था की गई थी। इस दौरान परिवार नियोजन परामर्श, एएनसी, बीपी माप, लैब जांच और दवा वितरण जैसी सुविधाएं भी प्रदान की गयीं।जहां जांच के उपरांत चिकत्सिक द्वारा दवा उपलब्ध कराया गया। तथा गर्भवती महिलाओं को ख़ान पान पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी गई। साथ ही भारी वज़न से परहेज़ बरतनें एवं अधिक मात्रा में पानी पीने की बात कही गई। इस अवसर पर प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक ललन कुमार सिंह, प्रखंड लेखा प्रबंधक चन्द्र भूषण प्रसाद, प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक राकेश पटेल सहित स्वास्थ्यकर्मी एवं आशा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बहुप्रतीक्षित सड़क का विधायक ने किया शिलान्यास

**पालीगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** डीहपालीगंज से किंजर होकर निरखपुर गौसगंज तक जाने वाली बहुप्रतीक्षित सड़क का मंगलवार को विधायक डॉ संदीप सौरभ ने शिलान्यास किया। इस मौके पर ग्रामीणों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। अंग्रेजी हुकूमत के समय से चर्चित रही यह सड़क अब तक उपेक्षित रही थी। वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव में स्थानीय जनता ने इसके निर्माण की मांग करते हुए मतदान का बहिष्कार तक किया था। अंततः विधायक ने पहल कर ग्रामीण कार्य विभाग से स्वीकृति दिलाई और निर्माण कार्य शुरू करवाया। विधायक ने कहा कि सड़क बनने से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि किसानों को भी खेती-किसानी में बड़ी सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। इसी दिन विधायक ने गौस गंज किंजर पथ से दहिया गांव को जोड़ने वाली ग्रामीण सड़क का भी शिलान्यास किया।

## एक नजर

### रेलवे फुट ओवरब्रिज से एक गिरा

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पटना गया रेल खंड के तारेगना रेलवे स्टेशन पर पुराने फुट ओभरब्रीज से मंगलवार की दोपहर अचानक एक व्यक्ति की गिरने की खबर से अफरा तफरी कि माहौल हो गया। जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंचकर जख्मी व्यक्ति को आनन फानन में बेहतर इलाज के लिए अस्पताल में भेजा गया है। थानाध्यक्ष राजू दुबे ने बताया की एक आदमी जिसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी वह पुराने वाले ओवरब्रिज के ऊपर से ताक झांक कर रहा था उसी दरमियान वह ऊपर से गिर गया जो गंभीर अवस्था में चोटिल हो गया है जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है उसका नाम पता अभी नहीं पता चल पाया है।

### ट्रेन से कटकर अधेड़ की मौत

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पटना गया रेल खंड के छोटकी मसौढ़ी हॉल्प से दक्षिण एक अज्ञात ट्रेन से कट कर उसकी मौत हो गई है। मृतक की पहचान महाराज चक गांव के उमेश राय उम्र 62 वर्ष पिता स्व तूफान प्रसाद बताया जाता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले दो दिनों से किस तरह से तनाव ग्रसित दिख रहे थे। अचानक अज्ञात पैसेंजर ट्रेन से कट जाने की खबर मिली है। मौके पर जीआरपी पुलिस शव को कब्जे में लेकर जीआरपी थाने ले आई हैं परिजनों के द्वारा उसे पहचान कर ली गई है। थानाध्यक्ष राजू दुबे ने बताया कि किस ट्रेन से कटी है उसकी जांच पड़ताल की जा रही है और पूरे मामले की छानबीन की जा रही हैं। फिलहाल यूडी केस दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है।

### फायरिंग मामले में अज्ञात पर प्राथमिकी

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के पोस्ट ऑफिस के पीछे मंडप वाली रोड में एक महिला पर फायरिंग मामले में मसौढ़ी थाने में अज्ञात पर जानलेवा हमला एवं हत्या से नियत गोली चलाने के मामले पर प्राथमिकी दर्ज की है। दिए गए आवेदन के आलोक में पीड़ित महिला प्रियंका कुमारी पति स्व अभय सिंह उस्मानचक में लिखा है की पोस्ट ऑफिस के पीछे वाले मकान के बालकनी में खड़े थे तो तकरीबन 9:30 बजे रात्रि में बाइक पर सवार दो अपराधी आए और लगातार तीन गोली फायरिंग की मैं बाल बाल किसी तरह से बच गई, दो बार पहले भी हम पर फायरिंग हो चुकी हैं। मैं किसी तरह से बच गई हूं हम पर हत्या के नियत से जानलेवा हमला किया जा रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

### शिलापट्ट पर योजना की राशि लिखने का दिया गया निर्देश

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर परिषद क्षेत्र के 40 वार्डों में पीसीसी सडक व नाला का उदघाटन किया जा रहा है. परंतु शिलापट्ट पर योजना का नाम और प्राकलन राशि भी नही लिखे जा रहे है. इसको लेकर परिषद के ईओ पंकज कुमार ने योजना विभाग के कर्मी को सख्त निर्देश दिया है कि सभी संवेदकों को सख्त निर्देश दे कि योजना शुरू होने से पहले शिलापट्ट और योजना का नाम और प्रकालन राशि भी शिलापट्टा पर लिखना होगा. उन्होंने बताया कि परिषद के 40 वार्डों में सडक , नाली व गली का निर्माण किया जा रहा है. उन्होंने सभी संवेदकों को सख्त निर्देश दिया है कि योजना शुरू होने से पहले शिलापट्ट लगाये कि कहां से कहा तक निर्माण किया जायेगा और किस योजना और कितना प्राकल्लन राशि है. ताकि लोगों जानकारी हो सकेंगे. बताया जाता है कि पिछले दिनों परिषद के वार्ड 2, 5 समेत अन्य वार्डों में पीसीसी सडक व नाला निर्माण कार्य का उदघाटन किया गया है. परंतु किसी भी शिलापट्ट पर योजना का नाम और प्राकल्लन राशि अंकित नही है इसको लेकर लोगों में कडी नाराजगी व्यक्त की गई।

## एनएसई के गवर्निंग बोर्ड के अध्यक्ष की नियुक्ति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** पब्लिक इंटरेस्ट डायरेक्टर, श्रीनिवास इंजेटी को आज से नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ़ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) के गवर्निंग बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति सेबी (एसईबीआई) की मंजूरी से की गई है। एनएसई का बोर्ड और प्रबंधन, सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी श्री श्रीनिवास इंजेटी का स्वागत करता है, जो एनएसई के गवर्निंग बोर्ड के अध्यक्ष हैं। श्रीनिवास इंजेटी, सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी (1983 बैच), कॉरपोरेट रेग्युलेशन, वित्तीय सेवाओं, सुशासन और सार्वजनिक नीति में चार दशकों से अधिक का नेतृत्व अनुभव साथ लाते हैं। उन्होंने 2017 से 2020 तक कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय में केंद्र सरकार के सचिव के रूप में कार्य किया। इस दौरान उन्होंने इन्सॉल्वेंसी लॉ, कम्पटीशन लॉ और कंपनी लॉ में सुधार किए। उनके नेतृत्व में एनएफआरए की स्थापना, स्वतंत्र निदेशकों का डेटाबैंक, कॉरपोरेट गवर्नेंस को मजबूत करने और सीएसआर रेगुलेटरी फ्रेमवर्क को बेहतर बनाने जैसे महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। 2020 से 2023 तक इंटरनेशनल फाइनेंशियल सर्विसेज सेंटर अथॉरिटी (आईएफएससीए) के पहले अध्यक्ष के रूप में, उन्होंने भारत के पहले इंटरनेशनल फाइनेंसियल रेगुलेटर की स्थापना की। उनके नेतृत्व में ग्लोबल बैंकिंग, फिनटेक, सस्टेनेबल फाइनेंस, फंड्स इकोसिस्टम, एसजीएक्स-एनएसई आईएफएससी कनेक्ट, बुलियन एक्सचेंज, एयरक्राफ्ट लीज़िंग, जीसीसी और अन्य संबंधित सेवाओं को बढ़ावा दिया गया।

## मुख्यमंत्री महिला रोजगार को लेकर महिला संवाद, दी गई योजनाओं की जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** मुख्यमंत्री महिला रोजगार का शुभारंभ रविवार से कर दी गई है, ऐसे में नगर परिषद क्षेत्र के अंतर्गत मंगलवार को वार्ड नंबर 11 और वार्ड नंबर 12 में समूह से जुड़ी सभी महिलाओं को जागरूक किया गया। नगर मिशन प्रबंधक निकिता सिंह ने बताया की इस योजना का उद्देश्य मसौढी नगर परिषद क्षेत्र के प्रत्येक परिवार की एक महिला को उनकी पसंद के अनुसार रोजगार प्रारंभ करने हेतु आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना है, ताकि प्रत्येक परिवार से एक महिला उद्यमी के रूप में स्थापित हो सके।योजना के अंतर्गत महिलाओं को प्रथम किशत के रूप में 10,000 रुपये की राशि उपलब्ध करायी जाएगी। इसके अतिरिक्त, व्यवसाय आरंभ करने के उपरांत आकलन कर आवश्यकतानुसार अतिरिक्त 2 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाएगी। अब तक 12 समूह की 130 महिलाओं का आवेदन प्राप्त हुआ है।योजना का लाभ लेने के लिए जीविका समूह से जुड़ना अनिवार्य किया गया है।महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें रोजगार के नए अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से यह योजना राज्य सरकार की ओर से जागरूकता वाहनों के माध्यम से विशेष प्रचार-प्रसार कार्यक्रम की शुरुआत की गई है।जो विभिन्न वार्ड में जाकर महिलाओं को जानकारी देंगे और आवेदन हेतु प्रेरित करेंगे। अमीन रामाधार प्रसाद एवं रामावतार एवं यह योजना राज्य सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में उठाया गया एक ऐतिहासिक कदम है, जिससे राज्य की महिलाएँ न केवल आर्थिक रूप से सुदृढ़ होंगी, बल्कि समाज में अपनी सशक्त भूमिका का निर्वहन भी कर सकेंगी।

## उमानाथ परिसर के विकास को डीएम पहुंचे बाढ़


**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बाढ़।** पटना डीएम समेत कई आलाधिकारी मंगलवार को लगभग 2 बजे अचानक बाढ़ के उमानाथ मंदिर पहुंचे। जहां डी एम डॉ. एस एम त्यागराजन ने उमानाथ मंदिर में बाबा उमानाथ की पूजा अर्चना की एवं जलाभिषेक किया। उसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा करोड़ों रुपए की लागत से विकास एवं उमानाथ धाम के सौंदर्यीकरण के लिए की गई घोषणा के बाद डी एम, उपायुक्त पटना, एडीएम सहित एएसपी, बाढ़, नगरपरिषद के कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद के अध्यक्ष ने उमानाथ के परिसर का विकास कार्यों हेतु निरीक्षण किया। इस मौके पर डीएम ने बताया कि बहुत जल्द यहां एक बार फिर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आगमन होगा। कार्यक्रम की रूपरेखा बनते ही वे यहां शिलान्यास करने पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि उमानाथ परिसर का बाउंड्री, यात्रियों को ठहरने के लिए भवन एवं एक मल्टी परपस भवन का भी निर्माण किए जाने के साथ ही कई छोटे बड़े निर्माण कार्य किए जाएंगे। मुख्यमंत्री कब आयेंगे इसको लेकर अभी स्पष्ट जानकारी नहीं दी लेकिन उन्होंने कहा कि जल्द ही उनका कार्यक्रम होने वाला है। वहीं नगर परिषद अध्यक्ष ने दुकानदारों को निर्माण कार्य के बाद पुराने दुकानदारों को दुकान उपलब्ध कराने को लेकर प्रयास किए जाने की बात कही। मौके पर बाढ़ एएसपी बाढ़, राकेश कुमार, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, कुमारी अंजू, डीसीएलआर बाढ़ कार्यपालक पदाधिकारी सहित कई पुलिस पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## मां दुर्गा की प्रतिमाओं को भव्य रूप देने में जुटे मूर्तिकार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** मसौढ़ी में दुर्गा पूजा को लेकर विभिन्न पूजा पंडाल समेत प्रतिमा बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पूजा पंडालों के कार्यकर्ताओं में अभी से ही दुर्गा पूजा को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। इसी क्रम में लखीबाग सतिस्थान स्थित पूजा के लिए मूर्ति बनाने में कारीगर अभी से ही जुट गए हैं। मूर्तिकार नागेश्वर विश्वकर्मा अपने बेटे बंगला निवासी राजू प्रजापति अपने दो भाइयों के साथ मूर्ति बना रहे हैं। वे बताते हैं कि उनके यहां मूर्ति बनाने की परंपरा पूर्वजों से चली आ रही है। उनके दादा, पिता लगभग 40 वर्षों से क्षेत्र में मूर्ति बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिसमें उनके पुत्र उनका हाथ बंटाते है। अब सभी जिसमे बब्लू आर्ट समेत अन्य भाई जुड़कर पूर्वजों द्वारा दिए गए हुनर से बेहतरीन मूर्ति बना रहे हैं। दुर्गा पूजा के मौके पर लगभग 10 पंडालों की मूर्तियां बनाते हैं। एक पंडाल की प्रतिमा बनाने में लगभग 50-60 हजार रुपए का खर्च आता है। अगर मूर्ति बड़ी बनाई जाए तो खर्च में बढ़ोरती भी होती है। एक पंडाल की मूर्ति बनाने में लगभग 20 दिन का समय लगता है। गौरतलब हैं की दुर्गा मूर्ति की स्थापना के लिए समितियों की ओर से मूर्तियों की बुकिग भी प्रारंभ हो गई है।सात अक्टूबर से शुरू होने वाले नवरात्र पर्व को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। मां दुर्गा की मूर्तियों को भव्य रूप देने के लिए मूर्तिकार दिन-रात काम में जुटे हुए हैं। सतिस्थान के मूर्तिकार नागेश्वर विश्वकर्मा, ने बताया कि समय से लोगों को मूर्तियां देने के लिए इन दिनों काम जोरों पर चल रहा है। 10 बड़ी दुर्गा जी एवं 40 सरस्वती, गणेश,लक्ष्मी व कार्तिक की मूर्ति बनाया जा रहा है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### 8053 ग्राम पंचायतों...

एवं भूमि सुधार विभाग में 3303 राजस्व कर्मचारियों के पदों के सृजन होगा। इसके लिए 131 करोड़ 74 लाख 21368 रुपए की स्वीकृति मिली है। कैबिनेट में बिहार पशु एवं मत्स्य संसाधन सेवा भर्ती संशोधन नियमावली 2025 के गठन और गन्ना उद्योग विभाग के बिहार ईख पर्यवेक्षक संवर्ग नियमावली 2025 की स्वीकृति मिली है। बिहार के सभी प्रखंडों में जीविका समूह के माध्यम से बेसहारा गोवंशिय पशुओं के संरक्षण एवं समुचित प्रबंधन के लिए बिहार जीविका गोधन संरक्षण एवं प्रबंधन योजना लागू की जाएगी। बिहार नगर पालिका विधि सेवा नियमावली 2025 की स्वीकृति मिली है। नगर पालिका संपत्ति कर निर्धारण, संग्रहण और वसूली नियमावली 2013 के नियम 4 में संशोधन के फल स्वरुप कर प्रणाली अधिक युक्ति संगत होगी। तथा नगर निकायों के राजस्व संग्रहण में वृद्धि होगी।

## पुनपुन में प्रखंडस्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** पुनपुन प्रखंड सभागार भवन मे आहूत प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम कार्यन्वयन समिति कि द्वितीय बैठक आहूत की गई जहाँ कार्यवाही मे स्थानीय विधायक गोपाल रविदास शामिल हुए द्य प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम कार्यनवन समिति द्वारा बैठक मे बताया गया की बेहरावा, बराह, लखना पूर्वी मे बिजली की स्थिति काफी जर्ज़र है जल्द इसे ठीक किया जाए द्य कल्याणपुर, लखनपार, लोदीपुर मे नल खराब है। ज्यादातर दिक्क़्त महादलित टोला मे ही है जिससे महादलित वस्तियों मे पिने योग्य जल की समस्या इसे तत्काल ठीक किया जाए द्यइसके साथ उज्जवला योजना मे सब्सिडी, जीविका के मेंबर को दस हजार रूपये की अनुदान राशि दी जाएगी, पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने की मांग, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेलदारीचक, हरेचक मे जर्जर विद्यालय भवन को मरमती सहित अन्य जनहित के मुद्दे उठाया गया। बैठक मे प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## प्रशांत किशोर से प्रभावित होकर जनसुराज में शामिल हुए अविनाश कुमार




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पालीगंज।** भारतीय जन क्रांति दल के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अविनाश कुमार ने मंगलवार को प्रशांत किशोर से मुलाकात कर जनसुराज पार्टी का दामन थाम लिया। उन्होंने बताया कि तीन प्रमुख कारणों से वह प्रशांत किशोर और उनकी पार्टी से प्रभावित हुए हैं। पहला कारण यह है कि प्रशांत किशोर ने एक साथ जंगलराज और जल्लाद राज के खिलाफ आवाज बुलंद की, जो देश में एक अनोखा उदाहरण है। दूसरा, जनसुराज पार्टी की योजनाएं सभी जातियों के हित में हैं। तीसरा, सहारा इंडिया में देशभर के लगभग 10 करोड़ जमाकर्ताओं का पैसा फंसा हुआ है, जिसमें बिहार के करीब एक करोड़ लोग प्रभावित हैं। इस मुद्दे पर आवाज उठाने के लिए उन्हें एक मजबूत मंच की तलाश थी, जो जनसुराज पार्टी में मिला। अविनाश कुमार ने कहा कि अब वे पार्टी के लिए हर संभव सहयोग करेंगे और सहारा इंडिया के जमाकर्ताओं को भुगतान दिलाने के लिए लगातार आवाज उठाते रहेंगे।

## पिंडदान स्थल पर मधुबनी पेंटिंग कर रहा आकर्षित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** पुनपुन अंतरराष्ट्रीय पितृपक्ष मेला को लेकर पुनपुन के पावन तट पर मधुबनी पेंटिंग बिहार के बाहर के राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रहा है, पिंडदान स्थल पर सभी दीवारों पर रामायण से जुड़ी सभी तस्वीरें उकेरी जा रही है। माता सीता के जीवनी के रेखांकित किया जा रहा है। दीवारों पर मधुबनी पेंटिंग काफी सुंदर और लोगों को आकर्षित कर रहा है। देश-विदेश से आने वाले तीर्थ यात्री भी इस मधुबनी पेंटिंग को देखकर आकर्षित हो रहे है। पितृपक्ष मेला के दौरान, पिंड वेदियों को मधुबनी पेंटिंग से सजाया जा रहा है, जिसमें राम-सीता, रामायण कथा और मोक्ष धाम से संबंधित चित्र बनाए गए हैं, जिससे तीर्थयात्रियों को आकर्षित किया जा सके। पेंटिंग्स में मिथिला कलाकारों द्वारा रामायण से जुड़ी गाथाएं, जैसे सीता के जन्म से लेकर धरती में समाने तक की कहानी, दर्शाई गई हैं। पिंडदान से संबंधित चित्र भी बनाए गए हैं, जो पुनपुन के महत्व और मोक्ष की प्राप्ति को दर्शाते हैं। इस कलाकृति से देश-विदेश से आने वाले तीर्थयात्रियों को आकर्षित करने और धार्मिक वृत्तांतों को दर्शाने का प्रयास किया गया है।

## भूमिहीनों को जमीन देने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने लगाई गुहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी अनुमंडल के तकरीबन 5 गांव के दर्जनों लोग मंगलवार को अनुमंडल कार्यालय पर पहुंचकर एसडीएम से बुनियादी सुविधाओं की मांग को लेकर गुहार लगाया है। जिसमे धनरूआ के खडीहा, रघुनाथपुर गांव, मसौढी के तिनेरी जमालपुर, चिथौल गांव पुनपुन के गंज जलालपुर गांव के लोग शामिल थे। दरअसल बताया जाता है कि अभी भी सैकड़ों भूमिहीन हैं जिनको रहने के लिए आवास नहीं है, मोहल्ले में पानी निकालने के लिए नाली की व्यवस्था नहीं है, ऐसे में अपनी 5 सूत्री मांगों को लेकर अनुमंडल कार्यालय पहुंचकर एसडीएम से गुहार लगाई। गौरतलब है की समता मूलक संगम दल के बैनर तले सैकड़ो लोगों ने जिसमें भूमिहीनों को 5 डिसमिल जमीन देने, सर्वे के माध्यम से जमाबंदी दर्ज कर मालिकाना हक दिलाने, मसौढी अनुमंडल अंतर्गत जमालपुर गांव के वार्ड नंबर 2 में नली गली की परेशानी, मसौढ़ी अनुमंडल अंतर्गत पोठही पंचायत के ग्राम गंज पर महादलित टोला में जर्जर समुदाय भवन को नवनिर्माण करने आदि की मांग की गई।


बिहार सरकार

नगर विकास एवं आवास विभाग
कार्यपालक पदाधिकारी का कार्यालय,
नगर परिषद औरंगाबाद

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–11/2025–26 (E.T.)
(E-Tendering On website- eproc2.bihar.gov.in)

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : कार्यपालक पदाधिकारी का कार्यालय, नगर परिषद् औरंगाबाद
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि : दिनांक–09.09.2025
3. निविदा अपलोड करने की प्रारंभ तिथि/समय : दिनांक–17.09.2025 को 10:00 AM से (on website- eproc2.bihar.gov.in)
4. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय : दिनांक–24.09.2025 को 3:00 PM तक (on website-eproc2.bihar.gov.in)
5. अग्रधन सभी मूल शपथ पत्र, Existing Commitment एवं परिमाण विपत्र के मूल्य बैंक गारंटी जमा करने की अंतिम तिथि/समय एवं स्थान : दिनांक–26.09.2025 को 1:00 PM तक कार्यपालक पदाधिकारी का कार्यालय, नगर परिषद्, औरंगाबाद कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, नगर विकास प्रमण्डल औरंगाबाद अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, नगर विकास अंचल, मगध(गया जी)
6. बीड खोलने की तिथि/समय : दिनांक–27.09.2025 को 3:00 PM से। (on website-eproc2.bihar.gov.in)
7. कार्य का विवरण :–

| कार्य सं0 | ग्रुप संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि (बैंक गारंटी) | परिमाण विपत्र का मूल्य (Through online payment) | Bid Processing Fee (Through online payment) (अप्रत्यर्पणीय) (रु0 में) | कार्य की समाप्ति अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | G-01/ 25-26 | नगर परिषद क्षेत्रान्तर्गत वार्ड संख्या–29 में एल0 सिंह टावर के पीछे सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य। | 1335234.00 | 26800.00 | 2500 | As Per EPROC2 | 3 माह |
| 2 | G-02/ 25-26 | नगर परिषद क्षेत्रान्तर्गत महाराणा प्रताप चौक के पास सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कार्य। | 648201.00 | 13000.00 | 1250 | As Per EPROC2 | 3 माह |
| 3 | G-03/ 25-26 | नगर परिषद क्षेत्रान्तर्गत बस स्टैण्ड (रामाबांध) में सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कार्य। | 648201.00 | 13000.00 | 1250 | As Per EPROC2 | 3 माह |

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No. 014254 (B&C) 25-26

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद् औरंगाबाद

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

# भारत एशिया कप के लिए फेवरिट है? सवाल पर पाकिस्तानी कप्तान का अजीब जवाब, सूर्या ने चौंका दिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशिया कप आज यानी कि 9 सितंबर से शुरू हो रहा है। पहले मैच में अफगानिस्तान का सामना हॉन्ग कॉन्ग की टीम से हो रहा है। वहीं टीम इंडिया अपने अभियान की शुरुआत 10 तारीख से यूएई के खिलाफ करने वाली है। इसके बाद 14 सितंबर को भारतीय टीम का सामना पाकिस्तान से होने वाला है। ये इस टूर्नामेंट का सबसे हाईवोल्टेज मुकाबला होने वाला है। इससे पहले ये कयास लगातार लगाए जा रहे हैं भारत और पाकिस्तान की टीम में से कौन सी टीम बाजी मारने वाली है। एशिया कप 2025 की शुरुआत से पहले भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव और पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लिया। उनके साथ 6 अन्य टीमों के कप्तान भी थे। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में एशिया कप को लेकर कई सवाल पूछे गए। खासकर भारत को लेकर एक सवाल पर सूर्यकुमार यादव का जवाब चर्चा में रहा। भारत को टी20 वर्ल्ड कप जीतने के कारण टूर्नामेंट का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। लेकिन सूर्यकुमार ने इस बात पर हैरानी जताई कि ये बात किसने कही। वहीं सलमान आगा ने कहा कि टी20 में कोई भी टीम फेवरेट नहीं होती। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक रिपोर्टर ने सूर्यकुमार और सलमान से पूछा कि




भारत को सबसे मजबूत टीम माना जा रहा है इस पर उनकी क्या राय है। सूर्यकुमार यादव ने तुरंत सवाल किया, किसने बोला। मैंने तो नहीं सुना। अगर आपकी तैयारी अच्छी है तो आप मैदान पर आत्मविश्वास से उतरते हैं। हां हम काफी समय बाद खेल रहे हैं लेकिन हम 3-4 दिन पहले यहां आ गए थे। हमने टीम के रूप में अच्छा समय बिताया। हम इस टूर्नामेंट के लिए उत्सुक हैं। सूर्यकुमार का ये जवाब सुनकर सब लोग हैरान रह गए। पाकिस्तान के कप्तान सलमान से भी यही सवाल पूछा गया। उन्होंने कहा कि टी20 क्रिकेट में कोई भी टीम फेवरेट नहीं होती। उन्होंने कहा कि खेल के स्वरूप के कारण ऐसा है। सलमान ने कहा, टी20 क्रिकेट में मुझे नहीं लगता कि कोई भी फेवरेट है। किसी खास दिन आपको अच्छा क्रिकेट खेलना होता है। यह एक तेज गति वाला खेल है। कुछ ओवरों में खेल बदल सकता है।

हाल ही में पाकिस्तान ने यूएई और अफगानिस्तान के साथ एक त्रिकोणीय सीरीज खेली थी। पाकिस्तान ने ये सीरीज जीती थी। इस सीरीज से पहले सलमान ने कहा था कि अगर पाकिस्तान एशिया कप नहीं जीतता है तो त्रिकोणीय सीरीज जीतने का कोई मतलब नहीं है।

# मोर्केल ने एशिया कप से पहले कुलदीप की जमकर तारीफ की

## कहा- वह एक बहुत ही पेशेवर एथलीट

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
टीम इंडिया के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने एशिया कप 2025 के शुरुआती मैच से पहले कुलदीप यादव की प्रशंसा की। कुलदीप ने पिछले साल टी20 विश्व कप फाइनल के बाद से सबसे छोटे प्रारूप टी20 में मेन इन ब्लू के लिए नहीं खेला। उन्हें आगामी महाद्वीपीय टूर्नामेंट के लिए टीम की 15 सदस्यीय टीम में चुना गया है।

बाएं हाथ के स्पिनर को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भी टीम में चुना गया था। लेकिन किसी भी मैच में उन्हें प्लेइंग इलेवन में शामिल नहीं किया गया। कुलदीप उम्मीद करेंगे कि एशिया कप में ऐसा न हो खासकर इसलिए क्योंकि टूर्नामेंट यूएई में हो रहा है और वहां की परिस्थितियां तेज गेंदबाजों की तुलना में स्पिनरों के लिए ज्यादा अनुकूल हैं।



मोर्केल ने कहा, मुझे लगता है कि वह एक बेहद पेशेवर खिलाड़ी हैं। इंग्लैंड में खेलने के बाद से उनका रवैया ऐसा ही है। जहां उन्हें बहुत कम खेलने का मौका मिला और अब भी वह वही खिलाड़ी हैं जो ओवर डालते हैं। उन्होंने आगे कहा, और मेरे लिए कुलदीप जैसा कि मैंने कहा उसने अपने करियर में बहुत सारे ओवर फेंके हैं। वह जानता है कि टी20 और सीमित ओवरों के क्रिकेट के लिए खुद को तैयार करने के लिए उसे क्या करना है और जैसा कि मैंने कहा हम केवल वही नियंत्रित कर सकते हैं जो हम अभी नियंत्रित कर सकते हैं और वह है जब हम अभी प्रशिक्षण करते हैं और जब हमारे सत्र होते हैं तो यह केंद्रित होता है इसके पीछे एक उद्देश्य होता है और हमारे पास लक्ष्य होते हैं।

कुलदीप हाल ही में दलीप ट्रॉफी में सेंट्रल जोन के लिए खेलते हुए नजर आए। बाएं हाथ के इस स्पिनर ने नॉर्थ ईस्ट जोन के खिलाफ प्लेऑफ में हिस्सा लिया था। लेकिन दोनों पारियों में प्रभावित करने में नाकाम रहे। 30 वर्षीय इस गेंदबाज ने मैच के दौरान 32 ओवर फेंके और कोई विकेट नहीं ले पाए।

# पाकिस्तानी गेंदबाज उस्मान शिनवारी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान के 31 वर्षीय तेज गेंदबाज उस्मान खान शिनवारी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। पाकिस्तान के लिए कुल 34 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले इस क्रिकेटर ने दिसंबर 2019 में आखिरी बार पाकिस्तान की ओर से खेला था।

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज उस्मान खान शिनवारी ने साल 2013 में पाकिस्तान की तरफ से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डेब्यू किया। टी20 फॉर्मेट के डेब्यू के बाद उन्हें वनडे और टेस्ट क्रिकेट में खेलने का मौका भी मिला। शिनवारी ने पाकिस्तान की ओर से 17 वनडे मैच खेले, जिसमें 18.61 की औसत के साथ 34 शिकार किए। वहीं, 16 टी20 मुकाबलों में इस गेंदबाज ने 13 विकेट निकाले। इस तेज गेंदबाज ने दिसंबर 2019 में इकलौता टेस्ट मैच खेला। श्रीलंका के खिलाफ रावलपिंडी में आयोजित इस मुकाबले में शिनवारी ने 54 रन देकर सिर्फ एक ही विकेट अपने नाम किया था। इसके तुरंत बाद वह टीम से बाहर हो गए और अपना सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट भी खो दिया।




शिनवारी एसीसी पुरुष वनडे एशिया कप 2018 में पाकिस्तानी टीम का हिस्सा थे। अंतरराष्ट्रीय गेंदबाज को अपने छोटे से कार्यकाल में ही कई बार पीठ की चोट का सामना करना पड़ा, जिसने उनके लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के रास्ते बंद कर दिए। वनडे फॉर्मेट में शिनवारी श्रीलंका के खिलाफ दो मुकाबलों में पांच शिकार कर चुके हैं। उन्होंने साल 2017 में शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में 34 रन देकर पांच विकेट हासिल किए थे। इसके बाद साल 2019 में कराची के नेशनल बैंक स्टेडियम में 51 रन देकर पांच विकेट निकाले। बाएं हाथ का यह तेज गेंदबाज साल 2021 में रेड बॉल फॉर्मेट से संन्यास का ऐलान कर चुका था। साल 2013 में डिपार्टमेंटल टी20 कप के फाइनल में किशोर शिनवारी ने सभी का ध्यान खींचा था। उन्होंने अपनी सीम और स्विंग के साथ 3.1 ओवरों में महज नौ रन देकर पांच विकेट हासिल किए थे। मिस्बाह-उल-हक की अगुवाई वाली एसएनजीपीएल टीम को इस मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था।

# Asia Cup 2025:




# एशिया कप टी20 में सिर्फ दो टीमों के खिलाफ हारा है भारत, 80 प्रतिशत मैच जीते

**दुबई, एजेंसी।** भारत का रिकॉर्ड इस टूर्नामेंट में बेहद प्रभावशाली रहा है। एशिया कप टी20 का यह तीसरा संस्करण होगा। एशिया कप 2025 की तैयारियों ने क्रिकेट फैंस का उत्साह चरम पर पहुंचा दिया है। टूर्नामेंट का आगाज आज से होने जा रहा है और इसका फाइनल 28 सितंबर को खेला जाएगा। इस बार एशिया कप टी20 प्रारूप में खेला जाएगा, जिसकी सबसे बड़ी वजह अगले साल होने वाला आईसीसी टी20 विश्व कप है। यही परंपरा एशिया कप में रही है कि अगले बड़े आईसीसी टूर्नामेंट के मुताबिक इसका फॉर्मेट तय किया जाता है।

भारत का रिकॉर्ड इस टूर्नामेंट में बेहद प्रभावशाली रहा है। एशिया कप टी20 का यह तीसरा संस्करण होगा। पहला संस्करण 2016 में खेला गया था, जब महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में टीम इंडिया ने खिताब अपने नाम किया। इसके बाद 2022 में यह टूर्नामेंट दूसरी बार टी20 फॉर्मेट में खेला गया था, जिसे श्रीलंका ने जीता। भारत अब तक एशिया कप टी20 में कुल 10 मैच खेल चुका है, जिनमें से 8 में टीम इंडिया ने जीत दर्ज की है। दो मुकाबलों में उसे हार झेलनी पड़ी है और ये दोनों हार 2022 में पाकिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ आई थीं।

## इनके खिलाफ भारत एशिया कप टी20 में खेल चुका

एशिया कप 2025 में कुल आठ टीमें खेल रही हैं। इनमें से अन्य छह टीमों के खिलाफ भारत 2016 और 2022 में एशिया कप टी20 में खेल चुका है। भारत ने बांग्लादेश, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, श्रीलंका, हॉन्गकॉन्ग और यूएई जैसी टीमों के खिलाफ मैदान संभाला है। ओमान के खिलाफ भारत पहली बार इस टूर्नामेंट में उतरेगा। भारत ने एशिया कप टी20 के अब तक खेले गए मैचों में बांग्लादेश के खिलाफ दो में से दोनों मुकाबले जीते हैं। पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय टीम ने तीन मैच खेले हैं, जिनमें दो में जीत मिली जबकि एक में हार झेलनी पड़ी। अफगानिस्तान के खिलाफ भारत ने एक मैच खेला और उसे भी जीता। हॉन्गकॉन्ग और यूएई के खिलाफ खेले गए एक-एक मैच में भी भारत विजयी रहा। श्रीलंका के खिलाफ टीम इंडिया ने दो मुकाबले खेले हैं, जिनमें से एक जीता और एक हारा।

# अनन्या और दिव्यांशी की जोड़ी का दमदार प्रदर्शन, स्टार कंटेंडर में अंडर-15 युगल खिताब जीता



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अनन्या और दिव्यांशी ने अपना धैर्य बरकरार रखते हुए चीन की जोड़ी के खिलाफ 11-8, 7-11, 11-8, 6-11, 14-12 से जीत दर्ज की। अनन्या मुरलीधरन और दिव्यांशी भौमिक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में झाओ वैंगकी और ल्यु झिलिंग की चीन की जोड़ी को हराकर डब्ल्यूटीटी युवा स्टार कंटेंडर टेबल टेनिस टूर्नामेंट में अंडर-15 लड़कियों के युगल वर्ग का खिताब जीता। कड़े मुकाबले में अनन्या और दिव्यांशी ने अपना धैर्य बरकरार रखते हुए चीन की जोड़ी के खिलाफ 11-8, 7-11, 11-8, 6-11, 14-12 से जीत दर्ज की। दबाव को झेलने और तनावपूर्ण क्षणों में आक्रामक जवाब देने की क्षमता भारतीय जोड़ी को पोडियम पर शीर्ष स्थान दिलाने में निर्णायक साबित हुई। इससे पहले सेमीफाइनल में इस जोड़ी ने हमवतन रियाना भूटा और अंकोलिका चक्रवर्ती को 3-1 (11-2, 10-12, 11-3, 11-6) से हराया था। रियाना और अंकोलिका को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।भारत के लिए पीबी अभिनंद और ऋत्विक गुप्ता ने क्रमशः अंडर-19 और अंडर-15 बालक एकल वर्ग में रजत पदक जीते। अभिनंद जापान के इवैडा शुंटो के खिलाफ सीधे गेम में 0-3 (6-11, 7-11, 8-11) से हार गए जबकि ऋत्विक को भी खिताबी मुकाबले में कोरिया के ली सेयुंगसू के खिलाफ 0-3 (8-11, 5-11, 8-11) से शिकस्त झेलनी पड़ी। अंडर-19 मिश्रित युगल में अभिनंद और सिंड्रेला दास की जोड़ी जबकि अंडर-15 बालक युगल में ऋत्विक और साहिल रावत की जोड़ी ने कांस्य पदक जीते। टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ियों ने कुल छह पदक जीते।

# डब्ल्यूडब्ल्यूई ने निकाला बाहर तो भड़क गया रेसलर, दे डाली ये धमकी, अब होगा बवाल डब्ल्यूडब्ल्यूई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** डब्ल्यूडब्ल्यूई ने हाल के दिनों में कई रेसलर्स को रिलीज किया है। जिसमें से एक नाम स्टार रेसलर कैरियन क्रॉस का भी है। उन्हें रिलीज किए जाने के बाद उन्होंने एक पॉडकास्ट में चौंकाने वाला बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि डब्ल्यूडब्ल्यूई ने उन्हें रिलीज करके एक बड़ी गलती की है। डब्ल्यूडब्ल्यूई ने पिछले महीने उनका कॉन्ट्रैक्ट खत्म होने के बाद उसे रिन्यू नहीं किया जिसके बाद क्रॉस ने कंपनी छोड़ दी। 2022 में ट्रिपल एच के कार्यकाल में दोबारा साइन करने के बाद उनका तीन साल का कॉन्ट्रैक्ट समाप्त हो गया था। भले ही क्रॉस का मेन रोस्टर पर सफर उतार-चढ़ाव भरा रहा हो, लेकिन इस साल रेसलमेनिया के दौरान वह डब्ल्यूडब्ल्यूई फैंस के बीच बहुत लोकप्रिय हो गए थे। उनकी कहानी सामी जेन और बाद में यूनाइटेड स्टेट्स चैंपियन के साथ चली, जिसमें समरस्लैम में एक बड़ा मैच भी शामिल था। हाल ही में उन्होंने रेसलिंग लाइफ पॉडकास्ट पर बात की। कैरियन क्रॉस ने कहा कि यह बहुत अच्छा था। जब आपको कोई क्रिएटिव डायरेक्शन मिलता है और वह दर्शकों को पसंद आता है, तो ऐसा लगता है कि आपने अपना मिशन पूरा कर लिया। आपको खुद चुनते हैं, भले ही आपके लिए कोई योजना न बनाई गई हो और वे कहते हैं, यह हमारा आदमी है, तो यह बहुत मायने रखता है। मुझे नहीं लगता कि मेरे साथ ऐसा पहले कभी हुआ था।

# ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों की तिकड़ी में अभी काफी क्रिकेट बची है: हेजलवुड

**सिडनी, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने उन अटकलों को खारिज कर दिया है कि आगामी एशेज श्रृंखला में उनकी, पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क की खतरनाक तेज गेंदबाजी तिकड़ी आखरी बार एक साथ खेलते हुए दिखेगी। उन्होंने कहा कि तीनों तेज गेंदबाजों में अभी काफी क्रिकेट बची हुई है और वह कम से कम दो साल और खेल सकते हैं। इन तीनों तेज गेंदबाजों की उम्र 35 वर्ष के आसपास है। कमिंस कमर में खिंचाव की चोट से जूझ रहे हैं तथा स्टार्क ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है जिसके कारण माना जा रहा है कि ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजी इतिहास के एक युग का अंत निकट है। हेजलवुड स्वयं चोटों से जूझ रहे हैं लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि तीनों गेंदबाजों में से कोई भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बारे में नहीं सोच रहा है। हेजलवुड ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि हम अभी कुछ कहने की स्थिति में हैं। हर कोई टेस्ट क्रिकेट को पसंद करता है और अगले दो वर्ष में काफी टेस्ट मैच खेले जाने हैं। उन्होंने कहा, 'अभी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का एक और चक्र होना बाकी है। इसलिए केवल एशेज ही नहीं टेस्ट क्रिकेट में अगले दो साल में काफी रोमांचक मैच होने वाले हैं और मुझे लगता है कि हर कोई इनका हिस्सा बनना चाहता है। हमारे पास टेस्ट क्रिकेट को देने के लिए अभी काफी कुछ बचा है।

# टोनाली ने विश्व कप क्वालिफाइंग मैच में इटली को दिलाई जीत, इस्राइल को दी शिकस्त

**डेब्रेसेन (हंगरी), एजेंसी।** इटली ने अगले साल उत्तरी अमेरिका में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालिफाई करने अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। सैंड्रो टोनाली के इंजरी टाइम में किए गए गोल की मदद से इटली ने यूरोपीय फ़ुटबॉल विश्व कप क्वालीफाइंग में सोमवार को इस्राइल के खिलाफ नौ गोल वाले रोमांचक मुकाबले में 5-4 से जीत हासिल की। इस तरह से इटली ने अगले साल उत्तरी अमेरिका में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालिफाई करने अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। जून में नॉर्वे से 3-0 की हार के बाद इटली का क्वालिफिकेशन अभियान मुश्किल में पड़ गया था। उसकी मुश्किल तब और बढ़ गई थी जब तटस्थ स्थल हंगरी में खेले गए मैच में इस्राइल ने दो गोल की बढ़त हासिल कर ली थी। इटली ने मोइज कीन के दो गोल की मदद से बराबरी की। इसके बाद 59वें मिनट में माटेओ पोलिटानो ने माटेओ रेटेगुई ने इटली को बढ़त दिलाई और जियाकोमो रास्पाडोरी ने चौथा गोल किया।

# स्पेन में समंदर किनारे स्टोइनिस ने की सगाई, मंगेतर सारा को इस तरह किया प्रपोज

**मेलबर्न, एजेंसी।** स्टोइनिस ने स्पेन के तट पर एक रोमांटिक अंदाज में नाव पर बैठकर सारा को प्रपोज किया। इस सरप्राइज प्रपोजल के बाद दोनों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गईं। ऑस्ट्रेलिया के स्टार ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस ने अपनी जिंदगी का नया अध्याय शुरू कर दिया है। उन्होंने अपनी लंबे समय की पार्टनर सारा जारनुक से तीन सितंबर 2025 को सगाई कर ली। इस खास मौके का खुलासा सारा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर किया। उन्होंने कुछ खूबसूरत तस्वीरें साझा कीं और लिखा, मैंने अपनी जिंदगी का सबसे आसान हां कहा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, स्टोइनिस ने स्पेन के तट पर एक रोमांटिक अंदाज में नाव पर बैठकर सारा को प्रपोज किया। इस सरप्राइज प्रपोजल के बाद दोनों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गईं और फैन्स उन्हें ढेरों शुभकामनाएं देने लगे। स्टोइनिस और सारा जारनुक का रिश्ता किसी से छिपा नहीं है। दोनों लंबे समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। सारा को अक्सर स्टेडियम में स्टोइनिस को सपोर्ट करते हुए देखा गया है। वहीं, दोनों ने सोशल मीडिया पर भी कई बार साथ में तस्वीरें साझा की हैं। सारा पेशे से एक ऑस्ट्रेलियन मॉडल और फैशन डिजाइनर हैं और अपने स्टाइल व ग्लैमर के लिए जानी जाती हैं। मार्कस स्टोइनिस का यह साल कई मायनों में खास रहा है।



# 10 सितंबर का ऐतिहासिक दिन, जब रियो पैरालंपिक में दो भारतीयों ने लहराया तिरंगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
भारतीय खेल जगत के लिए 10 सितंबर यादगार है। इसी दिन रियो पैरालंपिक के एक ही इवेंट में भारत के दो खिलाड़ियों ने पदक जीते थे।

यह बात साल 2016 की है। मौका रियो पैरालंपिक का है। 10 सितंबर के दिन मरियप्पन थंगावेलु ने पुरुषों की ऊंची कूद के टी42 इवेंट में 1.89 मीटर की जंप के साथ नया पैरालंपिक रिकॉर्ड बनाते हुए देश के लिए गोल्ड जीता। इसी के साथ मरियप्पन ऊंची कूद में पैरालंपिक स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय बने। 28 जून 1995 को सलेम स्थित एक छोटे से गांव में जन्मे मरियप्पन बेहद गरीब परिवार से थे। छह बच्चों के सिर से पिता का साया उठ चुका



था। ऐसे में मां दिहाड़ी मजदूरी करने के अलावा सब्जी बेचकर किसी तरह परिवार का पेट भरती।

जब मरियप्पन महज पांच साल के थे, तब एक हादसे ने उनकी जिंदगी ही बदल दी। नशे में धुत एक बस ड्राइवर ने उन्हें टक्कर मार दी, जिसके चलते उनके दाहिने पैर का घुटना कुचल गया। इसी हादसे ने मरियप्पन को लकड़ी के सहारे चलने को मजबूर कर दिया। मरियप्पन को खेल बहुत पसंद था। एक शिक्षक ने उन्हें ऊंची कूद के लिए प्रेरित किया और स्थानीय प्रतियोगिताओं में मरियप्पन ने खुद को साबित कर दिया। साल 2015 में सत्यनारायण ने उन्हें बेंगलुरु स्थित अपने ट्रेनिंग कैंप में शामिल किया और उनके मार्गदर्शन में इस खिलाड़ी ने देश के लिए पदक जीता।

मरियप्पन को साल 2017 में पद्म श्री और अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। साल 2020 में उन्हें मेजर ध्यान चंद खेल रत्न पुरस्कार से नावाजा गया। जिस इवेंट में मरियप्पन थंगावेलु ने गोल्ड जीता, उसी इवेंट में वरुण सिंह भाटी ने 1.86 मीटर की कूद के साथ ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। यह व्यक्तिगत तौर पर उनका सर्वश्रेष्ठ था। 13 फरवरी 1995 को ग्रेटर नोएडा में जन्मे वरुण भाटी का पहला प्यार बास्केटबॉल था, लेकिन पोलियो के चलते वह इस खेल में अपने करियर को आगे नहीं बढ़ा सके।

वरुण भाटी खेलों में देश का नाम रोशन करना चाहते थे। ऐसे में उन्हें कोच ने ऊंची

# लखपति दीदी व एसएचजी के जरिये महिलाओं को सशक्त बना रहा पंजाब नैशनल बैंक

## ऋण वितरण के लिए 12 सितंबर को नवीनगर में लगेगा विशेष शिविर | अंचल प्रमुख नाथूराम बंजारा होंगे मुख्य अतिथि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महिला सशक्तिकरण की महत्वाकांक्षी पहल लखपति दीदी योजना को साकार करने में पंजाब नैशनल बैंक अहम भूमिका निभा रहा है। स्वयं सहायता समूह और लखपति दीदी योजना के तहत महिलाओं को स्वरोजगार के लिए बैंक के औरंगाबाद मंडल क्षेत्र में करीब चार सौ करोड़ रुपये के ऋण की स्वीकृति प्रदान की गयी है। बैंक के मंडल प्रमुख प्रवीण कुमार ने आज बताया कि इस सिलसिले में औरंगाबाद जिले के नबीनगर प्रखंड मुख्यालय के राधेश्याम उत्सव गार्डेन में 12 सितंबर को पीएनबी के मंडल कार्यालय की तरफ से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पीएनबी के बिहार स्थित अंचल प्रमुख नाथूराम बंजारा शामिल होंगे और मंडल कार्यालय और शाखा के सभी अधिकारी उपस्थित रहेंगे। बैंक के मंडल प्रमुख ने बताया कि इस कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह और लखपति दीदी योजना के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ऋण राशि का वितरण चेक के माध्यम से किया जाएगा। औरंगाबाद मंडल द्वारा अब तक 380 करोड़ रुपए के ऋण की स्वीकृति स्वयं सहायता समूहों को दी गयी है । इसमें से अब तक 300 करोड़ रुपए की ऋण राशि महिलाओं के बीच वितरित कर दी गयी है जबकि लखपति दीदी योजना में 1400 महिलाओं के बीच 20 करोड रुपए की ऋण की स्वीकृति मिली है। इसमें से अब तक 1150 महिलाओं को उनके व्यवसाय के आधार पर ऋण राशि वितरित किया गया है। श्री कुमार ने बताया कि पीएनबी मंडल कार्यालय के अंतर्गत औरंगाबाद जिला के अलावा रोहतास और अरवल जिले आते हैं। यह आंकड़ा तीनों जिलों को मिलाकर दिया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम के मद्देनजर 25 अगस्त से लेकर 12 सितंबर तक तीनों जिलों में एक विशेष कैंप लगाकर स्वयं सहायता समूह के तहत 30 करोड़ की ऋण राशि को स्वीकृत किया गया है, वहीं लखपति दीदी योजना के तहत 500 महिलाओं को ऋण स्वीकृति का लक्ष्य रखा गया है।

# निष्पक्ष तरीके से करें भूमि संबंधी समस्याओं का समाधान : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** बिहार सरकार द्वारा संचालित राजस्व विभाग आपके द्वार अभियान के अंतर्गत मदनपुर प्रखंड के आजन गांव में आयोजित विशेष शिविर का जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का निष्पादन त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए ताकि आमजन को अंचल कार्यालय अथवा जिला मुख्यालय का अनावश्यक परिभ्रमण नहीं करना पड़े। साथ ही, उन्होंने मदनपुर के अंचल अधिकारी को प्रत्येक शिविर स्थल पर ग्रामीणों को फॉर्म भरने हेतु दो अतिरिक्त कर्मियों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों से संवाद के दौरान जिलाधिकारी ने उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया कि वे अपनी भूमि संबंधी समस्याओं– जैसे ऑनलाइन जमाबंदी में सुधार, छूटी हुई जमाबंदी का ऑनलाइन अंकन, उत्तराधिकारी नामांतरण, बंटवारा नामांतरण आदि के आवेदन शिविर स्थल पर ही प्रस्तुत करें ताकि उनके प्रकरणों का त्वरित एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित हो सके। यह उल्लेखनीय है कि राजस्व विभाग आपके द्वार अभियान का शुभारंभ 16 अगस्त से किया गया है जो आगामी 20 सितम्बर 2025 तक जिले के सभी अंचलों के ग्राम स्तर पर संचालित होगा। इस अभियान के अंतर्गत नामित राजस्व दल घर-घर जाकर भूमि संबंधी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त कर रहे हैं। साथ ही, प्रत्येक ग्राम में निर्धारित तिथियों को विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जहां विभागीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहकर आवेदनों का प्राथमिक स्तर पर त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त जिला पदाधिकारी द्वारा देव प्रखंड में प्रगति पथ अंतर्गत रिंग रोड निर्माण कार्य का भी स्थलीय निरीक्षण किया गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्माण कार्य संपन्न करने का निर्देश दिया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार महिला की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार महिला की मौत हो गई। घटना बारून थाना क्षेत्र के बरूआ पुल के समीप की है। मृतका की पहचान थाना क्षेत्र के खैरा गांव निवासी भुनेश्वर सिंह की 48 वर्षीया पत्नी दुलारी देवी के रूप में की गई है। जानकारी के मुताबिक किसी काम से महिला बारून गई थी। इसके बाद वह घर जा रही थी तभी एनएच-19 पर बरूआ पुल के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना के आलोक में पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। इस घटना से मृतका के परिजनों में शोक व्याप्त है। वहीं आसपास मातम पसरा हुआ है। स्थानीय लोगों ने मृतका के परिजनों के लिए मुआवजे की मांग की है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत हुई है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## आरोपित गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** मुफस्सिल थाना की पुलिस ने मारपीट मामले में एक नामजद आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान थाना क्षेत्र के ही रतनुआ गांव निवासी रामप्रसाद भुइयां के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित मारपीट मामले का नामजद था। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के उपरांत उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# गृहभेदन का उद्‌भेदन, एक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** दाउदनगर पुलिस ने गृहभेदन मामले का सफल उद्‌भेदन करते हुए चोरी किए गए लाखों रूपये के आभूषणों को बरामद करने के साथ ही एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। वहीं एक विधि विरूद्ध किशोर को निरूद्ध किया है। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान थाना क्षेत्र के ही वार्ड नंबर-15 निवासी कृष्णा चौधरी के 19 वर्षीय पुत्र सुशील कुमार के रूप में की गई है। इसके पास से 3 जोड़ा चांदी का पायल, 20 जोड़ा चांदी का बिछिया, 3 सोने की अंगूठी, 1 चांदी का चम्मच, 9 चांदी का सिक्का, 1 सोना का हार, 1 सोना का मंगलसूत्र, 4 सोने का चेन एवं 2 जोड़ा सोने का झुमका बरामद किया गया है। दरअसल 6 सितंबर की रात अज्ञात चोरों ने एक घर का गृहभेदन कर सोने-चांदी के आभूषण और नगदी की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। कांड की गंभीरता के आधार पर पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल द्वारा दाउदनगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक दास के नेतृत्व में एसआईटी का गठन कर कांड में संलिप्त अभियुक्तों की अविलंब गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। गठित एसआईटी द्वारा सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन, तकनीकी विश्लेषण एवं आसूचना संकलन के आधार पर सोमवार की देर रात थाना क्षेत्र के अशोका इंटर स्कूल फिल्ड के पास से कांड में संलिप्त दो लोगों को पकड़ा गया। अपने कार्यकाय कक्ष में प्रेसवार्ता के दौरान दाउदनगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकरी अशोक दास ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। सुशील कुमार ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि उसे और उसके नबालिग मित्र को धुम्रपान करने की लत लग गई है। घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण धुम्रपान के लिए पैसे नहीं मिलते थे जिसके कारण हम दोनों मिलकर चोरी की योजना बनाते और खाली घरों की रेकी के पश्चात चिह्नित घरों में चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। इसी क्रम में 5 सितंबर की उस घर में चोरी की घटना कारित कर फरार हो गये और 9 सितंबर की रात चोरी किये गए आभूषणों को अशोका इंटर स्कूल फिल्ड के पास एक पेड़ के नीचे बटवारा कर रहे थे इसी क्रम में पुलिस ने पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि आवश्यक कार्रवाई के उपरांत गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पकड़े गए विधि विरुद्ध किशोर को निरूद्ध कर बाल सुधार गृह भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष विकास कुमार सहित अन्य सशस्त्र बल शामिल थे।

# स्पर्शाघात से धान की सोहनी कर रहे किसान की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मंजुराही गांव के बधार में विद्युत करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान जम्होर थाना क्षेत्र के पटनवां गांव निवासी स्व. सीताराम प्रजापति के पुत्र मृत्युंजय प्रजापति उर्फ मुस्कान के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक मुस्कान कचहरी के समीप ठेला लगाकर चाट-समोसा बेचने का काम करता था। पिछले कुछ वर्षों से वह श्री सीमेंट फैक्ट्री के समीप मकान बनाकर अपने परिवार के साथ रह रहा था और घर के पास ही वह खेती का काम करता था। मंगलवार को वह अपने घर के पीछे स्थित खेत में धान की सोहनी कर रहा था। इस दौरान पहले से टूटकर गिरा विद्युत तार उसे दिखाई नहीं दिया और वह उसकी चपेट में आ गया। स्थानीय लोगों ने देखा तो शोर मचाया और किसी तरह विद्युत तार से अलग किया। इसके बाद आनन-फानन में उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने नब्ज टटोलते ही मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने इस घटना को लेकर विद्युतकर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। साथ ही मृतक के आश्रितों को मुआवजा देने की मांग की है। सूचना पर पहुंची नगर थाना की पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है तो वहीं उसके पैतृक गांव पटनवां में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। मृतक का एक बेटा और एक बेटी है। प्रभारी थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर फहीम आजाद खान ने बताया कि विद्युत स्पर्शाघात से युवक की मौत हुई है। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# सेवा पखवाड़ा के रूप में मनेगा पीएम मोदी का जन्मदिन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर भाजपा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाएगी। इस दौरान महासंपर्क अभियान चलाकर कार्यकर्ता सरकार की योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाएंगे। इसको लेकर भारतीय जनता पार्टी की बैठक जिला कार्यालय में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह चंद्रवंशी एवं संचालन जिला महामंत्री विशाल वैभव टैगोर ने किया। जिलाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह चंद्रवंशी ने बताया कि सेवा पखवाड़ा के दौरान पार्टी का फोकस जन-जन तक केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी पहुंचाने पर होगा। बैठक में बताया गया कि एनडीए का आगामी विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन 11 सितंबर को ओबरा और 12 सितंबर को औरंगाबाद में निर्धारित किया गया है। इसकी तैयारी को लेकर कार्यकर्ताओं ने विशेष रूप से चर्चा की। बैठक के मुख्य अतिथि उत्तराखंड के संगठन महामंत्री अजय राय, त्रिविक्रम नारायण सिंह, राजन कुमार सिंह, अशोक भट्ट, मनोज कुशवाहा, दीनानाथ विश्वकर्मा, गोपाल शरण सिंह, अनिल सिंह, पप्पू अग्रवाल, संजय गुप्ता, मुकेश कुमार सिंह, अनिता सिंह, दीपक, रंजीत कुशवाहा, दीपक कुमार, रेखा पासवान, सतीश कुमार सिंह, अमन कुशवाहा, सीमा गुप्ता, अशोक पांडे, सुमन अग्रवाल, कौशल कुमार पिंटू, धर्मेन्द्र शर्मा, विकास सिंह, बीरेंद्र सिंह, जुलेखा खातून, जितेंद्र गुप्ता, विनोद चंद्रवंशी, पप्पू शर्मा, फिरदौस जमाल, बिकेश सिंह, दीपक कुमार सिंह, मनोज सिंह, अमित गुप्ता, अनूप मिश्रा, प्रवीण गुप्ता, हिमांशु सिंह, मुन्ना अग्रवाल, संजय गुप्ता, विनोद शर्मा, पारस सिंह, सुजीत गुप्ता, सुशील पांडे, संजय मालाकार, रामेश्वर चंद्रवंशी, मनोज शर्मा, रंजन वर्मा, संजय शर्मा, श्याम पाठक, मनीष सिंह, पूजा सिंह सुधा सिंह, आशुतोष मोनू, कमला देवी सहित अन्य मौजूद रहे।

# आपसी लड़ाई में खाया जहरीला पदार्थ

**रफीगंज (नबिटा संवाददाता)।** गया जिले के कोच प्रखंड अंतर्गत दौरमा गांव निवासी कांग्रेस दास की 18 वर्षीय पुत्री निशी कुमारी अपने पति से मोबाइल पर झगड़ा कर जहरीले पदार्थ खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर स्थानीय लोगों द्वारा उसे रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉ. संतोष कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार कर बेहतर उपचार हेतु सदर अस्पताल, औरंगाबाद रेफर कर दिया गया। पीड़िता की मां ने बताया कि कुछ साल पूर्व गोह थाना क्षेत्र के दोवाल गांव निवासी आनंद कुमार से उसकी शादी हुई थी। आज मोबाइल पर दोनों के बीच तू-तू, मैं-मैं होने के साथ लड़ाई हुआ जिसके बाद उसने जहरीला पदार्थ खा लिया।

# 320 लीटर देसी महुआ शराब व चार पहिया वाहन जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार को 10:30 बजे भदवा-हरिहरगंज के समीप आल्टो कार से 320 लीटर शराब जब्त किया है। रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि एक चार पहिया वाहन पर भदवा में शराब लाया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा टीम गठित कर छापेमारी की गयी। छापेमारी के क्रम में पुलिस को देख शराब तस्कर पहले ही गाड़ी रोक कर भागने लगा। पुलिस बल द्वारा पकड़ने की कोशिश की गई लेकिन रात्रि का फायदा उठाकर तस्कर भागने में सफल हो गया। गाड़ी की विधिवत तलाशी ली गई तो कुल 320 लीटर देसी महुआ शराब बरामद हुआ। इस मामले में एसआई राम भूषण शर्मा के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज की कर पुलिस द्वारा अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। इस छापेमारी दल में बवनजीत कुमार, संजय कुमार, प्रकाश कुमार, लवली आनंद सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

# लोक अदालत में अधिकाधिक मामलों का कराएं निपटारा : विश्व विभूति गुप्ता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर कई स्तर पर बैठक की गयी है। इन बैठकों में निष्पादित होने वाले वादों एवं लोक अदालत के दिन गठित होने वाले बेंचों को लेकर चर्चा की गयी। इसके अतिरिक्त विभिन्न विभागों बैंको से भी कई माध्यमों से समन्वय स्थापित कर लोक अदालत की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी कड़ी में सबसे पहले बैंक से जुड़े मामलें को ग्रामीण स्तर तक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रथ को रवाना किया गया। इसके बाद खनन विभाग से जुड़े मामलों का निस्तारण हेतु प्रभारी जिला जज विश्व विभूति गुप्ता के प्रकोष्ठ में खनन विभाग के पदाधिकारीयों के साथ बैठक किया गया और लोक अदालत के दिन पदाधिकारी की उपस्थिति सुनिश्चित करने के साथ-साथ उन्हे वाद की सूचि साथ रखने का निर्देश दिया गया ताकि उक्त तिथि को कोई समस्या उत्पन्न ना हो। इसी कडी में दूसरी बैठक सभी न्यायिक पदाधिकारियों के साथ प्रभारी जिला जज के द्वारा किया गया जिसमें लोक अदालत की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा करते हुए वाद से संबंधित सूची एवं अबतक की कारवाई की समीक्षा किया गया, साथ ही लोक अदालत में गठित होने वाले बेंचों के संबंध में विचार विमर्श कर अंतिम रूप दिया गया एवं संबंधित पदाधिकारियों एवं न्यायिक पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि लोक अदालत में वाद का निस्तारण में काई समस्या न हो एवं लोगों को उनका वाद निस्तारण कराने में सहूलियत हो इस हेतु आवश्यक दिशा निर्देश अपने स्तर से सभी न्यायिक पदाधिकारी अपने अपने कार्यालय कर्मी को आवश्यक रूप से दे और अधिक से अधिक वाद का निस्तारण कराएं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# ग्रामीण बैंक के जागरुकता रथ को प्रभारी जिला जज ने किया रवाना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** आगामी 13 सितंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर प्रभारी जिला जज विश्व विभूति गुप्ता द्वारा व्यवहार न्यायालय परिसर से बिहार ग्रामीण बैंक से संबधित जागरूकता वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के सुदरवर्ती क्षेत्रों के लोगों को जागरूक करेगा। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल सहित कई न्यायिक पदाधिकारीगण मौजूद थे। प्रभारी जिला जज ने बताया कि 13 सितंबर को आयोजित होने वाले लोक अदालत का फायदा न सिर्फ शहर एवं कस्बों को मिले बल्कि जिले के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों तक पहुंचे। इस उद्देश्य के लिए यह जागरूकता रथ कारगार साबित होगा। प्रभारी जिला जज ने कहा कि इस लोक अदालत के माध्यम से सभी शमनीय वादों का निस्तारण एवं बैंक से संबधित वादों का निस्तारण निश्चित किया गया है। उन्होंने जिले वासियों से अपील की है कि लोक अदालत में उपस्थित होकर अपने से संबंधित सुलहनीय वादों का निस्तारण करायें और बैंक से संबंधित जो भी बकाया राशि है जो भी संभव हो उनका निदान किया जायेगा और बैंक के पदाधिकारियों द्वारा पूरा सहयोग किया जायेगा। यह रथ जिले के सभी प्रखंडों के साथ-साथ समस्त ग्रामीण क्षेत्रों तक जायेगा एवं लोगो को हर तरह के सुलहनीय वादों के साथ-साथ बैंक ऋण से सम्बन्धित वादों का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से करने के लिए प्रेरित करेगा। इस अवसर पर बिहार ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक अरविंद कुमार के साथ-साथ अन्य प्रबन्धक उपस्थत रहें। इस अवसर पर उनके द्वारा कहा गया कि समस्त शाखा प्रबंधकों को यह निर्देश दिया गया है कि ऋण वाद से जुड़े मामलों का निस्तारण दिये गये दिशा-निर्देश के तहत करें एवं पक्षकारो को किसी तरह की परेशानी नहीं हो। अगर कोई समस्या हो या पक्षकार को काउन्सेलिंग की आवश्यकता हो तो वे तत्काल उन्हें प्राधिकार के कार्यालय से संपर्क करने अथवा प्राधिकार तक लाने में सहयोग करें। उनके द्वारा बताया गया कि प्राप्त जानकारी के अनुसार विभिन्न ऋण वादों में लगभग पांच हजार से ज्यादा नोटिस पक्षकारो को प्रेषित की गयी है।

बिहार सरकार
वाणिज्य-कर विभाग
बिहार सरकार

माल और सेवा कर अधिनियम (GST Act) के अंतर्गत निबंधित सामान्य करदाता

प्रत्येक महीने के लिए अगले महीने की 11 तारीख तक GSTR-1 दाखिल करें।

QRMP करदाता

प्रत्येक तिमाही के लिए त्रैमास समाप्ति के बाद वाले महीने की 13 तारीख तक GSTR-1 दाखिल करें।



Nil Return वाले करदाता

14409 नम्बर पर SMS के द्वारा GSTR-1 विवरणी अगले महीने की 11 तारीख तक दाखिल करें।

जैसे यदि किसी का GSTIN-10ABCDE1234Z1Z2 है और उन्हें अप्रैल 2025 का NIL GSTR 1 दाखिल करना है तो SMS इस प्रकार लिखेंगे - NIL R1 10ABCDE1234Z1Z2 042025 एवं 14409 नम्बर पर SMS करेंगे।

कृपया ध्यान रखें -
GSTR-1 समय पर दाखिल नहीं करने पर विधिक कार्रवाई की जा सकती है।

हेल्प डेस्क नम्बर
0612-2233512, 2233513
2233514, 2233515 2233516

राज्य-कर आयुक्त सह-सचिव
वाणिज्य-कर विभाग, बिहार पटना

PR No.- 013573 (Commercial Tax)D. 2025-26